खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें :→ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 03 अगस्त 2023 । वर्ष –67 । अंक –269 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ गुजरात मॉडल को ... ■ लोकसभा की ओर ... 04
■ यूक्रेन पर रुस की दोतरफा मार ■ सिंगापुर में भारतीय मूल के मंत्री की सैलरी... 09
■ फिच के अमेरिकी झटके से हिला भारतीय शेयर ... ■ टमाटर की कीमतों में फिर उबाल... 11
■ स्लो ओवर रेट के कारण.. ■ पाकिस्तान जा सकती... 10

## पिपलियामंडी और अगर मालवा में शिवराज के रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब

### तीन किलो मीटर लंबे जनदर्शन में जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान बुधवार को मंदसौर जिले की नगर परिषद पिपलियामंडी में विकास पर्व के अंतर्गत रोड शो में शामिल हुए। रोड शो में मुख्यमंत्री श्री चौहान की एक झलक पाने के लिए विशाल जन-समुदाय उमड़ पड़ा।

नगर एवं क्षेत्र की आम जनता ने घरों की छत, मुण्डेर एवं सड़क के दोनों ओर कतारबद्ध होकर पुष्प-वर्षा और फूल मालाओं से मुख्यमंत्री श्री चौहान का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी पोरवाल धर्मशाला के सामने मुख्य मार्ग पर स्थापित राजा टोडरमल की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान के रोड शो के दौरान लाड़ली बहनों ने प्यारे भईया एवं लाड़ली भांजियों ने प्यारे मामा के स्वागत में पुष्प-वर्षा की। क्या छोटे, क्या बड़े, सभी अपने प्रिय मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए पलक-पावड़े बिछाये हुए थे। गलियों एवं चौराहों पर उमड़े अपार जनसमूह ने मुख्यमंत्री का मुख्यमंत्री जिंदाबाद, प्यारे भईया, प्यारे मामा, जिंदाबाद जैसे नारों से स्वागत किया। लाड़ली बहनें धन्यवाद की तख्तियां लिए फूल बरसा रही थीं। रोड शो में जिला प्रभारी तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग,जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण तथा मत्स्य-विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक दिलीप सिंह परिहार और अन्य जन-प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## सार संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती रैली 20 से 26 अगस्त तक भोपाल में

**भोपाल, देशबन्धु।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 20 से 26 अगस्त 2023 तक लाल परेड मैदान, भोपाल में मध्यप्रदेश के 9 जिलों भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड्समेंन भर्ती रैली की जा रही है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की भी सेना भर्ती रैली का साथ में की जा रही है। लाल परेड मैदान में हो रही अग्निवीर भर्ती रैली में 20 से 25 अगस्त तकअग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा 26 अगस्त को सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग, सहायक पशु चिकित्सा की भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा सेना द्वारा अप्रैल 2023 में ली गई ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र उनकी ई–मेल पर भेजा जा चुका है। रैली भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि के एक दिन पहले विश्राम स्थली में रात्रि 11 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा।

### सूचना

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर**
epaper.deshbandhump.com
**वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**




**चूहा-सुनती हो**-हरियाणा में हिंसा की आग भी अब दूसरे जिलों और प्रदेशों में पहुंच रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- जब तक सद्भाव का ठंडा पानी इस आग पर नहीं पड़ेगा तब तक हालात कैस संभलेंगे ?

### राष्ट्रपति आज मध्यप्रदेश में

## आज भोपाल में 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव का शुभारंभ करेंगी



**36 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 800 कलाकार सतरंगी छटा बिखेरेंगे।**





**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एक दिवसीय प्रवास पर 3 अगस्त को भोपाल आ रही हैं। वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी और सायं नई दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 3 अगस्त गुरुवार को सुबह 11:30 बजे भोपाल में रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में 'उत्कर्ष' और उन्मेष उत्सव का शुभारंभ करेंगी।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी द्वारा संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से भोपाल में पहली बार 3 से 5 अगस्त तक भारत की लोक एवं जनजाति अभिव्यक्तियों के राष्ट्रीय उत्सव 'उत्कर्ष' एवं 'उन्मेष' का आयोजन हो रहा है। उत्कर्ष उत्सव में देश के 36 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 800 कलाकार लोक एवं जनजातीय प्रदर्शन कलाओं की सतरंगी छटा बिखेरेंगे।

### एशिया का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मेलन है उन्मेष

उन्मेष उत्सव एशिया का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मेलन है। इसमें बहुभाषी कविता पाठ, लेखन पाठ, आदिवासी कवि सम्मेलन, साहित्य के विषयों पर परिचर्चा, आजादी का अमृत महोत्सव पर कविता पाठ और साहित्य के उत्थान संबंधी विभिन्न विषय पर प्रबुद्धजन द्वारा विमर्श किया जाएगा। साथ ही पुस्तक मेला में साहित्य अकादमी और अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें बिक्री के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। उत्सव के दौरान साहित्य अकादमी द्वारा प्रख्यात लेखकों पर बनी डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जायेगी।

## मणिपुर मुद्दे में राष्ट्रपति से मिले विपक्षी दलों के नेता

### प्रतिनिधिमंडल में 31 दलों के नेता थे शामिल

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** नवगठित 'इंडिया'सांसदों के दो दिवसीय मणिपुर दौरे से लौटने के बाद बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में विपक्ष के 31 सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें राज्य के हालात की जानकारी दी और एक ज्ञापन भी सौंपा।

सभी नेताओं ने एक स्वर में मणिपुर मामले में राष्ट्रपति से दखल देने की अपील की। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहाकि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के 31 सांसदो ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की।

इस दौरान मणिपुर का दौरा करने वाले 21 सांसदो ने राष्ट्रपति को बताया कि राज्य में किस तरह की घटनाएं हो रही हैं और कैसे हालात हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों ने राष्ट्रपति को विशेष रूप से मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार, पुनर्वास कार्य और अन्य स्थितियों के बारे में जानकारी दी।

सांसदो ने राष्ट्रपति को जानकारी दी कि हिंसा प्रभावित इलाकों में लोगों के पास खाना और पानी का अभाव है। बीमार लोगों के लिए इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। खड़गे ने कहाकि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि वे इसे जरूर देखेंगी। इसके अलावा ज्ञापन के माध्यम से 'इंडिया' के सांसदो ने मांग किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूबे का दौरा करें और वहां शांति बहाली के लिए जरूरी कदम उठाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मणिपुर की घटना पर सरकार संसद में चर्चा कराने से बच रही है। विपक्ष को संसद में सम्मान नहीं दिया जा रहा है। कई बार खुद उनका माइक बंद कर दिया गया।

## पुलिस सबकी सुरक्षा नहीं कर सकती : खट्टर



**चण्डीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि हर व्यक्ति की सुरक्षा पुलिस नहीं कर सकती। 20 अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है ताकि राज्य में कोई गैरकानूनी गतिविधि न हो और शांति बनी रहे।

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा में 6 लोगों की जान चली गई है और कई जगह आगजनी से बड़ा नुकसान हुआ है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर हालात की जानकारी दी है और लोगों को आश्वासन दिया कि उन्हें उनके नुकसान का मुआवजा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार दंगाइयों से नुकसान की भरपाई कराएगी।

उन्होंने अर्धसैनिक बलों की तैनाती के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आप कहीं भी चले जाइए, दुनिया में किसी भी देश में चले जाइए, हर व्यक्ति की सुरक्षा पुलिस के द्वारा करना संभव नहीं हो सकता है। हरियाणा की 2.70 करोड़ आबादी है, हमारी पुलिस कितनी है 60 हजार, 50 हजार। हम वातावरण बनाएंगे।

### इनने हाथ खड़े किये

## प्रधानमंत्री को नहीं दे सकता सदन में हाजिर रहने के निर्देश : धनखड़

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में हंगामे के दौरान चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने कहा कि किसी भी अन्य सांसद की तरह सदन में आना प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है।

मणिपुर में हिंसा को लेकर संसद के दोनों सदनों में हंगामा जारी है। विपक्ष लगातार इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सदन में बयान की मांग कर रहा है। बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों में इस विषय पर हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा में इस हंगामे के दौरान धनखड़ ने कहा कि- वह पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में रहने का निर्देश नहीं दे सकते और न ही देंगे क्योंकि किसी भी अन्य सांसद की तरह सदन में आना प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है। इसके बाद विपक्ष के नेताओं ने संसद से वॉक आउट कर दिया। चेयरमैन ने कहा कि उन्हें नियम 267 के तहत 58 नोटिस मिले थे, जो मणिपुर में हिंसा और अशांति पर अध्यक्ष की सहमति से किसी मुद्दे पर चर्चा की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि ये नोटिस इसलिए स्वीकार नहीं किए गए क्योंकि उन्होंने पहले ही 20 जुलाई को नियम 167 के तहत इस मुद्दे पर अल्पकालिक चर्चा की मांग मान ली गई थी।



## नूंह की आंच फरीदाबाद तक पहुंची

**फरीदाबाद, (एजेंसियां)।** हरियाणा के नूंह में जलाभिषेक यात्रा के दौरान भड़की हिंसा की आग बुधवार को फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में भी पहुंच गई है। रघुवीर कॉलोनी और गांव मंझावली में बने धार्मिक स्थल पर करीब 70 असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया।

पथराव कर एक जगह धार्मिक स्थल के दरवाजे व शीशे तोड़ दिए। दूसरी जगह अंदर रखी धार्मिक किताबें व स्पीकर को चुरा ले गए। इससे गांवों में डर और तनाव का माहौल है। घटना की सूचना के बाद दोनों जगह पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है।

### नफरती भाषणों पर तत्काल कार्रवाई करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा में भड़की हिंसा के मद्देनजर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से आयोजित रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने उस आदेश का पालन सुनिश्चित करने का उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकारों को बुधवार को निर्देश दिया, जिसमें समाज में नफरत फैलाने वाले भाषण तथा बयानों के अलावा सांप्रदायिक हिंसा रोकने के लिए स्वतः संज्ञान कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिये हैं।



### राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब, कहा–

## कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ, मुझे अधिकतम सजा दी गई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी ने बुधवार यानी 2 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से मना करने पर मुझे अहंकारी कहा गया। ये निंदनीय है। राहुल ने आगे कहा कि मानहानि केस में उन्हें अधिकतम सजा दी गई है। इसके चलते संसद सदस्यता चली गई। पूर्णेश मोदी खुद मूल रूप से मोदी समाज के नहीं हैं। ऐसे में उन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए।

दरअसल, 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार और सूरत के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी को मामले में जवाब देने के लिए कहा था। इस पर पूर्णेश मोदी ने कोर्ट में 21 पेज का हलफनामा दायर करते हुए कहा कि मोदी सरनेम केस में राहुल का रवैया अहंकारी है।

उनकी याचिका खारिज कर देनी चाहिए। राहुल गांधी ने 2019 में मोदी सरनेम को लेकर एक बयान दिया था। इसके खिलाफ भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में सूरत कोर्ट ने राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी सांसदी चली गई थी। अगली सुनवाई कल 4 अगस्त को होगी।







### वेदना | नूंह हिंसा में मारे गए जवान नीरज के पिता का छलका दर्द

## मैंने करगिल युद्ध लड़ा और मेरा बेटा दंगाईयों के हाथ मारा गया

**मेवात।** हरियाणा के मेवात-नूंह में सोमवार को हुई हिंसा में अब तक दो होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो चुकी है। होमगार्ड नीरज ने भी इस हिंसा में अपनी जान गंवा दी। नीरज का परिवार गुरुग्राम के गढ़ी बाजिदपुर में रहता है। यह हिंदू बहुल गांव है, जहां 50 मुस्लिम परिवार भी रहते हैं। नीरज के परिजनों ने कहा है कि उनके गांव में लोग हमेशा शांति और सद्भाव से साथ रहे हैं। उन्होंने कभी ऐसी हिंसा के बारे में सोचा भी नहीं था।

नीरज का पूरा परिवार डिफेंस और होमगार्ड की पृष्ठभूमि से आता है। नीरज के पिता भावुक होते हुए कहा कि- मैंने देश के लिए सेवा की, मैंने करगिल में लड़ाई लड़ी है, मुझे गर्व है कि मेरा बेटा कर्तव्य निभाते हुए शहीद हो गया लेकिन यह भी दुख है कि वह दंगाईयों के हाथ मारा गया। नीरज के पिता ने कहा, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले लोग गलत हैं, कोई भी धर्म ऐसा नहीं कहता। मैं अपने पोते-पोतियों को भी देश की सेवा के लिए



भेजूंगा। वहीं, नीरज की पत्नी ने कहा, मैं सरकार से अपील करती हूं कि दोनों समुदाय के बीच की इस लड़ाई को रोके। मैं नहीं चाहती कि मेरी तरह और कोई भी बहन विधवा हो और किसी के बेटे अपने पिता को खोएं

**हिंसा में शक्ति की भी हुई मौत**- इस हिंसा में मारे गए चार नागरिकों में एक नाम शक्ति का भी है। शक्ति नूंह से 18 किलोमीटर दूर भादस गांव का रहने वाला था। इस गांव में हिंदुओं की आबादी सिर्फ 2 प्रतिशत है। लेकिन यहां अब तक कभी हिंसा या बवाल नहीं हुआ था। शक्ति के परिवार के मुताबिक, शक्ति बड़कल इलाके में मिठाई की शॉप पर काम करता था।

साथ ही राजमिस्त्री का काम करता था। हिंसा बड़कल इलाके से शुरू हुई तो शक्ति घर पर आ गया था। हिंसा के बाद गांव के सभी हिंदू परिवार डरे हुए थे, तभी जानकारी मिली की गांव के बड़े गुरुकुल (आश्रम) पर दंगाइयों ने हमला बोला है। जानकारी मिलने पर शक्ति उसी तरफ चला गया, और उसके बाद घर नहीं लौटा।

इसके बाद परिवार को जानकारी मिली कि उसकी लाश सड़क पर मिली थी। शक्ति के सिर पर पीछे से किसी भारी चीज से हमला किया गया था। बताया जा रहा है कि 300-400 की भीड़ ने गुरुकुल पर हमला किया था।

# देश-विदेश

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में दो आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। उनकी पहचान बंगला बाग बारामूला निवासी फैसल मजीद गनी और बाग-ए-इस्लाम ओल्ड टाउन बारामूला निवासी नूरुल कामरान गनी के रूप में हुई है।

### 'जी-20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' में बोले मोदी

## महिलाएं समृद्ध, तो दुनिया समृद्ध होती है

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए वित्त और विश्व बाजारों तथा आपूर्ति श्रृंखला तक पहुंच बनाने के आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि जब जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है। श्री मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में 'महिला सशक्तिकरण पर जी-20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' को संबोधित करते हुए एक स्तरीय मंच बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जहां उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाएं आदर्श बन जाएं। उन्होंने कहा कि उन बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए जो बाजारों, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और किफायती वित्त तक उनकी पहुंच को रोकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के देखभाल और घरेलू काम के बोझ को एक ही समय में उचित रूप से समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत, 'महिला सशक्तिकरण' पर एक नया कार्य समूह स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कह कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है। उनका आर्थिक सशक्तिकरण विकास को बढ़ावा देता है और शिक्षा तक उनकी पहुंच वैश्विक प्रगति को गति देती है। उन्होंने कहा कि उनका नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाज सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म. प्र.)

क्रमांक/106/वाहन विभाग/2023-24 कटनी, दिनांक - 27/07/2023

तृतीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ट्रांसपोटर्स एजेंट/गाड़ी मालिकों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत शर्तें आदि वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_295611_1 31/07/2023 | हाईवा वाहन / डम्फर वाहन/ 709 मिनी ट्रक वाहन | 1. 30 दिवस 2. रू. 1.50.000 | 1- रू. 2000 2- रू. 3000 | 08/08/2023 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**प्र. अधिकारी वाहन वास्ते-आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, कटनी**

### कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. 07582-220840 ईमेल आईडी. cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं-16/2023-24 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 27.07.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | निविदा आमंत्रण क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 2023_PWDRB_294724_1 | प्रथम आमंत्रण | जतारा से रानीगंज तिगैला एन.एच. 539 लं. 29.24 कि.मी. का कार्य मय विद्युतीकरण सहित (सिविल कार्य की पी.ए.सी. 3454.51 लाख एवं विद्युत कार्य की पी.ए.सी. 96.25 लाख)। | टीकमगढ़ | 3550.76 | 1775380.00 | 50000.00 | 18 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 28.07.2023 समय 10.30 बजे से दिनांक 16.08.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-17642/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

**मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक -1 बालाघाट (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रं. 27/व.ले.लि./2023-24 बालाघाट, दिनांक 21.07.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रं. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2023_PWDRB_293363 | बालाघाट | इतवारी बाजार बालाघाट में पार्किंग जोन का निर्माण (भाग-1 और भाग-2) | प्रथम आमंत्रण | 136.10 | 136100.00 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर |
| 2. | 2023_PWDRB_293365 | बालाघाट | सी.सी. का निर्माण देवरीटोला से ददिया रोड तक सड़क लंबाई-1.25 किमी. भाग-1 देवरीटोला से भागवत मर्सकोले खेत कि.मी. 8/2=650 मी. भाग-2 कि.मी. 8/2 भागवत मार्सकोले के खेत से कोमल बोंदरे के खेत तक =600 | प्रथम आमंत्रण | 134.76 | 134760.00 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर |
| 3. | 2023_PWDRB_293367 | बालाघाट | 1. मेन रोड से मेहरा तालाब एप्रोच रोड तक का निर्माण कार्य लंबाई 200.00 मी. 2.रेन बसेरा से आंगनवाड़ी सीसी रोड तक का निर्माण कार्य लंबाई -320.00 मी. | प्रथम आमंत्रण | 91.51 | 91510.00 | 10000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु छोड़कर |
| 4. | 2023_PWDRB_293370 | बालाघाट | 1. खापा से बोदलकसा मार्ग (एप्रोच मार्ग खापा) (अनाज उपार्जन केन्द्र खापा केम्प नं. 2 से बोदलकसा तक) प्रस्तावित लंबाई 1.00 कि.मी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (भाग-प्रथम) 2. खापा से बोदलकसा रोड (एप्रोच मार्ग खापा) (अनाज उपार्जन केन्द्र खापा केम्प नं. 2 से बोदलकसा तक) प्रस्तावित लंबाई 1.25 कि.मी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (भाग- द्वितीय) | द्वितीय आमंत्रण | 113.67 | 113670.00 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर |
| 5. | 2023_PWDRB_293373 | बालाघाट | 1. नवेगांव (ख) से डोंगरिया मार्ग (नवेगांव (ख) से आवासटोली तक) प्रस्तावित लंबाई-1.20 किमी. का निर्माण कार्य। (भाग प्रथम) 2. नवेगांव (ख) से डोंगरिया मार्ग (आवासटोली से डोंगरिया) प्रस्तावित लंबाई-1.47 कि.मी. का निर्माण कार्य (भाग-द्वितीय) | द्वितीय आमंत्रण | 39.82 | 50000.00 | 5000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर |
| | | | | कुल योग | 515.86 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11/08/2023 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

जी-17655/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

### इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

आंचलिक कार्यालयः प्रथम तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक सतना (म.प्र.)- 485001 फोनः 07672-222336

### मांग सूचना

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा (धारा 13(2)) के अन्तर्गत वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

| क्रं. सं. | ऋणी एवं बंधककर्ता व जमानतदार का नाम एवं पता तथा ऋण खाता नं. | ऋण राशि | बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | मांग सूचना दिनांक | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **ऋणी- 1. मेसर्स कुंजल सिंह एंड कं. (पार्टनरशिप कंर्सन),** नारायण कॉम्पलेक्स रीवा रोड रामपुर बघेलान, जिला- सतना (म.प्र.) **पार्टनर/जमानतदार- 2. निवेन्द्र सिंह पिता श्री सुरेन्द्र सिंह अग्रहोरा,** ग्राम, कटनी रोड, मैहर, जिला- सतना (म.प्र.) **पार्टनर/जमानतदार- 3. श्री असेन्द्र सिंह पिता श्री वीरेन्द्र सिंह,** मकान नं. 244, वार्ड नं. 20, सिन्धी कैम्प, सतना (म.प्र.)- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 4. महेश सिंह पिता कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम- बिहाटा, तहसील- उचेहरा, जिला- सतना (म.प्र.)- 485661 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 5. श्री नरेन्द्र सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम- बिहाटा, तहसील- उचेहरा, जिला- सतना (म.प्र.)- 485661 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 6. श्री वीरेन्द्र सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम- बिहाटा, तहसील- उचेहरा, जिला- सतना (म.प्र.)- 485661 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 7. श्री सुरेन्द्र सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम- बिहाटा, तहसील- उचेहरा, जिला- सतना (म.प्र.)- 485661 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 8. श्री मन सिंह पिता श्री कुंजल सिंह,** 676, बिहाटा, ग्राम- बिहाटा, तहसील- उचेहरा, जिला- सतना (म.प्र.)- 485661 **ऋण खाता संख्या- 50203505089 रामपुर बघेलान शाखा** | Case Credit Rs. 50,00,000/- | Rs. 49,49,894.60 as on 20.05.2023 + Further Interest & Other Charges / 15.05.2023 | 20.05.2023 | अराजी नं. 2069/1 एरिया 0.230 हेक्टे. एवं 2069/3/क एरिया 0.136 हेक्टे. कुल एरिया 0.366 हेक्टे. या 39,422 वर्गफुट भूमि, सम्पत्ति स्थित मौजा- बिहटा, प.ह.नं.- 60, राजस्व निरीक्षक मंडल- उचेहरा, तहसील- उचेहरा, जिला- सतना, सम्पत्ति स्वामी- श्री महेश सिंह, श्री नरेन्द्र सिंह, श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह एवं श्री मन सिंह सभी के पिता श्री कुंजल सिंह। चतुर्सीमाः उत्तर- रामसुजान सिंह की भूमि, दक्षिण- अप्रोच पैसेज या मालिक (स्वयं) के द्वारा बताया गया, पूर्व- स्वयं की ज्वाइंट अराजी या मालिक की अराजी, पश्चिम- शासकीय भूमि पर अन्य का मकान अप्रोच पैसेज के साथ। दृष्टिबंधक सम्पत्तिः दृष्टिबंधक स्टॉक, बुक डिबेट्स एंड वर्तमान सम्पत्ति वर्तमान एवं भविष्य। |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत मांग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

**दिनांकः 02/08/2023** **प्राधिकृत अधिकारी,**
**स्थान- सतना** **इंडियन बैंक, सतना**

### कार्यालय नगर परिषद बरेला, जिला जबलपुर (म.प्र.)

फोन नं.: 0761.2890426, ई-मेलः cmobarela@mpurban.gov.in

क्रमांक-615/PWD/NP/2023 बरेला, दिनांक 31-07-2023

### / / निविदा सूचना / /

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2023_UAD_295849_1 दि 02-07-2023 | DEVELOPMENT OF GREEN SPACES OF I.H.S.D.P COLONY NEW PARK, DIST-JABALPUR UNDER AMRUT 2.0 SCHEME Mound, Plantation, Pipe Fitting, Compound wall, Pathway, Recharge pit, Benches, Kids play area, Park light, Open gym | 9 माह, 16,06,000/- | 2,000/- 12,045/- | 04-09-2023 |

शर्तें- निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बरेला, जिला-जबलपुर**

### इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालयः जय स्तंभ चौक, सतना
फोन नं.: 07672 - 414418, 414406

### विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **"जहाँ है जैसी है एवं बिना कोई आधार के"** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः (1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतना एसएस आईएफ | ऋणी- 1. श्रीमति अमृता धनायक पत्नि श्री मनीष धनायक, वार्ड नं. 44, टिकुरिया टोला, लखन चौक के पास, सतना- 485001 जमानतदार/ बंधककर्ता- 2. श्री मनीष धनायक पिता श्याम शंकर धनायक, वार्ड नं. 44, टिकुरिया टोला, लखन चौक के पास, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग खुला प्लाट सम्पत्ति स्वामी- श्री मनीष धनायक पिता श्री श्याम शंकर धनायक, स्थित खसरा नं. 76/1/1/1/4, एरिया 1500 वर्गफुट, मौजा डिलौरा, प.ह.नं. 78, म्युनिसिपल वार्ड नं. 45, विकास खण्ड सोहावल, आर.आई. सर्किल सतना, तहसील रघुराजनगर, जिला- सतना। चतुर्सीमाः उत्तर- विक्रेता की बची हुई अराजी, दक्षिण- विक्रेता की बची हुई अराजी, पूर्व- 20 फुट चौड़ा प्रस्तावित रास्ता, नाला, पश्चिम- कामता प्रसाद गुप्ता का प्लाट। Property ID No. IDIB50304451038 | 05-09-2022 / 15-03-2023 / Rs. 10,29,238/- + ब्याज 05.09.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 12,15,000/- / Rs. 1,21,500/- / Rs. 25,000/- / दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 2 | न्य कटनी जंक्शन | ऋणी- 1. मेसर्स एम.पी. टेक्नोलॉजी (प्रोप्रा. श्री पवन कुमार चौधरी), शॉप नं. 04, गुरुनानक धरम कांटा के पास, बरगवां, जबलपुर रोड, कटनी (म.प्र.)- 483501 ऋणी/बंधककर्ता- 2. श्री पवन कुमार चौधरी पिता श्री भरत लाल, तिलक कॉलेज रोड, रफी अहमद किदवई वार्ड, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.)- 483501 जमानतदार- 3. श्री भरत लाल, तिलक कॉलेज रोड, रफी अहमद किदवई वार्ड, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.)- 483501 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग डायवर्टेड भूमि सम्पत्ति स्वामी श्री पवन कुमार चौधरी पिता श्री भरत लाल, स्थित खसरा नं. 1511/डी, एरिया 1500 वर्गफुट स्थित मौजा- मुड़वारा, प.ह.नं. 42, राम कृषण परम हंस वार्ड 34, (निर्मल धाम सहयोग ध्यान केन्द्र के बाद), तहसील- मुड़वारा, रा.नि.मं. मुड़वारा, जिला- कटनी। चतुर्सीमाः उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- 20 फुट प्रस्तावित रोड, पूर्व- 20 फुट प्रस्तावित रोड, पश्चिम- विक्रेता की भूमि। Property ID No. IDIB50414902281 | 06-09-2022 / 07-11-2022 / Rs. 14,72,877/- + ब्याज 06.09.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 9,00,000/- / Rs. 90,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 3 | कटनी मुख्य | ऋणी- 1. मेसर्स मनीष ट्रेडर्स (प्रोप्रा. स्व. श्री चांदीराम तनवानी), पताः रघुनाथ गंज, मुड़वारा, कटनी- 483501 जमानतदार- 2. श्री संजय कुमार तनवानी पिता स्व. श्री चांदीराम तनवानी, पंजाबी गुरूद्वारा के पास, बरही रोड, तनवानी कम्पाउण्ड, मुड़वारा, कटनी- 483501 जमानतदार- 3. श्री राकेश कुमार तनवानी पिता स्व. श्री चांदीराम तनवानी, पंजाबी गुरूद्वारा के पास, बरही रोड, तनवानी कम्पाउण्ड, मुड़वारा, कटनी- 483501 4. जागीर स्व. श्री चांदीराम तनवानी (प्रोप्रा. मेसर्स मनीष ट्रेडर्स) के माध्यम से प्रतिनिधित्व ज्ञात विधिक उत्तराधिकारी- (अ) श्रीमति कान्ता तनवानी (पत्नि), (ब) श्री राकेश कुमार तनवानी (पुत्र), (स) श्री संजय कुमार तनवानी (पुत्र) | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय मकान, सम्पत्ति स्वामी स्व. श्री चांदीराम तनवानी, स्थित तनवानी बाड़ा, मकान नं. 83(1/ 2), वल्लभ भाई पटेल वार्ड, न्यू गुरू नानक वार्ड नं. 22, सर्वे नं. 1367/17, 1368/19, 1369/15 एवं 1370/14 वर्तमान भाग म.नं. 83, एरिया 675 वर्गफुट, न.बं. 493, प.ह.नं. 45/2 (नया 43)। चतुर्सीमाः उत्तर- रेवाचंद तनवानी का मकान, दक्षिण- अर्जुनदास तनवानी का मकान, पूर्व- रेल्वे लाईन, पश्चिम- आम रास्ता बाद में असुदामल का मकान। Property ID No. IDIB50054423465 | 07-11-2022 / 16-03-2023 / Rs. 30,77,430/- + ब्याज 07.11.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 42,00,000/- / Rs. 4,20,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 4 | कटनी मुड़वारा | ऋणी- 1.मेसर्स प्रबल फार्मा (प्रोप्रा. श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी), गंगा प्लायवुड के पीछे, प्रथम तल, हीरागंज, कटनी प्रोप्राइटर/ बंधककर्ता- 2. श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी पिता लक्ष्मण सिंह, मकान नं. 526, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 03, कुठला, जिला- कटनी | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्री जितेन्द्र सिंह तिवारी पिता श्री लक्ष्मण सिंह तिवारी, स्थित कुठला, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 3, पटवारी हल्का नं. 40/50, न.बं. 363, खसरा नं. 84/48, एरिया- 616 वर्गफुट, कटनी। चतुर्सीमाः उत्तर- रास्ता, दक्षिण- डॉ. जैन का मकान, पूर्व- प्रस्तावित कच्चा रास्ता, पश्चिम- श्री लक्ष्मण सिंह तिवारी का मकान। Property ID No. IDIB50437430730 | 07-12-2020 / 01-03-2021 / Rs. 21,16,176/- + ब्याज 07.12.2020 से एवं अन्य खर्च | Rs. 26,84,000/- / Rs. 2,68,400/- / Rs. 25,000/- / दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 5 | अमरपाटन | ऋणी- 1. मेसर्स एस. कुमार फ्लाय एश ब्रिक्स (प्रतिनिधित्व प्रोपाइटर श्री संदीप चतुर्वेदी) पता- छोरखरी, पोस्ट- ओबरा, अमरपाटन, सतना 2. श्री संदीप चतुर्वेदी (प्रोप्राइटर मेसर्स एस. कुमार फ्लाय एस ब्रिक्स) पिता श्री राज कुमार चतुर्वेदी, पता- छोरखरी, पोस्ट- ओबरा, अमरपाटन, सतना जमानतदार एवं बंधककर्ता- 3. श्रीमति गीता चतुर्वेदी पत्नि श्री राजकुमार चतुर्वेदी, पता- छोरखरी, पोस्ट- ओबरा, अमरपाटन, सतना | सम्पत्ति क्र. 1- सम्पत्ति के सभी भू- भाग कमर्शियल भूमि एवं उस पर निर्मित जो कि श्रीमति गीता चतुर्वेदी पत्नि श्री राजकुमार चतुर्वेदी के स्वामित्व की है, एरिया 15823 वर्गफुट (0.147 हेक्टेयर) स्थित आराजी नं. 3/1/अंगा/1, ग्राम काटियाखुर्द, तहसील मैहर, जिला सतना (म.प्र.) ऋण पुस्तिका नं. L/K819262, खरीदी डीड नं. 653, दि. 30/07/2015, चतुर्सीमाः उत्तर- कच्चा दर्रा (रोड), दक्षिण- कन्हैयालाल एवं अन्य की भूमि, पूर्व- स्वामीदीन पटेल एवं अन्य की भूमि, पश्चिम- रामअवतार एवं अन्य की भूमि। Property ID No. IDIB50356381806 | 29-10-2018 / 07-01-2019 / Rs. 34,25,085/- + ब्याज 29.10.2018 से एवं अन्य खर्च | Rs. 17,50,000/- / Rs. 1,75,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 07-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | सम्पत्ति क्र. 2- सम्पत्ति के सभी भू- भाग आवासीय खुली भूमि जो कि श्रीमति गीता चतुर्वेदी पत्नि श्री राजकुमार चतुर्वेदी के स्वामित्व की है, एरिया 1875 वर्गफुट, (डायमेंशन पूर्व-पश्चिम 25 फुट, उत्तर- दक्षिण- 75 फुट) एवं 1000 वर्गफुट (डायमेंशन पूर्व- पश्चिम 20 फुट, उत्तर- दक्षिण- 50 फुट) कुल एरिया 2875 वर्गफुट (0.026 हेक्टेयर) स्थित अराजी नं. 273/2/क/2, ग्राम उमराही बिहारीराम, तहसील अमरपाटन, जिला सतना (म.प्र.) ऋण पुस्तिका नं. L/K511763, खरीदी डीड नं. 1112 दि. 29/11/2011, **चतुर्सीमाः** उत्तर- मिश्रा जी का प्लाट, दक्षिण- सतना अमरपाटन रोड, पूर्व- समयलाल पाण्डे का मकान, पश्चिम- साधूलाल पाण्डे। Property ID No. IDIB50356383224[1] | | Rs. 32,30,000/- / Rs. 3,23,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 07-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- क्र.सं. 1 से 4 के लिए- 23/08/2023, क्र.सं. 5 के लिए- 07/09/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक, ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

**दिनांकः 03/08/2023, स्थान- सतना** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

# देश-प्रदेश

उवाच


## प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी



**भोपाल,देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण में 332 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों के कारण आज प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 40 हजार रुपए से अधिक है। प्रदेश में सवा करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। यह सब विकास कार्यों और गरीब कल्याण योजनाओं का परिणाम है। वहीं नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिदिन प्रदेश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं।

# मप्र के कर्मचारियों को 35 साल की सेवा पर मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमान

## दो से लेकर दस हजार रुपये का लाभ



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में नियमित कर्मचारियों के हित में शिवराज सरकार ने मंगलवार को बड़ा निर्णय लिया। अब 35 साल की सेवा पूरी करने पर कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाएगा। इसका लाभ वेतन, महंगाई भत्ते और पेंशन में होगा। एक जुलाई 2023 से यह समयमान वेतन स्वीकृत किया गया है। इससे शासन पर 250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस व्यवस्था को लागू करने सभी विभागों के समान संवर्गों के लिए सुनिश्चित करियर प्रोन्नयन योजना लागू करने की स्वीकृति दी गई। चतुर्थ समयमान वेतनमान मिलने से कर्मचारियों को दो से लेकर दस हजार रुपये तक लाभ होगा। प्रथम श्रेणी अधिकारियों को आठ से दस हजार, द्वितीय श्रेणी में छह से आठ हजार, तृतीय श्रेणी में दो से चार हजार और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दो हजार रुपये तक लाभ होगा। पेंशन में भी कर्मचारियों का चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ मिलेगा। प्रदेश में अभी तक कर्मचारियों को तृतीय समयमान वेतनमान की पात्रता थी, जबकि राज्य प्रशासनिक और वित्त सेवा के अधिकारियों को पांचवां समयमान वेतनमान दिया जा रहा है।

राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को पांचवां समयमान वेतनमान देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह की है। इसी कड़ी में सरकार ने कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान देने का निर्णय लिया है। कैबिनेट ने इसके अलावा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए 20 प्रतिशत भूखंड का आरक्षण, भू-भाटक और विकास शुल्क में 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया। मुद्रा योजना की पूर्व से मौजूद इकाइयों, जिनका एक सितंबर 2022 के बाद नवीनीकरण किया जा रहा है, उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ मिलेगा।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्री परिषद की बैठक में अनेक निर्णय

### खिरकिया, नारायणगंज, खड्डी और डिंडौरी में खुलेंगे कॉलेज

बैठक में डिंडौरी, नारायणगंज मंडला, खिरकिया हरदा और खड्डी सीधी में नए कालेज खुलेंगे। साथ ही सतना के ताला में वाणिज्य और रामनगर में विज्ञान एवं वाणिज्य, रायसेन के सिलवानी में विज्ञान संकाय प्रारंभ किया जाएगा। इसी तरह ताला कालेज में संस्कृत, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, न्यू रामनगर सतना कालेज में अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास और अमरपाटन कालेज में कंप्यूटर साइंस विषय प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई। छह कालेजों में स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन विषय प्रारंभ करने के लिए 341 पदों के सृजन सहित अन्य व्यय के लिए 78 करोड़ 35 लाख रुपये की स्वीकृत किए गए। सीहोरा, कैमोर, बिजावर, जैरोन, रामपुर नैकिन और तिलगारा में नई आइटीआइ की स्थापना के साथ नर्मदापुरम के पालीटेक्निक में सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति दी गई।


### युवाओं को मिलेगी कला प्रशिक्षण फैलोशिप



गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि परंपरागत एवं जनजातीय लोक कला को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय के माध्यम से प्रदेश के एक हजार युवाओं को तीन महीने के लिए कला प्रशिक्षण फैलोशिप दी जाएगी। इसमें दस हजार रुपये दिए जाएंगे। बैठक में नर्मदापुरम जिले में शिवपुर और सीधी जिले में मड़वास नई तहसील बनाने की स्वीकृति दी। इसके लिए तहसीलदार सहित कुल 34 पद स्वीकृत किए गए। दूरसंचार की सुगमता एवं विस्तार दिशा-निर्देश 2023 का भी अनुमोदन किया। इसमें यह प्रविधान किया है कि सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति पर स्थापित मौजूदा दूरसंचार अवसंरचना स्थल पर कोई व्यक्ति या एजेंसी खोदाई या खनन कार्य करता है, तो सामान्य पोर्टल के माध्यम से संबंधित अनुज्ञप्तिधारी को सूचित करेगा।

## गृहमंत्री शाह ने कहा, विरोध का कोई आधार नहीं

# दिल्ली अध्यादेश बिल लोकसभा में पेश







- अधीर रंजन ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया
- सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की है कोशिश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इस पर सदन में विपक्षी नेताओं ने हंगामा किया और शेम-शेम के नारे लगाए।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बोले- ये बिल संविधान का उल्लंघन है, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश है।

अमित शाह ने कहा कि संविधान, संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। बिल के खिलाफ जो बयान दिए जा रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक हैं, उनका कोई आधार नहीं है। इस बिल का नाम गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) बिल 2023 है। इसे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पेश किया।

### बीजेडी-वाईएसआरसीपी का मिला समर्थन

बीजेडी ने दिल्ली सर्विस बिल पर सरकार का समर्थन करने की बात कही है। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि पार्टी इस बिल पर सरकार के साथ है। वाईएसआरसीपी ने भी इस बिल पर सरकार को समर्थन की बात कही है।

### विधेयक के पक्ष में क्या है आंकड़ा

लोकसभा में अकेले भाजपा बहुमत में है। 543 सदस्यीय सदन में उसके अकेले 301 सदस्य हैं। और एनडीए सहित आंकड़ा 333 है। लेकिन राज्यसभा में एनडीए अल्पमत में है। वहां भाजपा के 93 सदस्यों को जोड़कर एनडीए के सदस्यों की संख्या 105 ही है। पांच मनोनीत और दो निर्दल सांसदों को भी जोड़ दिया जाय तो यह संख्या 112 हो जाएगी। बावजूद यह आंकड़ा बहुमत से आठ कम है।

239 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए कुल 120 सासदों की जरूरत होगी। लेकिन बीजद और वाईएसआर कांग्रेस के नौ-नौ सदस्यों के समर्थन के चलते यह आंकड़ा 130 हो जाएगा और विधेयक को लेकर सरकार की राह आसान हो जाएगी।

## लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए मोदी



### कार्यक्रम में शरद पवार की उपस्थिति से विपक्षी दलों के माथे पर बल

**पुणे।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की 103वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री मोदी ने यहां एसपी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की मौजूदगी में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे लोकमान्य तिलक का पुरस्कार मिला, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया।

## राहुल का सत्तारूढ़ दल पर बड़ा आरोप

# भाजपा ने देश में नफरत का केरोसिन फैलाया

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए विपक्ष अब तेजी से लामबंद हो रहा है। इसके चलते सत्तारूढ़ दल पर विपक्ष के हमले भी तेज होते जा रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगते हुए कहाकि सतारूढ़ दल ने देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। हाल के दिनों में हुई कुछ हिंसक घटनाओ को लेकर गांधी ने कहा कि भाजपा, मीडिया और उसके साथ खड़ी कुछ ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। साथ ही देश के मौजूदा हालात का समाधान भी उन्होंने बताया और कहा कि सिर्फ मोहब्बत ही देश में लगी इस आग को बुझा सकती है।

राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया हाल की कुछ घटनाओं महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई हिसंक घटना और हरियाण के नूह में शोभा यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद आई है। महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर- मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ के एक सिपाही ने परस्पर बहस के दौरान अपने वरिष्ठ सहयोगी सहायक उपपुलिस निरीक्षक पर अंधाधुंध फायरिंग झोंक दी थी और उस घटना में तीन यात्रियों सहित कुल चार लोगों की जान चली गई। वहीं हरियाणा के नूह में शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान झड़प हुई। जिसमें अराजक तत्वों ने कई गाड़ियों में तोड़-फोड़ और आगजनी की।

## राहुल गांधी ने सब्जी विक्रेताओं से की बातचीत



सब्जियों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार सुबह एशिया के सबसे बड़े सब्जी थोक बाजारों में से एक आजादपुर मंडी गए। वह सुबह करीब चार बजे उत्तरी दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं से बातचीत की। उनका आजादपुर मंडी का दौरा सब्जियों की बढ़ती कीमतों के बीच हुआ। सब्जियों की कई किस्में 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक कीमत पर बिक रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में टमाटर 200 रुपए प्रति किलो से भी ज्यादा कीमत पर बिक रहा है।

# पटना हाईकोर्ट से जातीय जनगणना को हरी झंडी

## सर्वे की तरह कराने के लिए सरकार को मिली मंजूरी

### जातीय गणना के खिलाफ दायर याचिकाओं को किया खारिज

**पटना,देशबन्धु।** बिहार में जाति आधारित गणना का कार्य अब फिर से शुरू किया जाएगा। जातीय गणना से रोक हट गई है। पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जातीय गणना के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन व जस्टिस पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने लगातार पांच दिनों तक याचिकाकर्ता और बिहार सरकार की दलीलें सुनीं। कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना बताने वालों की भी पूरी दलील सुन ली और फिर सरकार के उस दावे का पक्ष भी सुना, जिसके अनुसार यह जाति आधारित सर्वे है। कोर्ट ने इसे सर्वे की तरह कराने की मंजूरी दे दी है। अदालत के इस फैसले से नीतीश कुमार सरकार ने राहत की सांस ली। पटना उच्च न्यायालय ने 4 मई को जाति आधारित गणना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर अस्थायी रोक लगाई थी। अब इस फैसले को पटना उच्च न्यायालय ने जायज ठहराया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल एनडीए की सरकार ने बिहार में जाति आधारित गणना कराने का फैसला लिया था। इसके बाद दो चरणों में गणना कराने का निर्णय लिया गया। इस साल जनवरी में इस कार्य के पहले चरण की शुरुआत की गई। जबकि, दूसरा चरण अप्रैल में शुरू हुआ। दूसरे चरण के दौरान पटना उच्च न्यायालय ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जाति आधारित गणना पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी।

# जिला न्यायालय में बैंक की शाखा खुलने से अधिवक्ताओं में हर्ष

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला न्यायालय परिसर में बैंक की शाखा खोलने की बहुप्रतीक्षित चली आ रहीं मांग मंगलवार को पूरी हो गई। दरअसल जिला न्यायालय परिसर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायधीश आलोक अवस्थी ने किया। जिससे वकीलों में काफी हर्ष नजर आया, क्योकि अब अपने कामों के लिये यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। बैंक की शाखा खुलने को लेकर अधिवक्ता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों को धन्यबाद ज्ञापित किया है।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने बताया कि जब 1 नवम्बर 2018 को जिला न्यायालय नई बिल्डिंग में शिफ्ट हुआ था, उसके पूर्व से ही उन्होंने नये न्यायालय में बैंक और पोस्ट ऑफिस खुलने की बात की थी और इस संदर्भ मे तत्कालीन सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा को भी पत्राचार किया था। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के हितों को देखते हुये एवं उनकी बैंक संबंधित समस्याओं को देखते हुये उन्होंने एवं सचिव राजेश तिवारी द्वारा समय-समय पर उच्च न्यायालय मे पत्राचार किया। इस संबंध में उन्होनें पोर्टफोलियो न्यायाधीश सुजॉय पॉल से भी चर्चा की। साथ ही साथ वर्तमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी द्वारा भी इस संबंध में काफी कोशिश की। जिसका ही परिणाम है कि आज उनके द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी, सचिव राजेश तिवारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रीजिनल मैनेजर सनद सिन्हा व संघ के अन्य पदाधिकारीगण व विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित, सीजेएम आलोक सिंह, डीआर अंभुज श्रीवास्तव, न्यायाधीश विकास शुक्ला एवं अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति मे बैंक खुलने से जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्ताओं मे हर्ष है।

**पोस्ट आफिस की डिमांड भी होगी पूरी- सैनी**

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने बताया कि पोस्ट ऑफिस की मांग को लेकर वे लगातार प्रयासरत है, आशा है कि जल्दी ही पूरी होगी। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सैनी एवं सचिव राजेश तिवारी ने पोर्टफोलियो न्यायाधीश सुजॉय पॉल एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी का आभार प्रकट किया।

### कदाचरण की शिकायत पर कई गुना फीस वसूली पर लीगल नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** कदाचरण करने वाले अधिवक्ता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिये दी जाने वाली शिकायत पर कई गुना फीस वसूलने का मामला गर्मा गया है। एडवोकेट अमित पटेल ने अधिवक्ता सतीश वर्मा के माध्यम से बीसीआई व एसबीसी अध्यक्ष और सचिव को लीगल नोटिस भेजकर बीसीआई द्वारा निर्धारित शुल्क 450 रुपये ही वसूल किये जाने की मांग की है। नोटिस में कहा गया कि अभी शिकायतकर्ता से 4 हजार से लेकर 55 सौ रुपये जमा कराये जाते है, जो कि गलत है। आवेदक का कहना है ज्यादा फीस लेने का मकसद शिकायतकर्ताओं को हत्सोहित करना है और ऐसे अधिवक्ता को बढ़ावा देना है जो की अपरोक्ष रूप से कदाचरण में लिप्त रहते हैं। जिससे सभ्य समाज में अधिवक्ताओं के सम्मानित पेशे की बदनामी होती है। नोटिस में कहा गया है कि बढ़ी हुई उक्त फीस जल्द ही वापस 450 नहीं की जाती है तो हाईकोर्ट की शरण ली जायेगी, ताकि शुल्क कम हो सके।




### सेवानिवृत्त कर्मियों को दे इंक्रीमेंट का लाभः हाईकोर्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश रवि विजय मलिमथ की अध्यक्षता वाली यगलपीठ ने जिला अदालत नरसिंहपुर से रिटायर कर्मियों को इंक्रीमेंट का लाभ दिए जाने के निर्देश दिये है। यह मामला प्रकाश चंद्र उमरे व उत्तम सिंह पटेल की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि वे क्रमशः 30 जून 2011 व 30 जून 2014 को सेवानिवृत्त हुए। लेकिन विशेष अभियान अंतर्गत सेवानिवृत्ति के उपरांत भी कार्य करते रहे। लिहाजा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत के अनुरूप आवेदन करके मांग की, कि भले ही सेवानिवृत्ति 30 जून को हुई किंतु एक जुलाई का इंक्रीमेंट लाभ प्रदान किया जाए। जिला रजिस्ट्रार से पात्रता न होने का तर्क देकर आवेदन निरस्त कर दिया। इसीलिए संयुक्त याचिका के जरिए हाईकोर्ट की शरण ली गई। हाईकोर्ट ने तथ्यों पर गौर करने के बाद जिला रजिस्ट्रार का आदेश निरस्त कर दिया। साथ ही एकलपीठ के एक अन्य पूर्व आदेश का हवाला देते हुए उसी के समकक्ष इंक्रीमेंट का लाभ दिए जाने की व्यवस्था दी।

### बर्खास्त होमगार्ड सैनिक हाईकोर्ट की शरण में

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक होमगार्ड सैनिक को बिना जांच सेवा से बर्खास्त करने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ के समक्ष शासन की ओर से निर्देश प्राप्त कर पक्ष रखने मोहलत चाही गई, जिसे स्वीकार कर न्यायालय ने मामले पर अगली सुनवाई 7 अगस्त को नियत की है।

छिंदवाड़ा के जगनु परतेती की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता और एक अन्य पुलिसकर्मी की ड्यूटी मालखाने में लगी थी। वहां से एक पिस्टल गायब मिलने पर याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। उस पर पिस्टल चोरी का आरोप लगाया गया। इसके बाद उसे 2 मार्च 2021 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। आवेदक की ओर से कहा गया कि एक सिपाही ड्यूटी के लिए उक्त पिस्टल को ले गया था और मालखाने में जमा किए बिना ही वह छुट्टी पर चला गया। इस बीच याचिकाकर्ता के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया। इतना ही नहीं बाद में संबंधित सिपाही ने पिस्टल मालखाने में जमा भी करा दी, इसके बावजूद याचिकाकर्ता को बहाल नहीं किया गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है।

### जिला दंडाधिकारी व संभागायुक्त का आदेश निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी जिला बदर के आदेश को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कहा कि जिला दंडाधिकारी ने केवल पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जिला बदर का आदेश पारित कर दिया, जोकि अनुचित है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने जिला दंडाधिकारी और उसके बाद संभागायुक्त द्वारा जारी आदेश को निरस्त कर दिया।

कटनी निवासी हरिभान सिंह ने याचिका दायर कर उसके खिलाफ की गई जिला बदर की कार्रवाई को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय को बताया गया कि जिला दंडाधिकारी ने 13 सितंबर 2022 को जिला बदर का आदेश किया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने संभागायुक्त के समक्ष अपील प्रस्तुत की। कमिश्नर ने 30 दिसंबर 2022 को अपील भी निरस्त कर दी थी। आवेदक की ओर से कहा गया कि जिन अपराधों का जिक्र पुलिस अधीक्षक ने 2019 में किया था, उसी के आधार पर जिला बदर की कार्रवाई कर दी गई, जोकि अनुचित है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### गुण-दोषों के आधार पर करो निराकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा कि भूअर्जन मुआवजा बढ़ाने के लिए देरी से की गई अपील खारिज नहीं की जा सकती। चीफ जस्टिस रवि मलिमथ की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने उक्त मत के साथ संभागायुक्त जबलपुर के आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायालय ने कमिश्नर को निर्देश दिए कि मामले का गुण दोष के आधार पर निराकरण करें।

जबलपुर निवासी कविता गंगवानी की जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिये अर्जित की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि भू-अर्जन अधिकारी ने मुआवजे का निर्धारण बहुत कम किया था। इससे व्यथित होकर याचिकाकर्ता ने कमिश्नर के कार्यलय में अपील प्रस्तुत की थी। कमिश्नर ने अपील इस आधार पर खारिज कर दी कि उक्त अपील भू-अर्जन अवॉर्ड पारित होने के तीन वर्ष उपरांत प्रस्तुत की गई है। कमिश्नर के उक्त आदेश को याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि भू अर्जन अधिनियम एक लोक हित अधिनियम है, अतः समय बाधित होने के आधार पर अथवा अन्य किसी तकनीकी आधार पर मुआवजा बढ़ाने की अपील खारिज करना एक वैधानिक त्रुटि है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने संभाागायुक्त का आदेश निरस्त करते हुए उक्त निर्देश दिये।

## आरबीआई ने 31 जुलाई तक का दिया आंकड़ा

# 2000 रुपए के 88 फीसदी नोट बैंकों में वापस आए

### इस साल 30 सितम्बर तक वापस किए जा सकेंगे नोट

**मुंबई।** दो हजार रुपए के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच आरबीआई ने मंगलवार को कहा कि प्रचलन में मौजूद 2000 रुपए के 88 प्रतिशत बैंक नोट 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आ गए हैं। प्रचलन में 2000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य, जो 31 मार्च तक 3.62 लाख करोड़ रुपए था, 19 मई तक घटकर 3.56 लाख करोड़ रुपए हो गया। बैंकों के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आए 2000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.14 लाख करोड़ रुपए है, जो कुल का 88 प्रतिशत है। आरबीआई ने कहा कि फिलहाल 2000 रुपए के 0.42 लाख करोड़ रुपये के बैंक नोट प्रचलन में हैं।

केंद्रीय बैंकों के आंकड़ों से पता चलता है कि प्रचलन से वापस किए गए नोटों में गभग 87 प्रतिशत जमा के रूप में और शेष 13 प्रतिशत को दूसरे मूल्यवर्ग के नोटों में बदला गया। आरबीआई ने लोगों से आग्रह किया है कि वे 30 सितंबर 2023 की समय सीमा से पहले भीड़ से बचने के लिए अपने पास मौजूद 2000 रुपए के बैंक नोटों को जमा कर दें या बदल लें। अब केवल दो महीने हैं।

### ईडी ने पवन मुंजाल के घर की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल के आवास और कई अन्य स्थानों पर तलाशी ली। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी के अधिकारियों ने मुंजाल और 10 अन्य के परिसरों पर तलाशी ली। सूत्र ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी की कार्रवाई मुंजाल के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) मामले की शिकायत पर आधारित है। सूत्र ने दावा किया कि डीआरआई टीम को मुंजाल के परिसर से विदेशी मुद्रा मिली है।

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 3 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# लोकसभा की ओर बढ़तीं खून की लकीरें

देश का हर वह इंसान क्षुब्ध और कहीं-कहीं पर बेबस दिखलाई दे रहा है जो लोकतंत्र में विश्वास रखता है और समानता व बंधुत्व के मार्ग पर ही समाज को बढ़ता हुआ देखना चाहता है। वह हतप्रभ है कि कैसे केवल 3-4 महीनों के भीतर-भीतर एक के बाद एक होती साम्प्रदायिकता घटनाओं की लपटों से देश घिर गया है। वह मौजूदा हालातों को लेकर चिंतित है। वह व्यथित है कि मणिपुर तो खाक हो ही गया है और कह नहीं सकते कि दिल्ली से सटे मेवात में लगी आग कब देश की राजधानी में प्रवेश कर जाये। जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस की दो बोगियों और पेंट्री कार में सोमवार की अल्लसुबह जनता के रक्षार्थ दी गई सरकारी राइफल से जो शोले निरीह लोगों पर ही बरसे उसने यह भी बता दिया है कि घृणाजनित हिंसा लोगों के कितने भीतर तक घर कर गई है।

ये अनायास घटी वारदातें होतीं तो कम से कम यह संतोष होता कि चलिये, आगे-पीछे इन पर काबू पा लिया जायेगा; पर अब महसूस होने लग गया है कि यह तमाम घटनाक्रम सुनियोजित व अंतर्गुंफित है। सब एक क्रोनोलॉजी के तहत किसी बड़े से मुकाम को हासिल करने के लिये सायास कराये जा रहे हैं। ऐसा मानने के कई कारण हैं। पिछले लगभग एक साल का घटनाक्रम व मौजूदा हालात देखें तो साफ है कि चुनाव जीतने के भारतीय जनता पार्टी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने फार्मूले काम नहीं आने वाले। पुलवामा दोहराया नहीं जाएगा, क्योंकि इस पर संदेह के सारे बादल छंट चुके हैं कि अब ऐसी कोई भी घटना होने पर वे लोग इसके पीछे के खेल को जान जायेंगे जिन्होंने इससे द्रवित होकर भाजपा-मोदी की दूसरी बार ताजपोशी की थी। राममंदिर, महाकालेश्वर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर आदि को जितना लाभ देना था, सारा मिल चुका है। हालांकि ज्ञानवापी मुद्दे को भी खोला जा रहा है।

उधर राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम को लेकर दिये गये उनके बयान पर दाखिल केस से वे कमजोर नहीं पड़े। उलटे, लोग जान गये कि उन्हें संसद से बाहर रखने के लिये ही यह अवमानना-अवमानना का खेल खेला गया था। राहुल लोगों की सहानुभूति बटोर ले गये और देश के ज्यादातर मजबूत विपक्षी दल उनके पीछे लामबन्द हो गये हैं। मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ उनके सम्बन्धों को लेकर आवाज़ उठाने के कारण लोकसभा से निकाल बाहर किये गये राहुल की आवाज दब न सकी और अब तो सत्ता पक्ष को धुकधुकी है कि सुप्रीम कोर्ट उनके खिलाफ सजा को रद्द न कर दे अथवा घटा न दे जिससे उनका सदन में वापसी का रास्ता खुल जाये। खैर, इस बारे में आने वाला समय ही खुलासा करेगा कि राहुल की लड़ाई सदन में लौट आती है या वे सड़कों पर ही सरकार विरोधी अपने हमलों को विस्तार देंगे।

राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पहले ही लोकप्रिय हो चुकी है। इसने मोदी की छवि को धराशायी कर दिया और इसके विपरीत लोगों को राहुल में एक जन नेता की वह तस्वीर दिखलाई पड़ने लगी जिसे एक खर्चीले अभियान के तहत उन ताकतों द्वारा विकृत कर दिया गया था, जिसका उद्देश्य एक लोकहितकारी सरकार को हटाकर ऐसी सरकार बनाना था जो पूंजीपतियों की तिजोरियां भर सके। मोदी इसी तरीके से केन्द्र की सत्ता में बैठे। उन्होंने अपने तमाम जनविरोधी फैसलों को धर्म और राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर यूं पेश किया कि आम जनता को उनकी कड़ुवाहट महसूस नहीं हुई। आर्थिक निर्णय से जनता कंगाल व कमजोर होती गई तो धर्म आधारित कामों से वे जनता का भावनात्मक दोहन भी करते रहे। एक तरह से उन्होंने देश को दो वर्गों में विभाजित कर दिया- एक बहुसंख्यकों का तो दूसरा अल्पसंख्यकों का। समानता पर आधारित समाज देश के लिए देखते-देखते इतिहास हो गया। आड़े आने वाले नेताओं से निपटने के लिए उन्हें केन्द्रीय जांच एजेंसियों की जांच टेबलों पर भेजा जाने लगा।

देश की मुख्यधारा का मीडिया चाहे उन्हें महामानव साबित करता रहा हो, परन्तु विदेश में मोदी की भरपूर भद्द पिटी और अपनी कार्यपद्धति पर उन्हें मुश्किल सवालों का देश के बाहर सामना करना पड़ा। इधर अपनी तिजोरियों के मुंह खोल देने और तमाम हथकण्डों के बावजूद पहले हिमाचल प्रदेश और तत्पश्चात कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा खेत रही तो उसे अपने चिर-परिचित हथियार यानी साम्प्रदायिकता पर फिर से सान चढ़ाने की ज़रूरत महसूस होने लगी है। तभी तो मणिपुर की आग को खूब सुलगाया गया। कुकी समुदाय को मैतेइयों से भिड़ाकर भाजपा की डबल इंजिन सरकार इसलिए चुप बैठी रही क्योंकि वह स्थिति विस्फोटक ही सही परन्तु सामाजिक ध्रुवीकरण के काम आ रही थी (अब भी आ रही है)। मामला शीर्ष अदालत में पहुंचा और जब वहां मी लॉर्ड ने सख्ती दिखाई तो मोदी ने संसद भवन के बाहर संक्षिप्त बयान दिया पर मुख्य बात से वे अब भी भाग रहे हैं। अब जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर के आला अधिकारियों को तलब कर ही दिया है तो केन्द्र सरकार व भाजपा के पांव कांप रहे हैं।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों के निकट पहुंचकर भाजपा को अपनी राह कठिन दिख रही है। लोकसभा की डगर तो और भी जटिल। उसके कांग्रेस मुक्त, विपक्ष मुक्त, वंशवाद, प्रतिपक्षियों के कथित भ्रष्टाचार के नारे भोथरे होते जा रहे हैं, तो स्वाभाविकत: भाजपा साम्प्रदायिक दंगों पर ही दांव खेलेगी। यह पहले से ही लग रहा था। मणिपुर से मेवात तक की रक्तरंजित घटनाएं एक ही डोर से बंधी है जिनसे टपकती खून की लकीरें लोकसभा-2024 की चौखट की तरफ जाती दिख रही हैं। भाजपा सम्भवत: इसी खून से सने पैरों से संसद में प्रवेश की तैयारी कर रही है।

# गुजरात मॉडल को स्वीकारना या नकारना जनता के हाथ में

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

सभी देशवासियों को मुबारक हो कि जिन उम्मीदों के साथ श्रीमान नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया गया था, एक बार नहीं, दो-दो बार उन्हें अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सत्ता सौंपी गई थी, वो अब पूरे हो गए हैं। गुजरात मॉडल पूरे देश में लागू हो चुका है। बीते 9 बरसों में बीच-बीच में इसके कई उदाहरण सामने आए, लेकिन पूरी तरह से यकीन नहीं हो रहा था कि हम 2002 वाले गुजरात को दोहराता देख पाएंगे या नहीं। अब मणिपुर को देखकर यह भरम भी जाता रहा। बिल्किस बानो आज भी अपने जख्मों के साथ जी रही हैं, उनका साथ देने के लिए अब मणिपुर की महिलाएं भी हैं। कितनों के साथ बलात्कार हुआ, कितनों को उनके पतियों ने कुकी या मैतेई होने के कारण छोड़ दिया, कितनी कुकी महिलाओं को मैतेई महिलाओं ने प्रताड़ित करवाया, मणिपुर में अपने घरों को छोड़ कर शरणार्थी बना दिए गए लोग किन हालात में रह रहे हैं, बच्चे कैसे विस्थापन, हिंसा और भयानक अपराधों के सदमे को सह रहे हैं, उनका भविष्य किस तरह का बनेगा, वो कब तक सामान्य तरह से शिक्षा पाने और मनोरंजन, खेलने-कूदने के अपने अधिकारों को हासिल कर पाएंगे, मणिपुर में बिगड़े हालात के कारण अर्थव्यवस्था पर जो असर पड़ा है, क्या वो लॉकडाउन और नोटबंदी के असर से भी गंभीर होगा, वहां आम इंसान जब पशुओं से गयी-गुजरी दशा में रह रहे हैं तो पशु-पक्षियों की हालत क्या हो रही होगी, ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब पाने की उम्मीद अब छोड़ ही देनी चाहिए। जब मोदीजी अपने संवैधानिक दायित्व यानी संसद में आकर जवाब देने की जिम्मेदारी पूरी नहीं कर रहे हैं, तो फिर ऐसे सवालों के जवाब तैयार करने की जहमत उनकी सरकार में कोई क्यों उठाएगा। वैसे कयास लग रहे हैं कि विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देने मोदीजी संसद में आएंगे ही, लेकिन पिछले अनुभवों को देखते हुए यह कहना कठिन है कि वे मणिपुर पर अपनी जवाबदेही मानते हुए जवाब देंगे। बेशक संख्याबल के कारण अविश्वास प्रस्ताव का उनकी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बिगाड़ के डर से उनके सांसद भी ईमान की बात नहीं कहेंगे। अगर मोदीजी फिर एक गंभीर मुद्दे को शाब्दिक जाल में उलझाकर मणिपुर के लिए नेहरूजी और बाद की सरकारों को दोषी ठहरा दें, तो इस पर आश्चर्य भी नहीं होगा। लेकिन इस गैरजिम्मेदारी के बावजूद एक और सवाल इस सरकार से पूछा जाना चाहिए कि मान लीजिए मणिपुर में किसी तरह शांति बहाली हो जाए, तो क्या संदेह की जो लकीर दो समुदायों के बीच स्थायी निशान की तरह खींच दी गई है, क्या वो किसी तरह मिट सकेगी। क्योंकि अगर धुंधली भी बनी रही तो तय जानिए कि भविष्य में फिर राजनैतिक, आर्थिक स्वार्थ के लिए उसे गाढ़ा बना दिया जाएगा। गुजरात मॉडल को ही देख लीजिए, अब वहां ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम और वैष्णव जन तो का सुमधुर गान नहीं होता। वहां जय श्रीराम का नारा ही बुलंद है और अल्पसंख्यकों को उनके कपड़ों से लोग पहचानने लगे हैं। गुजरात में 20 साल पहले जो आग भड़की थी, उस पर दिल्ली की रोटी सेंकने में मोदीजी सफल हो गए। अब देश में फिर एक बार वही प्रयोग शुरु हो चुका है। पर्दे पर तो विकास की तस्वीरें हैं। जी-20 के कारण दुनिया में दिखाने के लिए जो साज-सज्जा चाहिए, वो सब की जा रही है। लेकिन पर्दे के पीछे के हालात भी अब छेदों से चुगली करने लगे हैं। मणिपुर तो उत्तरपूर्व में था, लिहाजा वहां की खबरों को यथासंभव दबाया गया। वो तो वायरल वीडियो के कारण परेशानी खड़ी हो गई। मोदी जी और उनके मंत्रियों ने इस पर भी राजस्थान, छत्तीसगढ़ करना चाहा। सर्वोच्च अदालत में भी वकील बांसुरी स्वराज ने यही दलील दी। प्रसंगवश बता दें कि बांसुरी, दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज की बेटी हैं। विदेश मंत्री रहने के दौरान सुषमाजी अक्सर एक ट्वीट पर परदेस में रह रहे लोगों की मदद करती नजर आईं। अभी वो होतीं तो क्या मणिपुर पर चुप रहतीं या स्मृति ईरानी की तरह चीख-चीख कर कांग्रेस से जवाब मांगतीं या मोदीजी को राजधर्म याद दिलातीं, पता नहीं। लेकिन उनकी बेटी ने अदालत में मोदीजी की तरह ही दलील पेश की कि राजस्थान और प.बंगाल में भी ऐसा ही हुआ है। इस पर प्रधान न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ हुआ उसे हम यह कहकर उचित नहीं ठहरा सकते कि ऐसा और राज्यों में भी हुआ। क्या आप कह रहे हैं कि सभी महिलाओं की रक्षा करें या किसी की भी रक्षा न करें?

**गुजरात में 20 साल पहले जो आग भड़की थी, उस पर दिल्ली की रोटी सेंकने में मोदीजी सफल हो गए। अब देश में फिर एक बार वही प्रयोग शुरु हो चुका है। पर्दे पर तो विकास की तस्वीरें हैं। जी-20 के कारण दुनिया में दिखाने के लिए जो साज-सज्जा चाहिए, वो सब की जा रही है। लेकिन पर्दे के पीछे के हालात भी अब छेदों से चुगली करने लगे हैं।**

निश्चित ही यह जवाब मोदीजी के उस 36 सेंकड के क्रोध और दुख का सटीक जवाब है, जो उन्होंने संसद के बाहर प्रकट किया था। मोदीजी का अपनी निद्रा पर अंकुश है, ये बात तो वे बतला चुके हैं। उन्हें तीन-चार घंटों से अधिक की नींद नहीं चाहिए। लेकिन उनका अपने दुख और क्रोध पर भी नियंत्रण है, ये बात कमाल की है। लेकिन ये नियंत्रण किसी क्रिकेटर की उंगली पर लगी चोट के वक्त कायम नहीं रहता। तब वे द्रवित होकर ट्वीट कर बैठते हैं। मगर मणिपुर जैसी घटनाओं के लिए 36 सेंकड ही काफी हैं। इससे ज्यादा का वक्त लगाएंगे तो चुनाव प्रचार के लिए वक्त कैसे निकालेंगे। वैसे भी गुजरात मॉडल अकेले मणिपुर तक तो सिमटा नहीं रहेगा। देखिए, हरियाणा में ऐसी हिंसा भड़की कि यहां भी इंटरनेट प्रतिबंधित करना पड़ा, धारा 144 का लगना तो अब ऐसा हो गया है जैसे मामूली सर्दी-जुकाम में लोग डाक्टर से बिना पूछे ही पैरासिटामॉल खा लेते हैं। और स्कूल-कॉलेज भी हिंसा के कारण बंद हो गए। तो यहां भी कोई फिक्र की बात नहीं है। आखिर सरकार क्यों चाहेगी कि बच्चे पढ़ें और आगे बढ़ें। ऐसा हुआ तो फिर नौकरियों के सवाल उठेंगे, अधिकारों को लेकर जागरुकता फैलेगी। अभी तो व्हाट्सऐप यूनविर्सिटी का जो ज्ञान मिल रहा है, वही घुट्टी की तरह घोलकर पी लें, यही सरकार के हित में है। क्योंकि गुजरात मॉडल इसी से कायम रहेगा। इंटरनेट बंद होने के कारण व्हाट्सऐप न चले तो कोई बात नहीं, तब तक टीवी चैनल इस जिम्मेदारी को संभाल लेंगे। 9 सालों में देश में जहरीले उत्पाद एक अकेले ने तैयार नहीं किए, पूरी फौज उसमें सेनापति के साथ लगी हुई थी। जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में आरपीएफ कांस्टेबल चेतन कुमार ने अपने वरिष्ठ अधिकारी समेत चलती ट्रेन में चार लोगों को जिस तरह मार गिराया, वो इस जहरीले उत्पाद का एक छोटा सा उदाहरण ही है। चेतन नाम हिंदू है, इसलिए बहुत से लोग इसे आतंकी घटना की तरह पेश नहीं कर रहे हैं। क्योंकि ऐसे लोगों की नजरों में सारे आतंकवादी एक खास धर्म और वेशभूषा के ही होते हैं। मान लें कि चेतन की जगह कोई चंगेज़ ऐसी हिंसा करता, तब तो देश पर बड़ा आतंकी हमला, जैसे शीर्षकों के साथ मीडिया रंगा-पुता नजर आता। उसके पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया, ईराक के संबंध निकल आते। मोदीजी तब 36 सेंकड की जगह शायद 36 मिनट की प्रतिक्रिया देते और मुनासिब समझते तो अगले चुनावों तक इस घटना को भुनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक, घर में घुसकर तक मारने जैसे ऐलान कर चुके होते। मगर अभी तो उन्होंने शायद 3 सेंकड का अफसोस भी मरने वालों के लिए जाहिर नहीं किया, दुख और क्रोध तो दूर की बात है। मोदीजी को ये तो याद रखना चाहिए कि चेतन कुमार ने उनका नाम लेकर चार लोगों को मार दिया, कम से कम इस नाते ही बयान दे देते कि मेरे नाम का ऐसा दुरुपयोग न हो। देश में तो जगह-जगह राइफलधारी सुरक्षाकर्मी तैनात नजर आते हैं, कब कोई मोदीजी के प्रभाव में निर्दोषों की जान ले ले, कौन जानता है।

1 तारीख को मोदीजी पुणे में लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित हुए। तिलक ने नारा दिया था स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूंगा। मोदीजी भी गुजरात मॉडल को शायद जन्मसिद्ध अधिकार मानते हुए इसे पूरे देश में लागू करने पर आमादा हैं। जनता तय करे कि उसे ये मॉडल लेना है या नहीं।

# कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा भी उसी की राह पर

■ ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

विपक्ष में रहते हुए भारतीय जनता पार्टी राजनीति के जिन मुद्दों का सारेआम विरोध किया करती थी, सरकार में आने के बाद उन्हीं मुद्दों को न केवल अपनाने लगती है बल्कि जोर-शोर से उनका प्रचार भी करने लगती है। भाजपा का यह विरोधाभास कई रूपों में देखने को मिला है। विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने आधार कार्ड का भी विरोध किया था और जीएसटी कानून का भी। तब कांग्रेस सरकार की तमाम योजनाओं का भाजपा ने व्यापक तरीके से विरोध किया था लेकिन केंद्र की सत्ता में आते ही इन तमाम योजनाओं को ऐसे गले लगा लिया मानो ये उनकी अपनी योजनाएं हों और भाजपा ने कई दशक की मेहनत के बाद उन योजनाओं को तैयार किया हो। यही नहीं किसी जमाने में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, बसपा, समाजवादी पार्टी, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत देश की एक दर्जन से अधिक गैरकांग्रेसी पार्टियों के नेताओं पर वोटों की राजनीति के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली पार्टी अब खुद भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में किसी से पीछे नहीं दिखना चाहती।

**देश की किन सीटों पर भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवार खड़े होने हैं उनकी पहचान का काम भी पूरा कर लिया गया है, बस घोषणा ही बाकी है। भाजपा ने 2009 के लोकसभा में चार मुस्लिम नेताओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया था इनमें एक शाहनवाज खान ही चुनाव जीते थे। तब भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। 2014 में भाजपा ने 7 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे लेकिन एक भी चुनाव नहीं जीत सका था।**

मुस्लिम समुदाय में भी भाजपा ने पसमांदा मुसलमानों को अपने पक्ष में करने का टारगेट रखा है जिसके लिए पार्टी बड़ी तेजी से काम भी करने लगी है। मुस्लिम तुष्टिकरण का यही लक्ष्य हासिल करने की चाह में ही भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य तारिक मंसूर को पार्टी का नया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बनाया है। तारिक मंसूर पसमांदा मुसलमान हैं। भारतीय मुस्लिम समाज में पसमांदा मुसलमान उस तबके को कहा जाता है जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पिछड़ा होता है। मुस्लिम समाज में इस तबके के 85 प्रतिशत लोग हैं जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत उच्च वर्ग के अशरफ तबके का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुसलमानों का अशरफ तबका आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के नाते नौकरी और राजनीति से लेकर शिक्षा, व्यापार समेत तमाम क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना लेता है इसलिए हर जगह वही दिखाई भी देता है। पसमांदा मुसलमान संख्या में ज्यादा होने के साथ ही उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक समेत देश के ज्यादातर राज्यों में मुस्लिम मतदाताओं की प्रभावशाली संख्या है इसलिए भाजपा ने मुस्लिम तबके को गले लगाने की योजना बनाई है। योजना के मुताबिक भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में कम से कम 66 मुस्लिम उम्मीदवार उतारना चाहती है।

देश की किन सीटों पर भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवार खड़े होने हैं उनकी पहचान का काम भी पूरा कर लिया गया है, बस घोषणा ही बाकी है। भाजपा ने 2009 के लोकसभा में चार मुस्लिम नेताओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया था इनमें एक शाहनवाज खान ही चुनाव जीते थे। तब भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। 2014 में भाजपा ने 7 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे लेकिन एक भी चुनाव नहीं जीत सका था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से तीन, पश्चिम बंगाल से दो और लक्ष द्वीप से एक कुल 6 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव में खड़े किये थे लेकिन चुनाव एक भी नहीं जीत सका था। 2024 के चुनाव में भाजपा 66 मुस्लिम उम्मीदवार खड़े करना चाहती है इसलिए उसका जोर 85प्रतिशत पसमांदा मुसलमानों को तुष्टिकरण के बल पर अपने साथ लाने पर है। गौरतलब है कि पहले 2015 फिर 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को वांछित सफलता न मिलने से बिहार के कई मुस्लिम नेता भाजपा छोड़ कर चले गए थे। इसके बाद ही पार्टी को लगाने लगा था कि मुस्लिम समुदाय को साथ में लिए बगैर चुनाव जीतना आसान नहीं होगा।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2023 में पार्टी के नेताओं से अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर बेवजह की बयानबाजी से दूर रहने का आग्रह किया था। इसका कितना असर हुआ यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन इसके तीन महीने बाद ही मार्च के महीने में कर्नाटक भाजपा के नेताओं ने हिजाब मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली मुस्लिम महिलाओं को आतंकवादी और देशद्रोही कहने से संकोच नहीं किया था। इसका जवाब भाजपा को मई के महीने में सम्पन्न कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में मिल ही गया था। इस बीच इतना जरूर हुआ कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने जो 325 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव में खड़े किये थे उनमें 45 चुनाव जीत गए थे। इस जीत से भाजपा के हौसले बुलंद हुए और उसने पसमांदा मुसलमानों के बीच पैठ करनी शुरू कर दी थी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने जून 2023 को भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा था कि पसमांदा मुसलमानों को उनके ही समुदाय के उच्च वर्ग द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। अजीब बात है कि एक तरफ तो इस पार्टी के लोग जरा- जरा सी बात पर देश के मुसलमानों को पाकिस्तान जाने की सलाह देते रहते हैं, दूसरी तरफ अपने पक्ष में वोट बैंक की राजनीति करने की गरज से मुस्लिम तुष्टिकरण से भी बाज नहीं आते।

## पावन प्रसंग

### साहित्य से जीवन में सरलता सहजता का समावेश

जीवन में साहित्य का निरंतर सृजन करने वाले व्यक्ति के मन में सरलता और सहजता और सदाशयता का प्राकृतिक रूप से समूह समावेश होने लगता है। साहित्य के गहन अध्ययन से शालीनता और शिष्टता मानवीय जीवन का अंग बन जाती है। सांसारिक लोभ, कामना और स्पृहा से व्यक्ति दूर होकर सृजनात्मक विचारों को पसंद करके आडंबर और माया मोह से परे होने लगता है। साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार भी होता है। साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत: अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा-निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिम्ब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलत: साहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बंट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवीय सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों=युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों, संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है कि कबीरदास, रवींद्रनाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों-युगों तक याद किया जाता रहेगा।

संजीव ठाकुर

## आपके पत्र

# सावधानी ही 'आई फ्लू' के संक्रमण से बचा सकती है

यह आई फ्लू देश के कई राज्यों में तेजी से फैल रहा है जिससे लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे आंखों में लालिमा, दर्द, सूजन, खुजली आदि। गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी आई फ्लू की समस्या तेजी से बढ़ रही है।

ज़्यादातर अस्पताल चाहे वह शहरी क्षेत्र में हों अथवा ग्रामीण क्षेत्र, इस समय आंखों की समस्या से जूझ रहे मरीजों से भरे हुए हैं। प्रतिदिन अस्पतालों में आई फ़्लू के मरीजों का प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जा रहा है। डाक्टरों का सुझाव है कि बिना हाथ धोए उंगलियों को अपनी आंखों से न लगाएं। अधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज़ करें। यह संक्रमण 7 से 14 दिन में ठीक हो जाता है, इसलिए घबराने की ज़रूरत नहीं है। जब भी आंखों में ऐसी कोई समस्या दिखे तो तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल में जाएं और आंखों का चेकअप करवा लें। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे वातावरण में नमी कम होती जायेगी, वैसे-वैसे इस संक्रमण का खतरा भी कम होता जाएगा।

इस संबंध में जम्मू संभाग के सांबा जिला स्थित जिला अस्पताल की आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर रश्मि का कहना है कि हमारे यहां इस समय 100 में 80 मरीज आई फ्लू की समस्या से पीड़ित आ रहे हैं। इसमें हर उम्र के लोग हैं। कहीं-कहीं तो पूरी की पूरी फैमिली ही इस समस्या का शिकार हो चुकी है परंतु बच्चों में यह लक्षण ज्यादा इसलिए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि बच्चे अपनी हाइजीन मेंटेन नहीं रख पाते हैं। दूसरा बच्चों की इम्युनिटी बड़ों की अपेक्षा थोड़ी कम होती है। डॉ रश्मि सुझाव देते हुए कहती हैं कि इस समय जो भी बच्चे आंखों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, माता-पिता उन्हें स्कूल न भेजें ताकि न केवल बच्चे को और अधिक इंफेक्शन से बचाया जाए बल्कि इससे दूसरे बच्चों के भी संक्रमित होने का खतरा कम हो जाएगा। बच्चे का हाथ बार-बार धुलवाने की ज़रूरत है ताकि वह गंदे हाथों से आंखों को छू न लें। डॉ रश्मि बताती हैं कि इस समय यह बीमारी इतनी बढ़ चुकी है कि इससे जन्म के मात्र 20 से 25 दिन का बच्चा भी बच नहीं सका है जोकि आश्चर्य की बात है।

जम्मू मेडिकल हॉस्पिटल के डॉक्टर संदीप गुप्ता का कहना है कि पिछले चार-पांच दिन से देखने में आ रहा है कि आई फ्लू के केस तेजी से बढ़ गए हैं। ऐसा नहीं है कि इस फ्लू में केवल बच्चे ही संक्रमित हो रहे हैं बल्कि यह किसी भी उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है।

जम्मू मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉ अशोक शर्मा का कहना है कि वायरल कंजंक्टिवाइटिस के दौरान अधिकांश लोग खुद ही आंखों का इलाज करना शुरू कर देते हैं, जो कई बार नुकसानदायक होता है। यह वायरस हवा के माध्यम से फैलता है। इसीलिए शहरों के साथ-साथ यह ग्रामीण क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में जहां भीड़भाड़ अधिक होने और कचरे का सही निस्तारण नहीं होने के कारण यह बीमारी तेज़ी से फ़ैल रही है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के अभाव में यह बीमारी अपने पैर पसार रही है। डॉ शर्मा ने कहा कि सावधानी और जागरूकता इस बीमारी से लड़ने और बचने का सबसे कारगर हथियार है।

हरीश कुमार

## मौसम के बदलाव का असर

# पीलिया और वायरल फीवर ने पसारे पांव






### मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन आ रहे हैं सौ से ज्यादा मरीज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम बदलने के साथ ही संक्रामक रोग की बाढ़ सी आ गई है। विशेष तौर पर प्रदूषित पानी के सेवन के कारण संक्रामक बीमारियों से लोग पीड़ित हो रहे हैं। वैसे तो मौसम से संबंधित बीमारियों के के स जिला अस्पताल प्रतिदिन आ रहे हैं। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी कमोवेश इसी तरह की स्थिति है। मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हर रोज सौ से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। सुबह से अस्पताल में लंबी-लंबी लाइन मरीजों की लग रही हैं। सबसे ज्यादा पीलिया और वायरल फीवर से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित मरीज हैं।

आम तौर पर मौसम के बदलने के साथ ही संक्रामक रोग से फैलता है। अभी इन दिनों सबसे ज्यादा प्रदूषित पानी के कारण बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। त्रिमूर्ति नगर, शिवनगर, ग्रीन सिटी, मदर टेरेसा नगर, माढ़ोताल आदि रिहायशी इलाकों में पीलिया, आंख की बीमारी और डायरिया, वायरल फीवर से परेशान मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं।

इस समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने जरूरी इंतजाम किये हैं। अस्पताल के प्रभारी डा. नितिन श्रीनिवासन ने बताया कि सीएमएचओ डा. संजय मिश्रा के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाईयां और दूसरे जरूरी इंतजाम किये गये हैं और इसके माध्यम से अस्पताल का स्टॉफ मरीजों के उपचार में लगा है। आम तौर पर तीन से चार दिनों में मरीज स्वस्थ्य हो जाते हैं।

### बीमारी से बचने के उपाय

इस बारे में डा. श्रीनिवासन बताते हैं कि अभी हम सभी को पीने वाले पानी को उबालने के बाद उपयोग करना चाहिये। इससे पानी को पीने लायक बनाया जा सकता है। इसके अलावा आंख आने के लक्षण वाले रोगी को अपने टॉविल, और दूसरे निजी चीजों को सुरक्षित रखते हुए उनका उपयोग करना चाहिये, आंखों में गागल का उपयोग करें इससे घरे अन्य सदस्यों को इस बीमारी से बचाया जा सकता है। साफ-सफाई का खास ध्यान रखने पर संक्रामक रोग का बचाव संभव है।

# पूर्व वित्त मंत्री तरूण भानोत को कमलनाथ ने दी महत्वपूर्ण जवाबदारी

### कांग्रेस चुनाव अभियान समिति में जबलपुर को मिला महत्व

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा को लेकर कांग्रेस ने चुनाव प्रचार अभियान समिति को फायनल कर दिया है। इसमें जबलपुर से पूर्व मंत्री एवं पश्चिम के विधायक तरूण भानोत को जगह दी गई है। बाकी दूसरे नेताओं को इसमें स्थान नहीं दिया गया है। इसे लेकर पार्टी में चर्चाओं का दौर सुना जा रहा है। एक तरह से प्रदेश कांग्रेस कमेटी में श्री भानोत का कद बढ़ गया है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि बीते दिनों पाटी की स्टार नेत्री प्रियंका गांधी का दौरा हुआ था, इसे जिस तरह सफल माना जा रहा है उसमें भानोत की भूमिका महत्वपूर्ण रही। हालाकि सभी पार्टी नेताओं ने उक्त रैली को सफल बनाने में प्रयास किये थे। लेकिन पूरी कवायद में तरूण भानोत अग्रणी रहे।



जिसका प्रतिशाद उन्हें पार्टी ने दिया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने तरूण भानोत को जरूरी जवाबदारी दी थी। उसे भी उन्होंने सफलता पूर्वक निभाया था। इसी के चलते एक बार फिर श्री भानोत को पार्टी ने महत्वपूर्ण समिति में स्थान देकर उन पर भरोसा जताया है। गौरतलब है कि इस समिति में अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया और संयोजक प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ संयोजक बनाये गये है। कमेटी का ऐलान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया है।



# बीसा संस्थान में जलवायु अनुकूलन कृषि पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान बीसा में बिहार के किसानों हेतु जलवायु अनुकूलन कृषि पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस सत्र में बीसा के निर्देशक डॉ. अरूण कुमार जोशी एवं प्रधान शस्य वैज्ञानिक व बीसा साइंटिफिक लीड डा. रवि गोपाल सिंह के निर्देशन में ख्यातिलब्ध शस्य वैज्ञानिकगण मेवा लाल केवट का संस्थान के वैज्ञानिकों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया डॉ. केवट ने बदलती जलवायु से कृषि में होने वाले नुकसान एवं उससे बचने के उपाय साझा किए। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक नारायण धर ने बोरलॉग इंस्टीटयूट फॉर साउथ एशिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कीएवं कृषि वैज्ञानिक श्री महेश मसके ने किसानों को फसल उत्पादन में होने वाली कठिनाइयों तथा समाधान की उत्तम जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में संस्थान के अन्य सहयोगीश्री विनीत कुमार चौबे, पुनीत शुक्ला तथा राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# एपीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में ग्रीन-डे मनाया गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्तमान समय में पर्यावरण के असंतुलन को देखते हुए वृक्षारोपण करना बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि विकास के नाम पर लगातार पेड़ों काटते जा रहे हैं जिससे हमारा पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है, यह कहना है कि एपीएन, सीबीएसई, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव का, अवसर था शाला में ग्रीन डे का। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे कि सभी को शुद्ध आक्सीजन प्राप्त हो सके, प्रायमरी के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण से संबंधित विचार एवं सभी ने हरे रंग की ड्रेस पहनकर हरियाली का संदेश दिया तत्पश्चात शाला परिसर में वृक्षारोपण किया कार्यक्रम में सीबीएसई प्राचार्य महेश मोरे, स्टेट बोर्ड, प्राचार्य अजय वर्मा, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह एवं रेखा यादव, जया श्रीवास, शिल्पी शुक्ला, आकांक्षा सैनी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित थे।

# संत शिरोमणी रविदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा : डॉ. जितेन्द्र जामदार



**जबलपुर, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार ने बताया कि मुख्यामंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संत शिरोमणी श्री रविदास जी के बताये हुये मार्ग में चलकर सामाजिक समरसता का संदेश देने के लिये यात्रा प्रारंभ की गई है।

प्रदेश में यह यात्रा 25 जुलाई को बालाघाट, धार, नीमच, श्योपुर और सिंगरौली जिले से प्रारंभ की गई है। जिससे संत शिरोमणी रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस यात्रा का समापन 12 अगस्त् को ग्राम बड़तूमा जिला सागर में होगा। डॉ जामदार बुधवार को सर्किट हाउस क्रमांक 1 में समरसता यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक पाटन अजय विश्नोई, विधायक सिहोरा नंदिनी मरावी, पूर्व विधायक शरद जैन, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, जिला पंचायत की मुख्यय कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह, अपर कलेक्टेर मीशा सिंह, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, नगर निगम आयुक्त स्वपनिल वानखेड़े मौजूद थे।

डॉ. जितेन्द्रा जामदार ने बताया कि समरसता यात्रा बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर जिले से होते हुये 5 अगस्त को जबलपुर जिले में आगमन कर 9 अगस्त को कटनी जिले में प्रवेश करेगी।

जनसंवाद का कार्यक्रम सीएम राईज स्कूल परिसर चरगांव में होगा। इस दौरान यात्रा का नागरिकों के द्वारा प्रार्थना व पूजा कर फूल मालाओं से स्वागत किया जायेगा। उन्होईनें बताया कि 6 अगस्त। को समरसता यात्रा का जनसंवाद का कार्यक्रम सामुदायिक भवन पाटन और खेरमाई के पास पनागर में होगा। 7 अगस्त को जनसंवाद का कार्यक्रम दीनदयाल माढ़ोताल बस्तीम आईटीआई और बाबूराव परांजये वार्ड चंडी माता मेला स्थान में होगा।

# महिला मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मोटे अनाज उत्सव में हुई शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में महिला मोर्चा दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रवास में पधारी दिल्ली महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष योगिता सिंह ने प्रवास के दूसरे दिन भाजपा कार्यालय रानीताल में मोटे अनाज उत्सव में भाग लिया।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा योगिता सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अपने अपने घर से मोटे अनाज के पकवान बनाकर लाई और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रूपा राव संभाग प्रभारी डॉ नंदिता पाठक के संयोजन में आयोजित मोटे अनाज उत्सव में पूर्व महापौर सुशीला सिंह, कांति रावत सारस्वत अतिथि थी।

नगर के महिला मोर्चा के बहनों ने मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजन जैसे मठरी, सलोनी, बाजरे की रोटी, रागी के लड्डू, मोटे अनाज़ की खीर, हलवा विभिन्न प्रकार के व्यंजन लेकर मोटे अनाज का उत्सव मनाया। इस अवसर पर योगिता सिंह की दिल्ली प्रदेश की उपाध्यक्ष बनने पर महिला मोर्चा ने उनका पुष्प वर्षा से मंगल गीतों से, माल्यार्पण से अभिनंदन समारोह किया। मोटे अनाज उत्पादन कर रहे कृषक बहनों का सम्मान संभाग प्रभारी एवं कांति रावत ने किया।

इस अवसर पर इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू, रजनी यादव, अंजू भार्गव, तृष्णा चटर्जी, मधुबाला राजपूत, रीना राय, कल्पना तिवारी, जाग्रति शुक्ला, सीमा सिंह चौहान, सुमन यादव, नीता रजक जी, प्रियंका श्रीवास्तव, सीमा सिंह उपस्थित थी।

# महिला कृषक के सुमन सिंह का सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जानता पार्टी ज़िला कार्यालय में महिला कृषक के रूप में सुमन सिंह यादव का सम्मान किया सम्मान प्रदेश की उपाध्यक्ष मोटे अनाज की प्रभारी डॉ. नादिता पाठक, कांति रावत जी, ज़िला अध्यक्ष महिला मोर्चा रूपा राव, सीमा सिंह जान भागीदारी अध्यक्ष, सीमा सिंह चौहान, श्वेता सिंह ठाकुर, नीता रजक, कल्पना तिवारी, जाग्रति शुक्ला एवं सभी बहनों ने स्वागत किया।




# पमरे लेखा अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के लेखा विभाग द्वारा 02 अगस्त को महाप्रबंधक के सम्मेलन कक्ष में सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन प्रमुख वित्त सलाहकार डॉ. एन.के. श्रीवास्तव द्वारा महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

सम्मेलन में अपर महाप्रबंधक आर.एस.सक्सेना, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज शर्मा एवं पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों के साथ सभी इकाइयों के लेखा प्रमुखों ने सम्मेलन में भाग लिया।

महाप्रबंधक/पमरे ने रेलवे के गतिशील कामकाज के बीच इस क्षेत्र में लेखा अधिकारियों की बहुआयामी भूमिका पर जोर दिया। यातायात लेखा और कार्य लेखा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक को अपनाने में हुई प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके साथ ही पमरे में व्यय और आय की स्थिति की समीक्षा की गई।

सम्मेलन का समापन विवेकपूर्ण ढंग से खर्च करने की दिशा में प्रणालीगत सुधार सुनिश्चित करने और भारतीय रेलवे के लिए बेहतर सेवा वितरण और वित्तीय स्थिरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में खातों की भूमिका को फिर से परिभाषित करने के संकल्प के साथ संपन्न किया गया।

## हर समस्या का समाधान आपके द्वार

# 5 अगस्त को प्रत्येक तहसील मुख्यालय में लोक अदालत का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में हर समस्या का समाधान आपके द्वार योजना का कियान्वयन के लिये 05 अगस्त को प्रत्येक तहसील मुख्यालय में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। वैकल्पिक विवाद समाधान की इस योजना के पीछे यह संकल्पना आधारभूत है, जिसमें सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणजन के मध्य विवादों का उनके नजदीकी मुख्यालय पर ही उनका निपटारा किया जाये। उक्त योजना में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग एवं न्यायालय विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विवादों का निपटारा किया जायेगा।

लोक अदालत में राजस्व विभाग से संयुक्त कलेक्टर कलावती ब्यारे, पुलिस विभाग से एडिशनल एस.पी. प्रदीप सैण्डे एवं विद्युत विभाग से कार्यपालन अभियंता विकास सिंह मिशन कम्पाउंड ऑफिस सिविल लाईन सदर को नोडल ऑफीसर नियुक्त किया गया है।

संयुक्त कलेक्टर के द्वारा 10 तहसील मुख्यालयों का शिविर लगाये जाने हेतु सभी संबंधित तहसीलदार को शिविर प्रभारी बनाये गये हैं। उक्त लोक अदालत का आयोजन सभी तहसील कार्यालयों के सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमाशंकर अग्रवाल के द्वारा जिले की समस्त जनता से आग्रह किया गया है किये अपने ऐसे दाण्डिक मामले जिनमें राजीनामा हो सकता है तथा राजस्व एवं विद्युत संबंधी मामले एवं शिकायतें का निराकरण इस लोक अदालत में अपने स्थान से संबंधित तहसील मुख्यालय के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर करवा सकते है राजस्व विभाग से संबंधित समस्त शिकायतें जिसमें नामांतरण, कब्जा, फसल हानि की आर्थिक सहायता, कुएं या नलकूल में दी जाने वाली आर्थिक सहायता, नक्शा, बटवारा से संबंधित समस्या, सीमांकन विवाद, रास्ते जल निकासी के विवाद इत्यादि तथा विद्युत विभाग के निम्न दाब कनेक्शन प्राप्त करने, मीटर बंद होने, तेज चलने की शिकायत, निम्न दाब संयोजन, विद्युत बिल बकाया की वसूली के मामले एवं पुलिस विभाग के ऐसे मामले जिनमें शिकायत के बावजूद भी संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज न की गयी हो उनका निराकरण भी उक्त लोक अदालत के समक्ष किया जायेगा।

### राज्यमंत्री कुलस्ते आयेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यस मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते 3 अगस्त को प्रात: 7.30 बजे एयरपोर्ट दिल्ली से प्रस्थान कर प्रात: 9.45 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन करेंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री कुलस्ते सर्किट हाउस जबलपुर में अल्प विश्राम करने बाद प्रात: 10.30 बजे जबलपुर से निवास जिला मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आशु रजक बने सोशल मीडिया संयोजक

**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देश पर भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा की सहमति एवं भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू के अनुमोदन के पश्चात भाजपा सोशल मीडिया के जिला संयोजक अमन शर्मा ने युवा नेता आशु रजक को उत्तर विधानसभा का सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया है।



# पूजा साहू शांति मोहन स्वर्ण पदक से सम्मानित



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की ख्यातिलब्ध शैक्षणिक संस्था मॉडल हाई स्कूल के संस्थापक पंडित लज्जाशंकर झा की 150 वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय के शिव प्रसाद निगम सभागार में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से अलंकृत किया गया। जबलपुर में रेलवे पुलिस, सीबीआई, ईओडब्ल्यू, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल, आरटीओ लायसेंस बोर्ड और विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत रहे दो बार राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत उप पुलिस अधीक्षक बीएम पाराशर की स्मृति में उनकी पुत्रवधु नीता पाराशर और पुत्रों दुर्गेश व संतोष पाराशर द्वारा मॉडल हाई स्कूल में गणित विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली पूजा साहू को शांति-मोहन स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जबलपुर के कमिश्नर अभय वर्मा सहित विद्यालय के पूर्व व वर्तमान विद्यार्थी उपस्थित थे।

# चौड़े नालों को बाक्सनुमा बनाना ही जलप्लावन का कारण : महापौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के द्वारा मानसून आगमन के पूर्व शहर के नागरिकों को मानसून के दौरान जलप्लावन से राहत मिल सके और वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुगम हो इसके लिए पहले से ही शहर की सभी छोटे-बड़े नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई कराई जा चुकी है, ताकि अतिवृष्टि के दौरान कहीं जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। सफाई नियमित प्रक्रिया है, इस दौरान यदि कहीं नाला नालियों के बहाव में अवरोध उत्पन्न हो रहा है उसके लिए महापौर ने जलप्लावन वाले क्षेत्रों में दौरा करने के दौरान सभी संभागीय अधिकारियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को कड़े शब्दों में वर्षा जल निकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये।




### शहर के किसी भी क्षेत्रों में जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो

महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के द्वारा 2 अगस्त को शीतला माई वार्ड के अंतर्गत आने वाले जलप्लावन क्षेत्र कोरी मोहल्ला, ताम्रकार मोहल्ला एवं अन्य मोहल्लों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने नागरिकों का हालचाल जाना और वर्षा जल निकासी की व्यवस्था कराई। उन्होंने बताया कि पूर्व में बने सकरे नाले के कारण कहीं कहीं जल प्लावन की स्थिति निर्मित हो रही है, इस दिशा में भी कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद कल्लन गुप्ता, जय घनघोरिया, दीपक चौरसिया, नीरज पासी, आर्या पटैल, प्रदीप गुप्ता, शुभम चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# इग्नू में ग्रामीण विकास और पयर्टन के क्षेत्र में कैरियर की संभावनाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय में युवाओ के लिये ग्रामीण विकास और पयर्टन के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने की अपार संभावनाएं हैं। ग्रामीण विकास में 6 माह के प्रमाण पत्र ओर 1 वर्ष के डिप्लोमा के साथ-साथ दो वर्ष की स्नातक उपाधि का विकल्प देता है। इसमें रोज कक्षाओं का बंधन नही है। इग्नू ने एग्री बिजनेस, ज्योतिष वास्तुशास्त्र, टूरिज्म मैनेजमेंट, बीए-बीटी भी आरंभ किया है। दस अगस्त तक ऑन लाइन का प्रवेश लिंक उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये रादुविवि स्थित इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क कर सकते है। उक्त जानकारी रीजनल डायरेक्टर एस श्रीनिवास ने दी।

# फाइनेंशियल प्लानिंग स्ट्रॉन्ग बना रहा 50-30-20 कॉन्सेप्ट

## पर्सनल यूज, सेविंग और इन्वेस्टमेंट के लिए यूथ चुन रहे प्लान

**जबलपुर, देशबन्धु।** बदलती लाइफस्टाइल के चलते युवाओं के खर्चे भी बढ़ गए हैं। सैलरी का बड़ा हिस्सा उनके खर्च पर ही निकल जाता है ऐसे में सेविंग और इन्वेस्टमेंट तक उनकी पहुंच कम होती है। इस प्रॉब्लम से बचने के लिए युवाओं द्वारा 50-30-20 के कॉन्सेप्ट पर फोकस किया जा रहा है। इस कॉन्सेप्ट पर अमल करने के लिए फाइनेंशियल एक्सपर्ट भी सजेस्ट करते हैं। उनका कहना है कि फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए खर्चों के साथ-साथ सेविंग और इन्वेस्टमेंट पार्ट को कवर करना भी जरूरी है।

### क्या है यह कॉन्सेप्ट

युवाओं को फाइनेंशियल प्लानिंग की जरूरत है, क्योंकि ज्यादातर युवा बिना किसी प्लानिंग के सैलरी का बड़ा हिस्सा खर्च कर देते हैं। प्लानिंग के लिए 50-30-20 का नियम इसलिए अपनाया जा रहा है, ताकि कमाई का 50 फीसदी भाग बेसिक जरूरतों पर, 30 फीसदी शौक पर खर्च और 20 फीसदी कमाई का हिस्सा इन्वेस्टमेंट के लिए सेव करना चाहिए।

### ऐसी करें प्लानिंग

- प्लानिंग ऐसी हो जो लॉन्ग टर्म के लिए सिक्योर हो।
- मुख्य सैलरी के साथ हमेशा साइड इनकम पर फोकस बनाकर चलें।
- शेयर बाजार में लॉन्ग टर्म निवेश करें और अच्छा मुनाफा लें।
- बैंक में पैसा रखें तो एफडी करें, इससे आपको 7 फीसदी इंटरेस्ट मिलेगा।



युवाओं को सेविंग के लिए प्लानिंग के साथ माइंड सेट की जरूरत है। उन्हें यह डिसाइड करना होगा कि उन्हें हर जरूरत के हिसाब से ही पैसे खर्च करना है। इन्वेस्टमेंट की पॉलिसी जरूर चुने।

**- श्रुति जैन,** सीए



इन्वेस्टमेंट प्लानिंग हर युवा के लिए जरूरी है। यह जहां मुसीबत में काम आती है, वहीं लाइफ की बड़ी सेविंग के रूप में मिलती है। शौक के खर्चों को कम करके सेविंग में अधिक ध्यान देना होगा।

**- प्रशांत दत्त,** सीए

# श्री गुप्तेश्वर महादेव का अन्नापूर्णा महादेव श्रृंगार



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी को संध्या आरती में अन्नापूर्णा महादेव श्रृंगार किया गया।

श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास महाराज के सानिध्य में श्रावण में पुरूषोत्तम मास के अवसर पर पूजन अर्चन आरती में बसंत मिश्रा, राजेश तिवारी, कमलेश अग्रवाल, उत्कर्ष रावत, कमलेश जयसवाल, राजेंद्र त्रिपाठी, एकलव्य ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावण मास के पावन अवसर पर होटल मिड जर्नी मदर टेरेसा नगर के सामने कटंगी रोड में 1 से 8 अगस्त तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। मंगलवार को कलश यात्रा के साथ धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। श्री खेरमाई मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो कथा स्थल पर पहुंची। इसमें भगवान शंकर और अन्य देवी देवताओं की झांकी शामिल रही। व्यास पीठ से सचिन महाराज कथा का वाचन करेंगे। दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा के सुंदर प्रसंगों का वर्णन किया जायेगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने भक्तों से इस मौके पर शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# छतड़ू टॉप पर तिरंगा



**जबलपुर, देशबन्धु।** सौरभ कुशवाहा ने एडवांस कोर्स के दौरान हिमाचल में खराब मौसम होते हुए भी छतड़ू टॉप पर 14,400 की हाइट पर तिरंगा लहराया। उनके साथ 37 लोगों की टीम थी, जिन्हें 18,500 फीट का टास्क मिला था लेकिन रॉक फॉल होने के कारण टीम कम हाइट तक ही समिट कर सकी।

# बेसिक माउंटेनियरिंग



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर की रागिनी वर्मा ने बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स में 15,700 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा लहराया। इस कोर्स के लिए देशभर से 133 माउंटेनियर्स का चयन हुआ था। उन्होंने बकरताज में लगे बेस कैम्प में ट्रेनिंग की और सेतिधार में समिट किया। वे दुर्गा-मुकेश वर्मा के बेटी हैं।

# सनातन धर्म महासभा की बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सनातन धर्म महासभ की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा की तैयारियों हेतु प्रथम बैठक गुरुवार 03 अगस्त को शाम 5 बजे श्री नृसिंह मन्दिर शास्त्री ब्रिज में आयोजित हैं।



परम्परानुसार भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण के पावन जन्मोत्सव पर श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में आगामी 07 सितम्बर को भगवान श्री कृष्ण की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसकी तैयारियों हेतु प्रथम बैठक गुरुवार शाम 05 बजे श्री नृसिंह मन्दिर में पूज्य नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंहदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित है।

महासभा के समस्त पदाधिकारियों सदस्यों, सभी सहयोगी मंदिरों के पदाधिकारियों, सहयोगियों तथा नगर की समस्त धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से प्रथम बैठक में समय पर उपस्थित होकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा को एतिहासिक बनाने में अपना मार्गदर्शन एवं सुझाव देने का आग्रह श्याम साहनी, अशोक मनोध्या ,गुलशन मखीजा व श्री सनातन धर्म महासभा, श्री नृसिंह मंदिर, गीताधाम परिवार ने किया ।

# धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर : सीताराम कुरचानिया चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने

**जबलपुर, देशबन्धु।** धनुष यज्ञ सदर बाजार रामलीला बैठक में आय व्यय बजट प्रस्तुत 2021,2022, एक, लाख रुपए घाटा बताया गया 2023 में 17 से 18 लाख अनुमानित खर्च बजट प्रस्तुत किया गया लगभग धनुष यज्ञ रामलीला के 21000 सदस्य सदर छावनी में अनेक बरसों से भगवान राम पर आस्था, धनुष यज्ञ रामलीला में साध्वी पीढ़ी वर्तमान में पांचवी , छठी मेरे साथ में काम कर रही है यह गर्व की बात है सजीव चित्रण जिसमें विगत वर्ष अहिल्या कौशल्या अन्य बेटियों ने सजीव चित्रण किया था हमारी रामलीला आधुनिक युग में संस्कृति को समेटे है जो नवनिर्वाचित पदाधिकारी चयनित हुए हैं जिसमें मधुर तिवारी सेक्रेटरी, व्यवस्थापक अभिषेक चौकसे सहायक व्यवस्थापकप्रकाश सोनी राहुल रजक, कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी मनोहर लाल अग्निहोत्री दिनेश शुक्ला संजय शुक्ला, प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई संदीप चौकसे , लीला प्रधान ,मोहित अग्निहोत्री आशीष पाठक व्यासपीठ शिवदत्त चौबे नरेश तिवारी डॉ शंकर पांडेप्रमोद तिवारी रजनीकांत अवस्थी प्रवण अवस्थी,सज सज्जा अभय नायडू डी,पी,कमल , अखाड़ा प्रबंधक राकेश रजक सेवक आकाश नायडू रवि महावर ,धर्म संगीत विजय ठाकुर शरद शर्मा नितेश शर्मा रितेश तिवारीएवं पात्रों का चयन प्रक्रिया दिन गुरुवार को करने का निश्चय किया है



शुक्रवार से अभिनय पात्रों का प्रारंभ होगा विनती है संस्कारधानी में धनुष यज्ञ रामलीला में अभिनय हेतु सादर आमंत्रित हैं जिन्हें निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा आभार प्रदर्शन नवनियुक्त प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई द्वारा दिया गया अंत में हमारे पूर्वजों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद करते हुए श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया जय श्री राम के साथ आज की बैठक को विराम दिया गया गुरुवार को विशेष बैठक पात्रों का चयन होगा जिसमें लीला मैनेजर अध्यक्ष, सचिव आवश्यक रूप से उपस्थित होंगे

# स्कूलों में होंगे हैकथॉन, टीचर्स को मिलेगी ट्रेनिंग



**जबलपुर, देशबन्धु।** सीबीएसई स्कूलों में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत स्किल मॉड्यूल तैयार किए जाएंगे। इसके अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कौशल विषयों के लिए अध्ययन सामग्री बनाने, छात्रों के लिए प्रतियोगिताएं और हैकथॉन जैसे आयोजन होंगे।

इन विशेष कार्यक्रमों के लिए टीचर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए अलग-अलग संस्थानों से एमओयू भी साइन किए जाएंगे, ताकि स्टूडेंट्स को अधिक प्रैक्टिकल नॉलेज मिल सके। स्पोर्ट्स और फिटनेस बोर्ड द्वारा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की नई नीतियां तैयार की गई हैं।

इसके अंतर्गत अटल इनोवेशन मिशन, अपरेल मेड-अप्स, होम फर्निशिंग सेक्टर, ऑटोमेशन, खेल, शारीरिक शिक्षा, क्लोदिंग सेक्टर, हेल्थकेयर सेक्टर के कई संस्थानों में छात्रों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग मिलेगी। इन ट्रेनिंग से पहले स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसके बाद वे छात्रों को योग्य बनाएंगे।

# मतदान केंद्रों पर हुआ मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन

जबलपुर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज बुधवार को जबलपुर जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देने आज सुबह मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से गठित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां प्रदान की गई तथा निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केंद्रों की विधानसभावार सूची दी गई।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 03 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की द्वितीया। नक्षत्र-घनिष्ठा।**

मेष -आज दिन शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मीयजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कामों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च होगा।

वृषभ -आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज आप नए कामों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरी करने वालों एवं प्रोफेशनल्स के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

मिथुन -मानसिक रूप से आज का दिन दुविधाओं और उलझनों से भरा रहेगा। शारीरिक रूप से थकान होने और आलस्य के कारण किसी काम में मन नहीं लगेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी। धन का अपव्यय होगा। **क.157-456**

कर्क -प्रत्येक विषय में आज सावधानीपूर्वक व्यवहार करना पड़ेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाद-विवाद न करें। गुस्से को नियंत्रण में रखें। अधिक खर्च होने की भी संभावना है।

सिंह -वैवाहिक जीवन में तकरार होने से पति-पत्नी के बीच में तनाव होगा। जीवन साथी का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है। व्यापार में अपने भागीदार के साथ धीरज से काम लें। संभव हो तो निरर्थक चर्चा या विवाद में ना पड़ें।

कन्या -आज के दिन आप स्फूर्ति तथा अच्छे स्वास्थ्य का अनुभव करेंगे। घर तथा नौकरी में वातावरण आनंददायी रहेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

तुला -आप का दिन मध्यम फलदायी है। संतान की चिंता आपको सताएगी। विद्या-अभ्यास में बाधा आ सकती है। वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज ना करें।

वृश्चिक -आज शांत चित्त से दिन गुजारें। मन किसी खास चिंता में रह सकता है। शरीर भी अस्वस्थ रहेगा। इससे आपके काम करने की गति धीमी होगी। संबंधियों के साथ मनमुटाव हो सकता है। आर्थिक हानि की संभावना है।

धनु -नए काम की शुरुआत करने के लिए आज का दिन शुभ है। भाई-बंधुओं से मेल-जोल रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास का आयोजन हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा। आध्यात्मिकता में अधिक रस लेंगे।

मकर -आज परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वाणी पर संयम आपको कठिनाई से बाहर निकालेगा। शेयर-सट्टे में पूंजी-निवेश का आयोजन कर पाएंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आंख का दर्द हो सकता है।

कुंभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक तथा मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे। भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अच्छा अनुभव होगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

**2,5,6,8,26,58,63,88,04,10,73,98**

# मूर्तिकला के कलाकारों ने डांस पर दिखाया टैलेंट

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्ले, स्टोन, वुडन, फाइबर और मैटल का उपयोग करने वाले मूर्तिकारों ने मंच पर डांस और म्यूजिक में टैलेंट दिखाया। एक के बाद एक दी गई बेमिसाल प्रस्तुतियों में देशभक्ति और लोक संस्कृति के रंग नजर आए। मंगलवार को शासकीय ललित कला महाविद्यालय में फेयरवेल फंक्शन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बीएफए और एमएफए से चित्रकला, व्यवहारिक कला और मूर्तिकला विभाग के छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों में हुनर दिखाया और कॉलेज से जुड़े संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के मंदिर से निकलने के बाद युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने पर काम करना होगा। द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया।






# ग्रंथपाल की अहम भूमिका है पुस्तकों का प्रभाव समझाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मोबाइल के दौर में लोग किताबों ने दूर हो गए हैं। विशेषकर बच्चों को किताबों से प्रेम होना आवश्यक है। पुस्तकों के प्रभाव को समझाने में ग्रंथपाल की अहम भूमिका होती है।

यह जानकारी पुस्तकालय के जिला स्तरीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि रेखा चूड़ासमा, प्राचार्य एमएलबी स्कूल प्रभा मिश्रा और ग्रंथपाल केन्द्रीय ग्रंथालय, वीरेन्द्र पटेल ने दी। केन्द्रीय ग्रंथालय में हुए कार्यक्रम में ग्रंथालय की कार्यप्रणाली और विद्यार्थियों में पुस्तक पढ़ने की ललक को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। चार दिवसीय आयोजन में प्रथम चरण में कई विकासखण्ड से प्रतिभागी शामिल हुए।

# खराब परफार्मेंस या लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही करें : कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मलेरिया, डायरिया, डेंगू एवं आई-फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये जिले भर में शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। श्री सुमन स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एमएल मेहरा भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सुमन ने बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले के परफार्मेंस को बेहतर करने की अपेक्षा करते हुये स्वास्थ्य अधिकारियों से मॉनीटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन में यदि कहीं खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र में डॉक्टर या स्टाफ की कमी आडे आती है तो रोस्टर बनाकर इसकी पूर्ति की जाये। कलेक्टर ने चिकित्सकों से भी अपेक्षा कि वे रोस्टर का पालन करेंगे और तय दिनों पर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सेवायें देने की अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करेंगे।

कलेक्टर ने जिले में स्थित प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों, दवाओं एवं पैथालॉजी जांच की सुविधाओं की जानकारी भी बैठक में ली। वहीं खराब परफार्मेंस या लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# संस्कृत का महासम्मेलन 2 सितम्बर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कृत भारत की श्रेष्ठ भाषा है संस्कृत वर्तमान में कई देशों में पढाई और सिखाई जा रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांगिक संगठन संस्कृत भारती महाकोशल प्रांत के द्वारा संस्कृत महासम्मेलन 2 सितम्बर को जबलपुर में किया जा रहा है। इस सम्मेलन में संघ के वरिष्ठ अधिकारी, नेता, एकवोकेट, इंजीनियर, प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं नारी शक्ति एवं जबलपुर की आम जनता उपस्थित होगी। संस्कृत का जन-जन में प्रचार एवं प्रसार करने के उद्देश्य से यह महासम्मेलन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में एक बड़ी ज़ शोभायात्रा समन्वय सेवा केन्द्र से छोटी लाईन होते हुए निकाली जायेगी जिसमें रामायण एवं गीता के दृश्यों की भी झाँकी प्रस्तुत की जायेगी। शोभायात्रा का जनमानस के द्वारा जगह-जगह पर स्वागत किया जायेगा तदोपरान्त विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जायेगा। इस बडी प्रदर्शनी में संस्कृत एवं विज्ञान विषय पर कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में संस्कृत के श्लोकों का वाचन होगा एवं छात्र-छात्राओं को संस्कृत प्रतियोगिता के सर्टिफिकेट भी वितरण किए जायेंगे। इस कार्यक्रम में शहर के जाने-माने बुद्धि जीवियों के द्वारा संस्कृत में उद्बोधन भी दिया जायेगा। भारतीय नृत्यों का प्रदर्शन भी छात्र-छात्राओं के द्वारा दिया जायेगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्कृत भारती के संगठन मंत्री डॉ मनोज पांडे, संयोजक डॉ अनुराग सोनी, नगर महामंत्री शक्ति तिवारी एवं कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला उपस्थित थे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**मधुकर कुलकर्णी-** रवींद्र नगर अधारताल निवासी श्री मधुकर कुलकर्णी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. हर्षिता वासवानी-** प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पीछे मदनमहल निवासी श्री सतीश कुमार वासवानी की पुत्री कु. हर्षिता वासवानी (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा गर्ग-** जोगनी नगर रामपुर निवासी श्री श्याम सुंदर गर्ग की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा गर्ग (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तुलसा बाई चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री कंधी लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपक कुमार गोस्वामी-** सुहागी अधारताल निवासी श्री दीपक कुमार गोस्वामी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपाल सिंह-** न्यू ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री गोपाल सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अभिजीत मलिक-** इंद्रा नगर व्हीकल रोड निवासी श्री चुन्नी लाल मलिक के पुत्र श्री अभिजीत मलिक (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण दास कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा रोड निवासी श्री नारायण दास कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गायत्री देवी सुल्लेरे-** शोभापुर रोड अधारताल निवासी श्री बद्री प्रसाद सुल्लेरे की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री देवी सुल्लेरे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानू खटीक-** खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी श्री विकास खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती रानू खटीक (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**हज्जन जहबुन निशा का इंतकाल-** गोहलपुर मोमिनपुरा तलैया निवासी हाजी मौलवी रियाज़ आलम शहर काजी, डॉ. इरशाद अहमद, अशफाक अहमद की वालदा हज्जन जहबुन निशा का इंतकाल हो गया है। जिनकी मैय्यत उनके निज निवास से मंदी मदार टेकरी कब्रिस्तान गई और वही सुपूर्दे खाक किया गया।

## साधु और महिला की पेड़ से लटकी मिली लाशें, पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत भटियावाला गांव में एक साधु और एक महिला का संदिग्ध अवस्था में पेड़ से झुलते हुये शव मिलने से गांव में सनसनी मच गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की फिलहाल पहचान नहीं हुई है। ग्रामीणों ने भी साधु और महिला को इसके पहले गांव में नहीं देखा है।

पुलिस को आशंका है कि दोनों कहीं और रहते हैं। उन्होंने यहां आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस बाकी जिलों के थानों में मृतकों की तस्वीरें भेज उनकी पहचान स्थापित करने की कोशिश कर रही है।



आरक्षक रितिक तिवारी ने बताया कि धुआंधार से फोन पर सूचना मिली कि भटियावाला गांव में एक साधु और एक महिला की लाश एक साथ पेड़ पर फांसी पर झूल रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शवों को पेड़ से उतारा और पंचनामा किया। साधु और महिला की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल लाया गया है। पुलिस शवों की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। तिवारी ने बताया कि पुलिस को आशंका है कि दोनों किसी दूसरे शहर रहते हैं। पुलिस ने आसपास के जिलों सहित पूरे प्रदेश के थानों में साधु और महिला की पहचान के लिए सूचना दे दी है।

## युवती ने घर से डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर क्यों उठाया आत्मघाती कदम? सुलझाने में जुटी पुलिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत बंदरिया तिराहा स्थित एक अपार्टमेंट में बीते दिनों एक युवती ने 13वीं मंजिल से छलांग लगा कर मौत को गले लगा लिया। जिस किसी ने भी यह मंजर देखा भौंचक्का ही रह गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब अपार्टमेंट के लोगों से पूछताछ की तो यह सामने आयी कि मृतक युवती इस अपार्टमेंट में ही नहीं रहती। सुरक्षा गार्ड ने पुलिस को बताया कि युवती ने उसे बताया था कि वह अपनी सहेली से मिलने जा रही है। कुछ ही देर बाद नीचे गिरी और उसकी मौत हो गई। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवती का नाम हर्षिता वासवानी 23 वर्ष है। जिसके पिता सतीश वासवानी निवासी मदन महल एक प्लायवुड कारोबारी हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि हर्षिता कुछ ही माह पहले जयपुर से सायकोलॉजी के पढ़ाई पूरी करके जबलपुर घर वापस आयी थी। पुलिस को अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, जिसमें हर्षिता लिफ्ट से बिल्डिंग में जाते हुये दिखाई दे रही है।



पुलिस को घटनास्थल और घर से सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे घटना के संबंध में कोई जानकारी मिल सके। हर्षिता ने घर से करीब 1.5 किलोमीटर जाकर बंदरिया तिराहा स्थित ओजस इंपीरिया से कूदकर जान क्यों दी? ये बात उसके परिजनों को भी समझ नहीं आ रही है। गोरखपुर थाना पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम हर्षिता के पिता सतीश वासवानी और भाई देवांश वासवानी अपनी शॉप पर थे। घर में हर्षिता और उनकी मां थीं। मां की तबीयत ठीक नहीं थी। वह सो रही थीं। इसी बीच हर्षिता घर से निकल गई। हर्षिता सुसाइड कर चुकी है इसकी खबर देर रात परिजन को मिली। गोरखुपर थाना प्रभारी अरविंद कुमार के मुताबिक, मंगलवार शाम को 4 बजकर 46 मिनट पर हर्षिता लिफ्ट पर चढ़ी। 13वें फ्लोर पर गई। लिफ्ट यूज करने के करीब 3 मिनट बाद ही गार्ड्स ने गिरने की आवाज सुनी। जाकर देखा तो हर्षिता की मौत हो चुकी थी। हर्षिता ने यह घातक कदम क्यों उठाये इसकी जांच पुलिस कर रही है।



## भारत मोर्चा के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे कुदवारी वासी अधिकारी को बताई पीड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अमखेरा स्थित कुदवारी में सैकड़ों की तादात में परिवार रहते है परंतु उनके क्षेत्र में लंबे समय से समस्याऐं बनी हुई है उनका प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कभी भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे वहां के क्षेत्रीय लोगों को अच्छी खासी समस्याओं का सामना करना पड़ता है यही वजह है कि मजबूरन उन्हें मध्य भारत मोर्चा का सहारा लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय आना पड़ा। जहां मध्य भारत मोर्चा के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि उनके क्षेत्र में ना तो सड़क है और ना ही नाली और ना ही बिजली जिसकी वजह से उन्हें टी.सी कनेक्शन लेकर जीवन यापन करना पड़ रहा है। जिसका बिल आम बिल से भी अत्याधिक ज्यादा आता है। वहीं आपको बता दें प्रदेश सरकार ने अवैध कॉलोनियों को वैध कर दिया है। परंतु यहां अभी भी व्यवस्थाओं का अभाव है जिसको लेकर मध्य भारत मोर्चा एवं क्षेत्रीय महिलाओं ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है और मध्य अमखेरा स्थित कुदवारी क्षेत्र में भी ध्यान आकर्षित करने की मांग की है साथी में मांग की है वही क्षेत्रीय महिलाओं का कहना है कि टैक्स भी दे रहे है और हमें कोई सुविधा नहीं दी जा रही अगर हालात नहीं सुधरे तो हम आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बिजली और रोड नहीं तो वोट नहीं। इस दौरान मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, महासचिव आशीष मिश्रा बिहारी, अभिषेक शर्मा, बबली शर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, दीपा दुबे, रजनी राज, रेखा तिवारी, बबिता उपाध्याय, अलका गुप्ता, रीता साहू, संध्या साहू, गीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कोतवाली व गोहलपुर पुलिस ने पकड़े शराब व नशीले इंजेक्शन के तस्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में मादक पदार्थों की तस्करी का सिलसिल थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन पुलिस शहरी व ग्रामीण इलाकों में शराब, गांजा व नशीले इंजेक्शनों के तस्करों को दबोच रही है। इसके बावजूद भी नशे के सौदागर इस अवैध व्यापार को बेखौफ कर रहे हैं।

इसी कड़ी में कोतवाली व गोहलपुर पुलिस ने शराब व नशीले इंजेक्शन के तस्कर को दबोचा है। जिनसे शराब व इंजेक्शन बरामद किये हैं। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली कि राजीव नगर चेरीताल में गगन ठाकुर अपने घर के पास एक थैले में रख कर नशीले इंजेक्शन बेच रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी, जहां गोलू उर्फ आशीष ठाकुर एवं गगन ठाकुर अपने हाथ में एक एक थैला लिये हुये दिखे जिन्हें पकड़ा गया, दोनों ने अपने नाम गोलू उर्फ आशीष ठाकुर उम्र 34 वर्ष एवं गगन ठाकुर उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी राजीवनगर चेरीताल बताये। गोलू उर्फ आशीष ठाकुर कब्जे में रखे थैले की तलाशी लेने पर ब्युप्रेनार्फिन इंजेक्शन आईपी ब्यूपिन के 95 इंजेक्शन 2 एम एल वाले तथा आरोपी गगन ठाकुर थेले में फैनारामाईन मैलेट इंजेक्शन आईपी पेकाविल के 106 बायल जिनमें से 12 बायल पर से रेपर मिटा हुआ था। दोनों आरोपियों के कब्जे से 201 नशीले इंजेक्शन जप्त करने हुये आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

**शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार**- इसी प्रकार गोहलपुर थाना प्रभारी विजय तिवारी ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि गौरव नाम का युवक अमन नगर गेट के बाजू मे बोरी में शराब बेचने के लिये रखा है। जिससे सूचना मिलते ही छापा मारकर पकड़ लिया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम गौरव सिंह चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी सुभाष नगर मड़ैया अधारताल बताया। जो बोरी की तलाशी लेने पर 48 पाव अंग्रेजी शराब रखे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## विकासखंड स्तर पर खेल निरीक्षक का पद स्वीकृत करने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि इस समय हर तरफ उच्च पद पर कार्यभार का दौर चल रहा है। वहीं खेल शिक्षकों की उपेक्षा की जा रही है। सिर्फ उनके लिए एक ही पद जिला क्रीड़ा निरीक्षक का पद है और खेल शिक्षकों की संख्या अधिक है, जिन्हें पदोन्नति का लाभ बहुत कम ही मिल पाता है।

संघ ने आगे बताया कि यदि सभी ब्लॉकों में भी बी एस ओ (ब्लॉक स्पोर्ट्स ऑफिसर) का पद अगर स्वीकृत किया जाता है तो सभी खेल शिक्षकों को उच्च पद पर कार्य करने का मौका मिल सकता है और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में भी खेल को बढ़ावा मिलने के साथ ही उनकी सहभागिता बढ़ सकती है।

संघ के रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले, दिनेश गौड़, हेमंत ठाकरे, सुधीर अवधिया, क्रिस्टोफर नरोन्हा, शशि रमन स्वामी, अजय मिश्रा, मधुमिता हाजरा, सुषमा वर्मा, पूनम कुंटे, सीमा पटेल, शीला चौहान, अनुराधा पिल्ले आदि ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग की है कि सभी विकास खंडों में विकासखंड खेल निरीक्षक का पद स्वीकृत करते हुए खेल शिक्षकों को भी उच्च पद पर कार्य करने का मौका दिया जाए।

## सूफी हजरत सैय्यद गुल अशरफी के उर्स पर कव्वाली का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदुस्तान के मशहूर सूफी हज़रत सैय्यद गुल अशरफी के उर्स के मौके पर बीती रात कव्वाली की महफिल रखी गयी। मेहफिल की शुरूआत कुराने पाक की तिलावत से की गई। जिसके बाद हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल जुनैद सुल्तानी के सूफी गुल बाबा के लिखे एक से एक सूफियाना कलाम पेश किये। हज़रत इमाम हुसैन की शहादत पर पढ़े कलाम हक निभाना मेरे हुसैन का है ऐसा घराना मेरे हुसैन का है, जिसमें समाईन अक़ीदत में सराभोर हो गए और दिल खोलकर नजराना पेश किए। अंत मे सालातो सलाम के साथ उर्स शरीफ का समापन हुआ। गौसे किछोछा एकेडमी के फारुख अशरफी, अधिवक्ता मो. आलमगीर अशरफी, शाकिर अशरफी, अर्शद अशरफी ने जिला प्रशासन, नगर निगम, एवं प्रेस मीडिया का आभार व्यक्त किया।

## आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 54 युवकों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 9 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है। इसी प्रकार 14 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 3 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 19 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 4 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 4 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 तलवार, 3 चाकू जप्त किये गये।




## भाजपा कार्यालय के समक्ष माझियों का जोरदार प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध मप्र माझी मछुवा नाविक श्रमिक संघ भोपाल के आव्हान पर स्थानीय जिला शाखा के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर भाजपा महानगर एवं ग्रामीण अध्यक्ष द्वय को प्रदेशाध्यक्ष को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा प्रदर्शन में जो नारे लगे रहे थे कि ढीमर, केवट, कहार, भोई, मल्लाह आदि ही माझी है हम सब माझी आदिवासी हैं हमें हमारा संवैधानिक अधिकार देना होगा नदी तालाब हमारे हैं पानी पर अधिकार हमारा है मछुआ नीति 2008 की विसंगतियां दूर करो इत्यादि। इस मौके पर अशोक सोंधिया, नत्थूलाल, रामचरण बर्मन ने भी संबोधन किया छोटेलाल, गोविंद, अर्जुन, नारायण कश्यप, गनपत, मनोज, जगन्नाथ, मुकेश, शिवनाथ, नीलम सोंधिया, सारिका कश्यप, हेमलता, सोना, विमलेश आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## नियामक आयोग तथा ऊर्जा सचिव को पत्र भेजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रीवा के देवतालाब स्थित शिव मंदिर के ऊपर 11केव्ही की हाईटेंशन लाईन झूल रही थी इसकी न तो निगरानी न ही मरम्मत की गई थी लापरवाही का मामला है, जिससे 56 श्रद्धालु हादसे के शिकार हुए अतः तत्काल उच्च स्तरीय जांच हो तथा संबंधित अधिकारियों को निलंबित करें पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश आयोग जारी करें। यह पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने अध्यक्ष मप्र विद्युत नियामक आयोग तथा ऊर्जा सचिव को भेजा है। डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि निगरानी तथा रखरखाव के अभाव में कई जगह बिजली के तार झूल रहे है, जबकि इस बावत विद्युत नियामक आयोग ने बार बार स्पष्ट निर्देश जारी किये हैं लेकिन इसकी अवहेलना लगातार की जा रही है। अतः आयोग विद्युत अधिनियम की धारा 57 के तहत रीवा में हुए हादसे के शिकार श्रद्धालुओं को मुआवजा देने के निर्देश जारी करें। आयोग के निर्देशों का पालन नही करने पर विद्युत अधिनियम की धारा 146 के तहत मप्र शासन संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही करे तथा निलंबित करें।

## स्वास्थ्य शिविर में हुई 243 लोगों की जांच



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउण्डेशन भारत के जबलपुर महानगर की समन्वय शाखा द्वारा स्थानीय नगर निगम माध्यमिक शाला पचपेढ़ी में वृहत स्तर पर निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर में देवजी नेत्रालय की निदेशक डॉ. अर्पिता स्थापक के नेतृत्व में टीम ने नेत्र परीक्षण किया डेंटल चेकअप के साथ साथ जनरल फिजीशियन के रूप में उपस्थित डॉ. दीपा अहिरवार ने शाला के बच्चों सहित अभिभावकों एवं शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की शिविर में विशेष रूप से बीपी शुगर की भी जांच की गई राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी की विशेष उपस्थिति में शाखा अध्यक्ष डॉ. अभिजात साहू, सचिव रवि जूनेजा, सेवा प्रमुख प्यारे पहलवान, विजय बावकर, सुरज प्रसाद कनौजिया, सौरभ रोहाणी, क्षेत्रीय पार्षद श्याम कनौजिया, मानसिंह ने उपस्थित सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सीपी राजपूत, डॉ मीना पांडे, राकेश त्रिवेदी, मोहन गुप्ता, अशोक पाठक आदि सदस्य पदाधिकारियों सहित शाला प्राचार्य मंजूला शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सरपंच चुनाव की पुनर्मतगणना निरस्त

### हाईकोर्ट ने एसडीएम का आदेश पाया अनुचित, नए सिरे से पुनर्मतगणना के निर्देश जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने एसडीएम का आदेश अनुचित पाते हुए सरपंच चुनाव की पुनर्मतगणना निरस्त कर दी। इसी के साथ एसडीएम को नए सिरे से पुनर्मतगणना कराने के निर्देश दे दिये है। न्यायमूर्ति जीएस अहलुवालिया की एकलपीठ ने उक्त निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता मालती प्रजापति की ओर से दायर मामले में कहा गया कि याचिकाकर्ता ग्राम पंचायत अकौनी जनपद पंचायत राजनगर, छतरपुर के सरपंच पद के चुनाव में निर्वाचित घोषित हुई थी। किंतु निकटतम पराजित प्रत्याशी उमा अहिरवार ने एडीएम के समक्ष चुनाव याचिका दायर कर दी। जिस पर 27 मार्च 2023 को आदेश पारित करते हुए पुनर्मतगणना कराई गई। साथ ही उमा अरिहवार को सरपंच घोषित कर दिया गया।

दरअसल, एसडीएम को इस तरह कमेटी गठित कराकर पुनर्मतगणना कराने का अधिकार नहीं है। इसके बावजूद अनाधिकार चेष्टा की गई। इसीलिए हाईकोर्ट की शरण ली गई। हाईकोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद एसडीएम का आदेश अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही नए सिरे से पुनर्मतगणना की व्यवस्था दे दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रत्नभारत तिवारी ने पक्ष रखा।




## छठवे वेतनमान को लेकर दायर की याचिका तो करने लगे निष्कासित

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर दावा किया है कि उन्होंने छठवें वेतनमान की मांग को लेकर याचिका दायर की थी, जिससे नाराज होकर कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें सेवा से निष्कासित करने का नोटिस थमा दिया। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनावेदकों को हमदस्त नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं। मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को निर्धारित की गई है।

यह मामला डॉ. वर्षा दुबे की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि वह साल 2006 से पांच दशकों से संचालित डीएन जैन महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ है और उनकी शैक्षणिक योग्यता पीएचडी है। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ होने के बावजूद भी उनका वेतन महज दस हजार पांच सौ रुपये है। छठवें वेतनमान के लिए उन्होनें हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उक्त याचिका दायर करने के 15 दिन बाद ही कॉलेज प्रबंधन ने एक माह की अवधि प्रदान करते हुए निष्कासन का नोटिस थमा दिया। जिसमें कारण बताया गया कि वह सांइस की असिस्टेंट प्रोफेसर है और कॉलेज में इस विषय के छात्र बहुत कम है। याचिका में प्रमुख सचिव तथा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय तथा डीएनएन कॉलेज प्रबंधन तथा प्राचार्य को अनावेदक बनाया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पैरवी की।

## अतिक्रमण के कारण होती है श्रृद्धालुओं को परेशानी

### मैहर शारदा मंदिर मामले में नोटिस जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मैहर स्थित शारदा माता मंदिर मार्ग में अतिक्रमण के कारण श्रृद्धालुओं को हो रहीं परेशानी को हाईकोर्ट में याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायधीश रवि विजय मलिमथ तथा न्यायधीश विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं।

याचिकाकर्ता हरिचरण सिंह बघेल की ओर से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि मैहर स्थित शारदा मंदिर परिसर में अवैध रूप से दुकानों का संचालन हो रहा है। मंदिर मार्ग में संचालित दुकानों के कारण श्रृद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके खिलाफ उन्होनें साल 2015 में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने जिला कलेक्टर को अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किये थे। आदेश का पालन नहीं होने पर साल 2018 में अवमानना याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान कलेक्टर ने न्यायालय में हलफनामा पेश किया था कि एक माह में अतिक्रमण को हटा दिया जायेगा। याचिका में कहा गया है कि चार साल से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी अतिक्रमण को नहीं हटाया गया है। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष रावत ने पैरवी की।

## फॉरेस्ट रेंजरों की नियुक्तियां याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में कहा है कि राज्य वन सेवा परीक्षा 2020 के तहत फॉरेस्ट रेंजर की नियुक्तियां इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी। न्यायधीश एमएस भट्टी की एकलपीठ ने राज्य शासन व अन्य को दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

जबलपुर निवासी शांतनु दुबे की ओर से दायर मामले में कहा गया है कि मध्य प्रदेश राज्य सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2020 में फॉरेस्ट रेंजर पद पर नियुक्ति के लिए राज्य वन सेवा परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा में पूछे गये दो प्रश्न जिसमें हीरा भूमिया मेला एवं कोयला उत्पादन में मध्य प्रदेश का स्थान वाले प्रश्नों के विकल्पों को चुनौती दी गई है। बताया गया कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रावधिक उत्तर कुंजी के दौरान आपत्ति ली गई थी, जिसके बाद आयोग द्वारा उक्त आपत्तियों पर बिना विचार किए अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी। आवेदक की ओर से दलील दी गई कि अलग-अलग पुस्तकों और वेबसाइट में एक से अधिक उत्तर हैं, जिस कारण यह निर्धारित होना जरूरी है कि सही उत्तर किसे माना जाएगा। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने पक्ष रखा।

## दिव्यांग कोटा अंतर्गत सब इंजीनियर की भर्ती निर्णय के अधीन

### हाईकोर्ट ने राज्य शासन से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश के जरिए दिव्यांग कोटा अंतर्गत सब इंजीनियर की भर्ती को विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखने के निर्देश दिये है। न्यायधीश एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामला याचिकाकर्ता दिव्यांग श्रेणी की प्रियंका सोनी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा सब इंजीनियर की भर्ती में परीक्षा एजेंसी द्वारा मनमानी की जा रही है। आरोप है कि अपेक्षाकृत कम अंक वाले अभ्यर्थी नियुक्त किए जा रहे हैं जबकि अधिक अंक वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। जबकि दिव्यांगों को चार श्रेणियों में विभक्त कर आरक्षण का लाभ प्रदान करने का नियम है, किंतु ऐसा न करते हुए दिव्यांगों को ओबीसी, एससीएसटी व सामान्य में विभक्त कर मेरिट सूची व कट आफ सूची जारी करने की गलती की गई। इससे याचिकाकर्ता सहित अन्य का नुकसान हुआ है, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी किये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व रामभजन लोधी ने पक्ष रखा।

# मानसून ने तोड़ी चुप्पी, सुबह से शाम झमाझम

## बरसात से सड़क किनारे जलभराव, लोग परेशान

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मानसूनी बादलों ने बुधवार को चुप्पी तोड़ दी और गांधीग्राम में सुबह से तेज वा दोपहर एवम शाम को रिमझिम बरसात होती रही।गांधीग्राम में बरसात की वजह से पुरानी एन एच 7 सड़क मार्ग की पटरी पर जगह जगह जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आसमान पर काले बादल छाए से रात्रि वा सुबह तेज बरसात हुई । गांधीग्राम के कूड़ा कंजई तिराहा, पर पानी का भराव हो गया चूँकि गांधीग्राम के इस तिराहे से लगभग दो दर्जन गांवों के वाहनों व राहगीरों का नियमित रूप से आवागमन रहता है। इसीलिए समस्या जटिल और समस्या मूलक है, इसी प्रकार डायवर्सन मार्ग के पहले भी सड़क किनारे पानी भरा हुआ है। पटरियों पर समतलीकरण नही--एन एच आई को गांवों से हाईवे को जोड़ने वाली सड़क व पटरियों को समतलीकरण, मरम्मत का कार्य करना चाहिए था,जिससे सड़क व पटरियों पर जलभराव न हो पर न्तु समतलीकरण का कार्य वा गड्ढों की मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया है जिसकी वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कीचड़ उचट रहा-..लोगों व दुकानदारों का कहना है कि सड़क की पटरी पर जलभराव की वजह से जब भी कोई चार पहिया वाहन निकलते हैं तो यह कीचड़ उचट कर ग्राहकों,राहगीरों व निवासरत लोगों के ऊपर पड़ता है जिससे कि उनके कपड़े भी गंदे हो जाते हैं।



# शिक्षक ने पत्नी को पढ़ाकर नौकरी दिलाई, अब वह दहेज प्रथा का केस कर प्रेमी संग रहने लगी

### जनसुनवाई में पहुंचे शिक्षक ने कलेक्टर से लगाई जान की सुरक्षा की गुहार

**सिहोरा, देशबन्धु।** वर्तमान में प्यार की हवा कहें या प्यार का भूत शादीसुदा महिलाओं पर ज्यादा सवार हो रहा है, जिसके मामले आये दिन ही देश भर में सुनने को मिल रहे हैं और कुछ तो हमारे आसपास के क्षेत्रों में भी हो रहे हैं, लेकिन लोकलज्जा के डर से कुछ पति इसे दबाकर समझाने का प्रयास भी करते रहते हैं।

सिहोरा तहसील में भी दो बच्चों की मां जो वर्तमान में शिक्षिका बन गई है और शादी को 20 वर्ष हो गए, तब उसे शिक्षक साथी से प्यार उमड़ आया, जिसके लिए उसने सब दांव पर लगा दिया है। पीड़ित रामजी पटेल ने बताया कि वह सिहोरा तहसील के ग्राम ढकरवाह, थाना मझगवां निवासी पेशे से शिक्षक है। उनका विवाह 25 मई 2002 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ दोनों पक्षों की सहमति से रोशनी पटेल के साथ हुआ था। रामजी पटेल ने बताया कि विवाह के बाद उसने अपनी पत्नी रोशनी पटेल को वर्ष 2004 में बीए कराया और 2006 में एमए इसके बाद पत्नी को 2007 में बीटीआई डिप्लोमा करा दिया था। कम वेतन में ही घर खर्च चलाकर पढ़ाई पूरी कराई और पत्नी को कभी कोई परेशानी नहीं होने दी, साथ ही सारी सुविधाएं दिलाई।

### नौकरी लगते बदल गए तेवर

पीड़ित शिक्षक रामजी ने बताया कि 25 अक्टूबर 2009 को पत्नी रोशनी की शिक्षा विभाग में टीचर की नौकरी मिल गई, तब से अब तक शादी के बाद दोनों पति पत्नी 17 वर्षों तक एक साथ खुश थे। जिसकी नियुक्ति दूसरे जिले में हुई थी। बाद में ट्रांसफर कराकर यहां आई और यहां पर परसेल के एक शिक्षक से मिलने के बाद उसके संबंध में आकर अलग रहने लगी।

### 2018 में हुई प्रेमी की एंट्री

पीडित ने बताया कि वर्ष 2018 में पत्नी के साथ शिक्षक के साथ में प्रेम संबंध शुरू हो गया। इसकी जानकारी जब रामजी को पता चली तो, पत्नी ने उल्टे ही पति को चुपचाप दबाब बनाते हुए, प्रेमी के साथ एकराय होकर उसने पति को ही जान से मारने की धमकी दे दी। जिसके बाद से पीड़ित शिक्षक पति को छोड़कर वह अलग रहने लगी। पीड़ित ने बताया कि पत्नी ने अपने प्रेमी से दो बार जानलेवा हमला भी करवाया है।

### पत्नी ने 3 प्लाट और जमीन करा ली थी अपने नाम

जनसुनवाई में पहुंचे शिक्षक रामजी पटेल ने बताया कि वह अपनी पत्नी से धोखा तो खा ही गया, साथ ही उसने अपनी दौलत और जमीन से भी हाथ धो बैठा और अब नौकरी के सिवा कुछ नही बचा। जबकि रामजी पटेल ने पत्नी के नाम पर तीन प्लाट और आधा एकड़ कृषि भूमि खरीदकर उसके नाम रजिस्ट्री भी करा दी थी।

### शादी के 17 वर्ष बाद समझ आई दहेज प्रताड़ना

जनसुनवाई में रोते हुए शिक्षक रामजी पटेल ने कहा कि जब मुझे पत्नी के अवैध प्रेम संबंधों का पता चला, तो में एकदम सदमे में चला गया। जिसके बाद रामजी ने पत्नी रोशनी से इन अवैध संबंधों को खत्म करने की बात कही तो उल्टे ही पत्नी द्वारा अपने प्रेमी शिक्षक के साथ मिलकर मेरे ऊपर 17 फरवरी 2018 को दहेज प्रथा का केस दर्ज करा दिया। जबकि हमारी शादी के 17 वर्ष हो चुके हैं और हमारे दो बड़े-बड़े पुत्र हैं, वहीं यह भी चर्चा का विषय रहा कि क्या शादी के इतने वर्षों बाद रामजी की पत्नी को समझ में आया कि उसका पति उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा है।

## सार-समाचार



### तहसील कार्यालय में व्याप्त विसंगतियों के खिलाफ वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

**बरेला, देशबन्धु।** तहसील कार्यालय में व्याप्त अनियमितताओं और विसंगतियों यथा प्रकरण न मिलना, सुनवाई का समय निर्धारित न होना, कॉज लिस्ट न बनना, पटवारियों द्वारा फीडिंग न करना, अदम पैरवी में प्रकरण ख़ारिज होना, सीमांकन कार्यवाहियों में वरीयता केआधार पर निराकरण की सुनिश्चितता में अनियमितता आदि में सुधार हेतु क्षेत्रीय अधिवक्ता परिवार बरेला के लगभग 40 अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर नायब तहसीलदार डॉ पूर्णिमा खंडायक को सम्बोधित कर अव्यस्थाओं के सुधार हेतुआर. आई. अंकित शुक्ला को ज्ञापन सौंपा द्य इसी प्रकार नगर परिषद अध्यक्ष एवं नगर निरीक्षक पुलिस थाना बरेला को सकारात्मक सहयोग व सदभावना पूर्ण व्यवहार के लिए ज्ञापन प्रदान किये द्य जिसकी प्रतिलिपियाँ उच्चधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक को को प्रेषित की गयी हैं ।

### भाकिसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जबलपुर आगमन

#### किसानों की मूलभूत समस्याओं को लेकर करेंगे आंदोलन

**पनागर, देशबन्धु।** भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेंद्र यादव जी का जबलपुर आगमन हुआ जहां उन्होंने किसानों के बीच पंहुचकर उनकी समस्याओं के विषय में बातचीत कर किसानों की मांगो को सरकार के समक्ष अपनी मांगों को लेकर आगे की रणनीति तैयार की। बैठक में किसान संगठन सहित क्षेत्रीय किसानों ने खेती में आ रही समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखा जिसमें किसानों ने मांग की है कि उनके द्वारा उगाई जा रही अनाज की खरीदी उनकी सुविधा के अनुसार की जाए, पिछले 10 वर्षों से किसानों से बिजली बिल की वसूली वापस की जाए, साथ ही किसानों को विद्युत सप्लाई उसकी अपेक्षा के अनुसार की जाये, किसानों को सिंचाई के लिए दी जाने वाली खेतों की बिजली 24 घंटे की जाए, किसानों के ऊपर विद्युत संबंधित झूठे केस बने हुए हैं उन्हें वापस लिए जाए, किसानों को खाद बीज सोसाइटी के माध्यम से समय पर उपलब्ध कराई जाए, किसानों के द्वारा लिया गया द्यष्ठ जो पूरा ऋ्रण जमा कराने की बाध्यता है उसे खत्म की जाए एवं इंटरेस्ट जमा कराने की बाध्यता कराने को यथावत किया जाये, सोसायटीओ में जो हवाली का पैसा आता है वह सीधे किसानों के खाते में वापस कर दिया जाए बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव, राष्ट्रीय सचिव किशन पटेल, जिलाध्यक्ष रामराज पटेल खजरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, धनराज पटेल, रमाकांत चौधरी, मनीष पटेल, धर्मेंद्र पटेल, रामसनेही पटेल,नारायण पटेल, सुरेश पटेल, शेलेन्द्र पटेल, रामु पटेल, वीरेंद्र बैरागी, सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक ने लाठी डंडे से की मारपीट

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत ग्राम इटवा इमलिया में पुरानी रंजिश के चलते 40 वर्षीय ग्रामीण के साथ गांव के ही युवक के द्वारा मारपीट करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के डब्बल बर्मन उम्र 40 वर्ष को गांव के ही बर्मन युवक ने पुरानी रंजिश के चलते पहले तो घर के पास गाली गलौज करने लगा, उसने गलियां देने से मना किया तो उसके साथ लाठी डंडे से मारपीट कर दी जिससे उसके सिर एवं हाथ पैर में गंभीर चोटे आई। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चोरों ने की चौकीदार की हत्या

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के रीजनल कॉलोनी के सामने रहने वाले बुजुर्ग शिव प्रसाद लोधी उम्र 63 वार्ड नंबर-2 पर मुकुंद चौरसिया के निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी करते थे। बीती रात उनके निर्माणाधीन मकान में चोरी के नीयत से आए चोरों ने चौकीदार के सिर पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।




# सैकड़ों फीट गहरी खाई बनाकर भाग गए खदान संचालक

## न सुरक्षा के इंतजाम न कोई देखरेख, मार्बल खदान के चलते गांव में गहराया जलसंकट

**सिहोरा, देशबन्धु।** जबलपुर जिले की सीमा से लगे कटनी जिले की जनपद पंचायत बहोरीबंद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छपरा और आस पास के गांवों में अनेक मार्बल खदाने हैं, जिसके वेस्ट मटेरियल (अधिभार) में से सफ़ेद मार्बल पत्थर का ओवरलोड और अवैध परिवहन किया जा रहा है। मार्बल खदान से सबसे ज्यादा राजस्व कर सरकार को प्राप्त होता है, लेकिन पंचायत के विकास के लिए पंचायत को कुछ नहीं मिलता है, जबकि पर्यावरण आकलन में मार्बल खदान के मालिक द्वारा ग्राम विकास में सालाना कम से कम 10लाख से 12 लाख रुपये राशि खर्च करने को कहा गया था।

**गांव में जल संकट**-गाव में सभी मार्बल खदाने 600 से 700 फुट गहरी हैं, जिसके कारण गाव में जल संकट गहरा गया है। छपरा गाव के जलाशय (तलाब) से चार गाव में सिचाई का जल पहुँचता था उस जलाशय से 40 से 50 मीटर की दुरी पर 4 खदाने अत्यधिक गहरी है जिसके कारण जलाशय में पानी नहीं है। और खदान खुली पड़ी है और खतरनाक विस्फोटक के उपयोग से जमीन में दरारे हो गई जिससे जलस्तर गहरी खदानों की ओर चला गया। विस्फोटक के उपयोग से जंगली जानवर भाग गये और कुछ की मृत्यु हो गई। गाँव के पशु पानी पीने की लालच में खुली खदानों में गिर कर मर रहे है खुली पड़ी खदानों में सीमा सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है।



**वेस्ट मटेरियल भी बेच रहे**-खदान संचालक अपना पैसा बनाकर चले गए और गाँव को मरने के लिए अधर में छोड दिया। जो संचालक बचे है वह अपने फायदे के लिए वेस्ट डंप मटेरियल से पत्थर तोड़कर 17 टन की लोडिंग क्षमता वाले वाहन में 40 टन खनिज परिवहन कर रहे है। जिसकी रायल्टी भी नहीं होती है उक्त पत्थर को व्हाइट सीमेंट और पुट्टी बनाने वाली कम्पनी में 750 रु. टन के हिशाब से बेचा जा रहा है यह वही वेस्ट मटेरियल है, जिसको खदानों में वापस पुराई करने को कहा गया था। हजारो वृक्ष लगाने का वादा करने वाले खदान संचालक पूरा जंगल तहस-नहस कर चले गए और जवाबदार अधिकारी आँखे बंद करके बैठे है।

**यह था वादा**-अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए एवं पर्यावरण आकलन प्राप्त करने के लिए संचालको द्वारा पंचायत को निम्न वादे किये गये।

सामाजिक और आर्थिक उत्थान, उच्च शिक्षा और योग्य विध्यार्थी को प्रोत्साहन, उत्तम पर्यावरण एवं वृक्ष रोपण करना, जल की उत्तम व्यवस्था और पानी फील्टर का निर्माण करना, प्राथमिक उपचार, ग्रामीणों को रोजगार, गरीबो को सालाना कपडे, महिला एवं बाल विकास में सहयोग, गौ सेवा करना, गाँव में शौचालय और पेशाबघरो का निर्माण, गाँव की सडको का मरम्मत कार्य, सार्वजानिक भवन, स्थलों के मरम्मत कार्य, धार्मिक कार्यो में सहयोग करना, जन सुविधा एवं मदद, इन सब कार्यो का लिखित वादा करने वाले खदान संचालक पैसे कमाकर फुर्र हो गये और उनके गुर्गे डंप का पत्थर खुलेआम बेच रहे।

**मत लगाओ नाका**-अब ग्रामीणों के आग्रह पर जब पंचायत ने आय के स्त्रोतों में बढ़ावा करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया तो अधिकारियो द्वारा नाका हटाने का दबाव दिया जा रहा है। जबकि पंचायत ने पूरी तरह ग्राम विकास के लिए नियमों का पालन करते हुए बकायदा प्रस्ताव पारित कर नाका लगाया ताकि भारी वाहनों के कारण जो सड़कों को क्षति हो रही है उसकी भरपाई के लिए कुछ राशि एकत्र कर सड़कों की दशा सुधारी जा सके। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा नाका लगाए जाने के बाद स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी सरपंच एवं ग्रामीणों पर नाका हटाने के लिए दबाव बना रहे हैं। ग्रामीणों को बदहाली की ओर धकेलने वाले जिम्मेदार अधिकारी शायद गांव का भला ही नहीं चाहते।

**इनका कहना है**

बरसात पूर्व एक माह पहले सभी खदान संचालकों को नोटिस दिये गए हैं जवाब आने पर कार्यवाही होगी।

**संतोष सिंह**
जिला माइनिंग अधिकारी, कटनी

# बच्चों की समग्र आईडी बनवाने शिक्षक हो रहे परेशान

## आधार कार्ड बनाने बच्चों के फिंगर प्रिंट नहीं आ रहे। जनशिक्षा केंद्र शासकीय यशोदा बाई खितौला में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**सिहोरा, देशबन्धु।** जन शिक्षा केंद्र एकीकृत सास की यशोदाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के ताला बाजार में जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाली शासकीय शालाओं की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



समीक्षा बैठक में शिक्षकों द्वारा बताया गया कि विद्यालय में नव प्रवेश ई बच्चों की समग्र आईडी बनवाने के लिए उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों की समग्र आईडी तभी बनती है जब उनके आधार कार्ड बने हो। किन्तु बहुत से बच्चे ऐसे हैं जिनके मशीन पर फिंगरप्रिंट नहीं आने के कारण उनके आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं ऐसी स्थिति में उनकी समग्र आई डी नहीं बन पा रही है।*नहीं हो पा रही मेपिंग...बैठक में शिक्षकों ने बताया कि समग्र आई डी नहीं होने से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की मेपिंग नहीं हो पा रही है। शिक्षकों ने अभी बताया कि बच्चों की समग्र आईडी बनवाने के लिए जाते हैं तो ओ टी पी अभिभावकों के मोबाइल पर आते हैं किंतु गरीब अभिभावकों के मोबाइल रिचार्ज नहीं होने पर या काम पर चले जाने के कारण मोबाइल की उपलब्धता नहीं हो पाती इसके कारण भी समग्र आईडी नहीं बन पा रही है। बैठक में बेसलाइन टेस्ट के हिंदी अंग्रेजी गणित विषय के शाला संकलन पत्रक, नामांकन, पाठ्यपुस्तक ऑनलाइन रिसीविंग एवं वितरण, कक्षा पहली एवं छठवीं की मैपिंग तथा अन्य कक्षाओं की क्लास अपडेशन पर समीक्षा, जून-जुलाई खाद्यान्न उठाव एवं आईवीआरएस पर अटेंडेंस पर समीक्षा, पुस्तकों का अतिरिक्त मांग पत्र, शाला की अधोसंरचना, साइकिल वितरण ,गणवेश वर्क बुक एवं एफ एल एन, जाति प्रमाण पत्र नव साक्षरता से संबंधित जानकारी ली गई।

बैठक में जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शांति कुटार ,जन शिक्षक अक्षय चौदहा,श्याम राव मांडलेकर, प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी , अरविन्द तिवारी, आर पी लोधी, बलराम बर्मन,के जी पाठक, निर्मल सोनी ,योगेंद्र मिश्रा, सरोज पटेल,वंदना उमरी, आशीष पटेल आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व ग्राम घोषित हो चुके 16 गांवों को हफ्ते भर बाद से बटने लगेंगे पट्टे

## बैठक में फिर बोले जिम्मेदार

**बरगी नगर, देशबन्धु।** बरगी बांध की डूब से विस्थापित तथा प्रभावित हुए 16 गांवों को राजस्व ग्राम घोषित कर दिया गया है । अब हफ्ते भर बाद अगर सब कुछ ठीक रहा तो ग्रामीणों को आबादी के पट्टे भी वितरित किए जाने लगेंगे ,इसी संबंध में आज एसडीएम जबलपुर पीके सेनगुप्ता द्वारा विशेष बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत हरदुली बरगी नगर के सामुदायिक भवन में बरगी विधायक संजय यादव जिला जनपद के जनप्रतिनिधियों तथा विशेष आमंत्रित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुरू किया गया जहां एसडीएम द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि हर एक व्यक्ति को पट्टे प्रदान किए जाएंगे यह प्रक्रिया लंबे समय तक चलेगी कोई भी छूटेगा नहीं सबसे पहली प्राथमिकता बरगी बांध की डूब से हुए विस्थापित तथा प्रभावित परिवारों को मिलेगा।



**मुख्य बाजार भी होगा शामिल**

लंबे समय से मुख्य बाजार में निवास कर रहे विस्थापित परिवार तथा व्यापारी बंधुओं द्वारा यह मांग उठाई जाती रही है कि वह पिछले 35,40 वर्षों से यहां पर निवास कर रहे हैं जोकि बरगी बांध की डूब से विस्थापित होने के बाद यहां पर आकर बसे हैं उन्हें भी राजस्व ग्राम प्रक्रिया में शामिल कर पट्टे दिए जाएं जिस पर सहमति देते हुए एसडीएम ने कहा कि सभी उक्त प्रक्रिया में शामिल होंगे सभी को पट्टे वितरित किए जाएंगे ।

**ऑनलाइन होंगे पट्टे**

वर्ष 2016 में नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा बांटे गए सभी पट्टों को ऑनलाइन भी किए जाने की बात आज कहीं गई।

# ज्वेलर्स दुकान पर चोरों का धावा, शटर का ताला तोड़कर पार किए ढाई लाख के जेवर

## गोसलपुर थाना के झंडा बाजार चौक में वारदात को दिया अंजाम

**गोसलपुर,देशबन्धु।** गोसलपुर थाना अंतर्गत गोसलपुर झंडा चौक में ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे करीब ढाई लाख के चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की वारदात मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। चोरी की खबर लगते ही गोसलपुर थाना प्रभारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास लगे सीसीटीवी की जांच के साथ चोरों की पतासाजी में लगी है।

पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक गोसलपुर झंडा बाजार में आनंद सोनी पिता प्रहलाद सोनी की आनंद ज्वेलर्स के नाम से आभूषण की दुकान है। मंगलवार रात वह दुकान का ताला लगाकर घर चले गए। बुधवार सुबह उन्हें किसी ने फोन पर जानकारी दी कि उनकी दुकान की शटर का ताला टूटा है। वह तत्काल दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में रखे चांदी के आभूषण गायब थे।

**फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने लिए नमूने, डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंची मौके पर**-आनंद ने दुकान में हुई चोरी की सूचना तत्काल गोसलपुर पुलिस को दी। गोसलपुर थाना प्रभारी आईपीएस आदर्श कांत शुक्ला, एसआई अनिल मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के दौरान दुकान की शटर का टूटा ताला करीब 100 मीटर दूर कुलिया में पड़ा मिला। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्कायड की टीम को मौके पर बुलाया गया।



**चांदी ये आभूषण हुए चोरी**-आनंद सोनी के मुताबिक दुकान में संतान सातें की चूड़ियां, करधन, बिछिया, लड्डू गोपाल, चांदी के छत्र, सिंहासन, लुटिया सहित अन्य चांदी का सामान चोर चोरी करके ले गए।

## जापान में खानून तूफान के कारण 510 उड़ानें रद्द

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में शक्तिशाली तूफान खानून के कारण कम से कम 510 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जापानी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि ओकिनावा द्वीप पर नाहा हवाई अड्डे और क्यूशू द्वीप के दक्षिणी हिस्से में कागोशिमा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और नौकाएं रोक दी गई हैं। इससे पहले सोमवार को खानून के रुख के कारण सोमवार को 260 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। वर्तमान में चक्रवात का दबाव 935 हेक्टोपास्कल है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवात मंगलवार शाम तक और तीव्र हो जाएगा और इसके केंद्र में दबाव घटकर 925 हेक्टोपास्कल हो जाएगा।

### यूक्रेन पर रूस की दोतरफा मार

# आसमान से मिसाइल और ड्रोन उगल रहे आग, जमीं पर खूंखार सैनिकों का यौन अत्याचार

**नई दिल्ली।** रूस ने यूक्रेन का राजधानी कीव पर हमले तेज कर दिए हैं। ताजा हमलों में रूसी सेना ने कीव पर ताबड़तोड़ मिसाइल और ड्रोन अटैक किए हैं। जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन की सेना ने बुधवार की तड़के सुबह करीब 10 रूसी ड्रोन को हवा में ही तहस-नहस कर दिया।

चकनाचूर किए गए ड्रोन्स के मलबे दक्षिणी जिलों में गिरे हैं लेकिन उससे किसी तरह की क्षति नहीं हुई है। दूसरी तरफ रूसी ड्रोन दक्षिणी यूक्रेन में अन्न भंडारों पर लगातार हमले कर रहे हैं। रूसी सैनिकों को यूक्रेन के तटीय ओडेसा क्षेत्र में कुछ बंदरगाहों पर हमले में सफलता मिली है। क्षेत्रीय गवर्नर ने कहा है कि रूसी ड्रोन ने यूक्रेन के तटीय ओडेसा क्षेत्र के दक्षिण में बंदरगाह और अनाज भंडारण सुविधाओं पर हमला किया है, जिससे उनमें से कुछ में आग लग गई है। कीव में रूसी हमले में एक प्रशासनिक भवन को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।



यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने भी कहा है कि डेन्यूब नदी पर इज़मेल के यूक्रेनी बंदरगाह पर नवीनतम रूसी हमले में एक अन्न भंडार क्षतिग्रस्त हो गया है। मंत्रालय ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर लिखा है, ओडेसा क्षेत्र के इज़मेल बंदरगाह में एक और अन्नभंडार को रूसियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस यूक्रेनी अनाज भंडार में दुनिया भर में लाखों लोगों को खिलाने की क्षमता थी। रूसी सैनिक दक्षिणी यूक्रेन में यूक्रेनी महिलाओं के साथ यौन अत्याचार भी कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक टीम ने अपने नवीनतम निष्कर्षों के सारांश में कहा है कि रूस के कब्जे वाले दक्षिणी यूक्रेन में अस्थायी हिरासत केंद्रों में बड़ी संख्या में महिला कैदियों को यातना दी गई और उनका यौन उत्पीड़न किया गया।

ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा वित्त पोषित मोबाइल जस्टिस टीम की नवीनतम रिपोर्ट में खेरसॉन क्षेत्र के 35 स्थानों पर 320 मामलों और गवाहों के बयानों का विश्लेषण किया गया है। एक बयान में कहा गया है कि 43 फीसदी पीड़ितों ने यौन अत्याचार की शिकायत की है। इन मामलों पर हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) में मुकदमा चलाया जा सकता है। आईसीसी पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की गिरफ्तारी का निर्देश दे चुका है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के मंत्री की सैलरी में होगी कटौती, भ्रष्टाचार पर हुई थी जेल

**सिंगापुर।** भ्रष्टाचार की जांच के सिलसिले में जांच का सामना कर रहे सिंगापुर के परिवहन मंत्री और भारतीय मूल के एस ईश्वरन की सैलरी में कटौती की गई है। पिछले महीने उन्हें गिरफ्तार किया गया था। इन दिनों वह जमानत पर बाहर हैं। प्रधान मंत्री ली सीन लूंग ने बुधवार को ऐलान किया कि अगले आदेश तक ईश्वरन के वेतन में कटौती की जाएगी। सिंगापुर राजनेताओं को सैलरी देने के मामले में सबसे आगे है। प्रधान मंत्री लूंग के आदेश के बाद ईश्वरन की सैलरी में 82 फीसदी तक की कटौती की गई है, जो सिंगापुर में मंत्री स्तर के वेतन में सबसे निचला स्तर है।



बुधवार को संसद को संबोधित करते हुए, सिंगापुर के प्रधान मंत्री ली सीन लूंग ने कहा कि भ्रष्टाचार की जांच अभी भी जारी है और वह मामले पर अधिक जानकारी देने में असमर्थ हैं। हाल की घटनाओं के बाद पहली बार बुलाए गए संसद सत्र के दौरान ली ने कहा, मंत्रियों से जुड़ी ऐसी घटनाएं दुर्लभ हैं और किसी राजनीतिक कार्यालय पर प्रतिबंध को कैसे प्रभावित किया जाए? इस पर कोई नियम या मिसाल नहीं है।

इससे पहले जुलाई के मध्य में प्रधान मंत्री ली सीन लूंग ने परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन को छुट्टी पर जाने का निर्देश दिया था। भारतीय मूल का यह नेता भ्रष्टाचार विरोधी जांच का सामना कर रहा है। प्रधान मंत्री ने एक बयान में कहा, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) ने एक मामले का खुलासा किया और एक औपचारिक जांच शुरू की है, इसमें एस ईश्वरन समेत अन्य की संलिप्तता सामने आई है।

## आज का इतिहास

1108 – लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट बना।
1492 – यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया।
1492 – इटली का नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन पोत के साथ भारत की खोज के लिए रवाना हुआ।
1678 – राबर्ट लासैले ने अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया।
1780 – मेहर पोफम के तहत कैप्टन ब्रूस ने ग्वालियर पर कब्जा किया।
1886 – हिंदी के विद्वान मैथिली शरण गुप्त का जन्म।
1900 – फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना।
1914 – पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से गुजरा।
1925 – अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने निकारागुआ छोड़ा।
1957 – अब्दुल रहमान को मलेशिया का नया नेता चुन लिया गया। उनके नेतृत्व में ब्रिटेन से मलेशिया को आजादी मिली थी।
1960 – पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
1985 – बाबा आम्टे को जनसेवा के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।

## सुडोकू 6275

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 6 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | 8 | | 1 | | | 9 | 2 | |
| 3 | | 7 | 2 | 1 | | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 5 | 8 | | 3 |
| | 3 | 5 | | | 1 | | 8 | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | | 2 | 6 | | | | 9 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### धनखड़ ने शाहपुर दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाराष्ट्र के शाहपुर में एक दुखद दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को यहां बताया कि धनखड़ ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए भी प्रार्थना की है। ट्वीट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि महाराष्ट्र के शाहपुर में हुए दुखद हादसे में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं।

### बारामूला में ड्रग तस्कर का निर्माणाधीन घर कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर के निर्माणाधीन घर को कुर्क करने के साथ ही एक अन्य व्यक्ति का वाहन जब्त कर लिया है। बताया कि गत 27 जून को बारामूला पुलिस ने सक्षम अधिकारियों से कानूनी मंजूरी प्राप्त करने के बाद ड्रग तस्का बरकत अली मेन के मुख्य मोहल्ला पट्टन में 10 मरला भूमि पर एक निर्माणाधीन घर को कुर्क कर लिया। वहीं पुलिस ने कंत्रा पाईन के अब्दुल रहमान मलिक का वाहन भी जब्त कर लिया। जांच से साबित हुआ है कि उक्त चल/अचल संपत्ति ड्रग तस्करों द्वारा अवैध तस्करी से जुटाई गई थी। इसके अलावा अन्य संपत्तियों की कुर्की के आदेश निकट भविष्य में पुष्टि के लिए एसएएफईएम (एफओपी) ए और एनडीपीएसए, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे।

### मप्र में भांग का प्रसाद खाने से 40 की तबीयत बिगड़ी

**आगर-मालवा।** मध्य प्रदेश के आगर-मालवा जिले में सावन सोमवार के मौके पर निकाली जा रही महादेव की शाही सवारी में भांग के प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद खाने के बाद 40 लोगों की तबीयत बिगड़ गई इनमें से 15 को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि नलखेड़ा तहसील के ग्राम मोल्याखेड़ी में सोमवार की रात को शिव की शाही सवारी निकाली गई। इस मौके पर लोगों को प्रसाद बांटा गया, जिसे खाने के बाद लगभग 40 लोगों को नशा होने लगा। इनमें आठ बच्चे भी शामिल थे। जब तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्हें नलखेड़ा अस्पताल ले जाया गया।

### एसटीएफ ने दो बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**अगरतला।** असम पुलिस की विशेष टास्क फोर्स (एसटीफ) ने मानव तस्करी रैकेट चलाने के आरोप में दो दिन पहले पश्चिम त्रिपुरा के सीमावर्ती गांव मोहनपुर से एक बांग्लादेशी नागरिक सहित दो लोगों की गिरफ्तारी के सिलसिले में सोमवार को उत्तरी त्रिपुरा और दक्षिणी त्रिपुरा से दो बांग्लादेशियों समेत छह और लोगों को गिरफ्तार किया।

# दक्षिण कोरिया में गर्मी से हाहाकार, 3 गुना हुई मरने वालों की संख्या, टूटा रिकॉर्ड

दक्षिण कोरिया में चार साल में पहली बार गर्मी उच्चतम स्तर तक पहुंच गई है। देश के कुछ हिस्सों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि चिलचिलाती गर्मी से देश भर में 23 लोगों की मौत होने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में तीन गुना से भी अधिक है।

आंतरिक और सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि सियोल के दक्षिण में येओजू शहर में मापा गया आधिकारिक तापमान मंगलवार को 38.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

दक्षिण कोरिया ने 2019 के बाद पहली बार तापमान मंगलवार शाम 6 बजे तक बढ़ाकर उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। मौसम एजेंसी ने कहा कि बुधवार को राजधानी सियोल में उच्चतम दैनिक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार ने कहा कि उसे आने वाले दिनों में बहुत अधिक ह्यूमिडिटी के साथ-साथ उच्च तापमान बने रहने की उम्मीद है, देश के अधिकांश हिस्सों में स्पष्ट तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने मंगलवार को अधिकारियों से गर्मी से मरने वालों संख्या को रोकने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। खासकर बाहर काम करने वाले लोगों, बुजुर्ग नागरिकों और पर्याप्त एयर कंडीशनिंग सिस्टम के बिना अस्थायी घरों में रहने वाले लोगों के लिए जरूरी इंतजाम किए जाने की अपील की गई।

कोरियाई परिसंघ ऑफ ट्रेड यूनियन ने एक बयान में मौजूदा परिस्थितियों में निर्माण श्रमिकों की गर्मी से होने वाली मौतों को चिंताजनक बताया। दक्षिण कोरिया के मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गंभीर मौसम की बढ़ती स्थिति मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन का लक्षण है। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में अगस्त तक हीटवेव जारी रहने की उम्मीद है। दुनिया के अन्य देशों की तरह उत्तर कोरिया भी भीषण गर्मी से जूझ रहा है और गुरुवार तक उच्चतम दैनिक तापमान 35 डिग्री से 37 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।



# चुनाव जांच को रद्द करने संबंधी ट्रंप के प्रयास खारिज

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अदालत से उस समय झटका लगा, जब एक अदालत ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में जॉर्जिया प्रांत उनके (श्री ट्रम्प) कथित हस्तक्षेप की जांच को रद्द करने के प्रयासों को खारिज कर दिया।



स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश रॉबर्ट मैकबर्नी ने जॉर्जिया जिले के वकील को उन (श्री ट्रम्प) पर मुकदमा चलाने और मामले की जांच में एकत्र किए गए कुछ सबूतों का उपयोग करने से रोकने के लिए श्री ट्रम्प की कानूनी टीम के प्रयासों को खारिज कर दिया।

श्री मैकबर्नी ने अपने फैसले में कहा कि फुल्टन काउंटी के जिला अटॉर्नी फानी विलिस को जांच को आगे बढ़ाने से रोकने का कोई आधार नहीं है।

सुश्री विलिस ने सुझाव दिया है कि वह आने वाले हफ्तों में मामले में आरोप की मांग कर सकती है। जॉर्जिया में श्री ट्रम्प की कानूनी टीम ने पहले राज्य में विशेष ग्रैंड जूरी की संवैधानिकता और अभियोजक के कार्यालय के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए अदालत से विशेष प्रयोजन ग्रैंड जूरी जांच से सभी सबूतों को बाहर निकालने और सुश्री विलिस को अयोग्य घोषित करने के लिए की अपील की थी।


### सिफारिशों के साथ अंतिम रिपोर्ट जारी

श्री ट्रम्प की ओर से कहा गया था कि विशेष ग्रैंड जूरी के पास अभियोग लगाने की शक्ति नहीं थी, लेकिन उसने सम्मन जारी किया और गवाहों से सुनवाई की और सुश्री विलिस के लिए सिफारिशों के साथ एक अंतिम रिपोर्ट जारी की।

### ओआईसी की सिफारिशों की जांच करेगा स्वीडन

**स्टॉकहोम,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। स्वीडन यूरोपीय देशों में कुरान जलाने के विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला के इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से अपनाए गए प्रस्ताव की सावधानीपूर्वक जांच करेगा। विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्टॉकहोम संगठन के साथ घनिष्ट सहयोग में रुचि रखता है। श्री बिलस्ट्रॉम ने ट्वीट किया, 57 ओआईसी सदस्य देशों ने अब एक प्रस्ताव अपनाया है जिसमें कई सिफारिशें हैं। हम इनकी सावधानीपूर्वक जांच करेंगे और ओआईसी और इसके सदस्य देशों के साथ अपनी महत्वपूर्ण बातचीत जारी रखेंगे।

## वर्ग पहेली 6275



**बायें से दायें:-**
१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
५. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्क
१६. 'टेंशन'
१८. श्रीराम के श्वसुर
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**
१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. 'मेंटनेंस', देखभाल
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१०. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसान

### वर्ग पहेली-6274

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हु | न | र | मं | द | ■ | प | र | च | म |
| क्म | ■ | ह | ■ | र | फ्ता | र | ■ | प | ■ |
| ना | का | म | ■ | मि | ■ | वा | र्ता | ला | प |
| मा | ■ | दि | ■ | या | च | ना | ■ | ■ | र्या |
| ■ | उ | ल | झ | न | ■ | ■ | अ | न्या | य |
| ■ | द्यो | ■ | रो | ■ | रो | मां | च | ■ | वा |
| अं | ग | र | खा | ■ | ध | ■ | ला | ल | ची |
| त | ■ | हा | ■ | सं | क | ट | ■ | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग्रा | ■ | ख | ट | क | ना |
| ण | ■ | हा | थ | म | ल | ना | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**आदेश** *जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रशासन सख्त*

# सरकारी कर्मियों को तिरंगे के साथ डीपी लगाने के आदेश

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। प्रदेश में इस बार 15 अगस्त के दिन होने वाले स्वतंत्रता समारोहों में आपको बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी व अधिकारी नजर आएंगें। ऐसा उनकी उपस्थिति पक्की करने के लिए निकाले गए आदेश से साबित होता है। यही नहीं सरकारी कर्मियों को अपने सोशल मीडिया अकांउट पर भी तिरंगे के साथ डीपी।**

लगाने का आदेश दिया गया है। पिछले कुछ सालों से हालांकि स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस समारोहों पर सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाने की खातिर ऐसे आदेश निकाले जाते रहे हैं पर हमेशा ही इसे हल्के तौर पर लिया जाता रहा है। पर इस बार यह आदेश 15 दिन पहले जारी कर प्रशासन ने सख्ती दिखाने का मूड भी बनाया है। पहली बार इसकी खातिर विभागाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि उनके अधीन आने वाले सारे कर्मियों और अधिकारियों की उपस्थिति स्वतंत्रता दिवस




■ **प्रशासन का तुगलकी फरमान उपस्थित होना ड्यूटी का हिस्सा है**

समारोहों के दौरान दर्ज की जाए और गैर हाजिर होने वालों का वेतन काटने के साथ साथ उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाए। यह तो कुछ भी नहीं, प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को अपने सभी सोशल मीडिया खातों पर अपनी डीपी बदलने का फरमान भी सुनाया गया है। उन्हें तिरंगे के साथ फोटो डीपी की जगह लगाने के लिए कहा गया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह डीपी कितने दिनों तक सोशल मीडिया खातों में लगी रहनी चाहिए। वैसे स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर समारोह स्थलों पर सरकारी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाए जाने संबंधी जारी सरकारी अध्यादेश कोई नया नहीं है। कश्मीर में आतंकवाद की शुरुआत के साथ ही यह विवाद आरंभ हुआ था जो आज भी जारी है। ऐसे आदेश को सख्ती से लागू करने का कार्य वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की सरकार के दौरान हुआ था जिन्होंने तब स्थानीय विधायकों को भी सख्त ताकिद की थी कि अगर उनके इलाके के सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित हुए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। आजाद के ही मुख्यमंत्रित्व काल में ही आम नागरिकों को गणतंत्र व स्वतंत्रता दिवस सामारोहों की ओर आकर्षित करने के इरादों से मुफ्त सरकारी बसों की व्यवस्था आरंभ हुई थी और अखबारों तथा अन्य संचार माध्यमों में विज्ञापन देकर उनमें जोश भरने की कवायद भी। कश्मीर में आतंकवाद की शुरुआत के साथ ही 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को होने वाले सरकारी समारोह सिर्फ और सिर्फ सुरक्षाबलों के लिए बन कर रह गए थे क्योंकि आतंकी चेतावनियों और धमकियों के चलते आम नागरिकों के साथ ही सरकारी कर्मियों की मौजूदगी नगण्य ही थी जबकि जो नागरिक इसमें शामिल होने की इच्छा रखते थे उन्हें लंबे और भयानक सुरक्षा व्यवस्था के दौर से गुजरना पड़ता था।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स बने वरदान : ब्रैड हॉग



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्रैड हॉग का मानना है कि इंग्लैंड के लिए निर्णायक मोड़ अंतिम तीन एशेज टेस्ट में तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को शामिल करने से आया, क्योंकि उनकी उपस्थिति का टीम के प्रदर्शन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली गई एशेज सीरीज का नतीजा 2-2 से बराबरी पर खत्म हुआ। एक समय था जब इंग्लिश टीम सीरीज में 0-2 से पीछे थी, लेकिन अंतिम तीन मैचों में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की। इसमें सबसे बड़ा रोल क्रिस वोक्स का रहा। वोक्स को पांच टेस्ट मैचों में से केवल तीन में खेलने का मौका मिला। उन तीन मैचों में उनके प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। श्रृंखला के अंतिम दिन वोक्स ने दोनों ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाजों को आउट करके इंग्लैंड की मैच में वापसी कराई।

# विंडीज को 200 रन से रौंदकर भारत ने सीरीज जीती

**तारोबा।** भारत ने शुभमन गिल (85) की अगुवाई में बल्लेबाज़ों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुकेश कुमार (30/3) और शार्दुल ठाकुर (37/4) की घातक गेंदबाजी की बदौलत तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज को 200 रन से रौंदकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है।

भारत ने मंगलवार को खेले गये मुकाबले में विंडीज के सामने 352 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कैरिबियाई टीम 151 रन पर ऑलआउट हो गयी। गिल के अलावा ईशान किशन (77), संजू सैमसन (51) और हार्दिक पांड्या (70 नाबाद) ने भी भारत के लिये अर्द्धशतक जड़े। इसके बाद मुकेश ने पावरप्ले के अंदर वेस्ट इंडीज के तीन विकेट मात्र 17 रन पर गिराकर उसकी जीत की संभावनाएं क्षीण कर दीं। वेस्ट इंडीज के लिये गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 39 रन बनाये, हालांकि यह मेजबान टीम को जीत दिलाने के लिये नाकाफी था। शार्दुल ने भारत के लिये सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। कुलदीप यादव ने दो विकेट लिये, जबकि जयदेव उनादकट को एक सफलता हासिल हुई। एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेलने उतरी भारतीय टीम को वेस्ट इंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। गिल और किशन की सलामी जोड़ी ने भारत को एक और अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 19.4 ओवर में 143 रन की साझेदारी हुई। किशन ने इस साझेदारी में आक्रामक भूमिका निभाते हुए 64 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 77 रन बनाये। वह यानिक कारिया को बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में स्टंप आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रुतुराज गायकवाड़ बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन इसके बाद आने वाले बल्लेबाज़ों ने निराश नहीं किया। दूसरे वनडे में असफल रहे सैमसन ने गिल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिये 69 रन जोड़े। सैमसन ने मात्र 41 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाकर 51 रन बनाये, हालांकि वह अपना अर्द्धशतक पूरा करते ही पवेलियन लौट गये।

सैमसन ने अर्द्धशतक बनाकर अपने चयन को उचित साबित किया, हालांकि सूर्यकुमार 30 गेंद पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 35 रन ही बना सके। गिल शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन गुडाकेश मोती ने अपनी लेग स्पिन से उन्हें लंबे समय तक छकाया और अंतत: 86 रन पर कैचआउट करवाया। गिल ने 92 गेंद की पारी में 11 चौके जड़े। गिल और सूर्यकुमार के आउट होने के बाद पांड्या ने भारतीय पारी को ज़ोरदार अंत देने की ज़िम्मेदारी ली। पांड्या की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने आखिरी पांच ओवरों में 56 रन जोड़े। कप्तान पांड्या ने खुद 52 गेंद पर चार चौकों और पांच छक्कों की बदौलत नाबाद 70 रन बनाकर अपनी पारी का अंत किया। वेस्ट इंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने 10 ओवर में 73 रन देकर दो विकेट लिये। अल्ज़ारी जोसेफ़ (10 ओवर, 77 रन), कारिया (आठ ओवर, 58 रन) और मोती (10 ओवर, 38 रन) को एक-एक विकेट हासिल हुआ। जेडेन सील्स आठ ओवर में 75 रन देकर विंडीज के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग पहले ही ओवर में मुकेश का शिकार हो गये, जबकि काइल मेयर्स तीसरे ओवर में मुकेश की गेंद पर बोल्ड होने से पहले केवल चार रन बना सके। पिछले मैच में वेस्ट इंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाने वाले कप्तान शाई होप का विकेट गिरने के साथ विंडीज का स्कोर 17/3 हो गया।

ताश के पत्तों की तरह ढहती वेस्ट इंडीज के लिये एलिक अथानाज़, अल्ज़ारी जोसेफ़ और गुडाकेश मोती ने महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अथानाज़ ने 50 गेंद पर तीन चौकों की सहायता से 32 रन बनाये, जबकि जोसेफ़ ने 39 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 26 रन की पारी खेली। मोती 34 गेंद पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि शार्दुल ने जेडेन को बोल्ड कर वेस्ट इंडीज की पारी का अंत किया। भारत और वेस्ट इंडीज अब गुरुवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में आमने-सामने होंगे।



## मेरा लक्ष्य विश्व कप में अपनी जगह पक्की करना नहीं है : शार्दुल

**तारौबा।** तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद कहा कि वह केवल विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए नहीं खेल रहे हैं और उनका मकसद बस टीम को जीत दिलाना रहता है। शार्दुल ठाकुर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में शानदार गेंदबाजी की। सीरीज के निर्णायक मैच में मंगलवार को शार्दुल ने 37 रन देकर चार विकेट लिए। उनके प्रदर्शन ने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और भारत ने अंतिम वनडे में 200 रन की बड़ी जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली। मैच के बाद शार्दुल ने कहा, मैं केवल विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए नहीं खेल रहा हूं। मैं उस तरह का खिलाड़ी नहीं हूं। अगर मुझे विश्व कप के लिए नहीं चुना जाता है, तो यह चयनकर्ताओं का फैसला है। मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। मेरा यह सोचना बहुत गलत है कि मुझे जगह पक्की करने के लिए खेलना चाहिए। मैं टीम के लिए परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन करना चाहता हूं। चाहे कुछ भी हो, मैं हमेशा टीम को जीत दिलाने के लिए खेलूंगा और टीम को जीत दिलाने में प्रभाव डालूंगा।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व कप के सुपर 16 में



**वेलिंगटन।** दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को रोमांचक ग्रुप जी मैच में इटली को 3-2 से हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सुपर-16 के लिए क्वालीफाई किया। यह टूर्नामेंट के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका की पहली जीत भी थी। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर अपनी टीम को यह ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए हिल्दाह मगैया (67वां मिनट) और थंबी गाटलाना (90+2) ने एक एक गोल किया।

इटली की बेंडेटा ऑर्सी ने एक आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में योगदान दिया। इटली के दोनों गोल एरियाना कारुसो (11वां, 74वां मिनट) ने किए। कारुसो ने 11वें मिनट में पेनल्टी पर गोल जमाकर इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने जल्द ही लगातार हमलों के जरिए वापसी की। मैच के 32वें मिनट में ऑर्सी के आत्मघाती गोल के बाद दक्षिण अफ्रीका ने हाफ टाइम में बराबरी के साथ प्रवेश किया।

दूसरे हाफ में इटली ने वापसी का प्रयास किया, लेकिन एक दर्शनीय बैकपास की सहायता से मगैया अफ्रीकी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। कारुसो ने 74वें मिनट में गोल जमाकर इटली की कुछ उम्मीदें जगायीं लेकिन संयुक्त प्रयास की बेहतरीन मिसाल कायम करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम क्षणों में गाटलाना के गोल से जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका की कोच देसरी एलिस ने भावुक आंखों से कहा, वे योद्धाओं की तरह लड़ीं। वे उन नायिकाओं की तरह लड़ीं जो हम उन्हें मानते हैं। उन्होंने न सिर्फ विश्व कप में हमारी पहली जीत हासिल करके इतिहास रचा है, बल्कि सुपर 16 में पहुंचकर भी इतिहास रचा है जो बेहद आश्चर्यजनक है। नाइजीरिया (1999, 2019, 2023) और कैमरून (2015,2019) के बाद दक्षिण अफ्रीका फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम बन गई है। दिन के अन्य ग्रुप जी मुकाबले में, स्वीडन ने अर्जेंटीना को 2-0 से हराकर ग्रुप की शीर्ष टीम के रूप में सुपर 16 में प्रवेश किया।

# मिथुन ने किया उलटफेर, सिंधु, प्रणय भी जीते

सिडनी। भारत के गैर वरीयता प्राप्त शटलर मिथुन मंजूनाथ ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में बुधवार को बड़ा उलटफेर करते हुए सिंगापुर के चौथी सीड कीन यू लोह को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 50वें नंबर पर मौजूद मिथुन ने सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 21-19, 21-19 से मात दी। मिथुन अब अगले दौर में मलेशिया के ली ज़ी जिया का सामना करेंगे। इस बीच, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने अपने टूर्नामेंट का मज़बूत आगाज़ किया, जबकि आकर्षि कश्यप ने भी अपने से बेहतर रैंकिंग वाली खिलाड़ी को मात दी। इस सीज़न में सात अलग-अलग आयोजनों में पहले दौर में हारने वाली सिंधु ने अपने शुरुआती महिला एकल मैच में हमवतन अश्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18, 21-13 से हराया।



पुरुष एकल प्रतियोगिता में, श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18, 21-17 से हराया। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के चियुक यू ली को 21-18, 16-21, 21-15 से मात दी। युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने भी अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाते हुए मेज़बान देश के नेथन टैंग को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरे दौर में प्रणय का मुकाबला चीनी ताइपे के यू जेन ची से होगा, जबकि राजावत और श्रीकांत क्रमश: ताइपे के त्ज़ु वेई वांग और ली यांग सु से भिड़ेंगे।

आकर्षि ने मलेशिया की जिन वेई गोह को 21-15, 21-17 से हराया और दूसरे चरण में उनका सामना सिंधु से होगा।

इस बीच, लक्ष्य सेन ने चोट के कारण हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ अपना पुरुष एकल मैच छोड़ दिया। सेन शुरुआती गेम में 0-5 से पीछे थे जब उन्होंने मैच छोड़ने का फैसला किया।

# मुझे भारतीय टीम के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी व एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने का पूरा विश्वास : दिलीप टिर्की

- हमारी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में पूरी शिद्दत से खेलेगी
- नहीं क्वॉलिफाई किया तो कहीं भी खेलेंगे ओलंपिक क्वॉलिफायर

चेन्नै। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की की यहां चेन्नै से बहुत सुखद यादें जुड़ी हैं। दिलीप टिर्की यहां 1995 में सैफ खेलों मे पाकिस्तान को फाइनल में हरा कर और फिर 2007 में दक्षिण कोरिया को फाइनल में हरा एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट टीमों का हिस्सा रहे। दिलीप यहां 1996 में भारत के यहां पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। दिलीप टिर्की ने विश्वास जताया कि भारतीय यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी तो जीतेगी ही अगले महीने हांगजू(चीन) में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीत कर 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वॉलिफाई करने में भी कामयाब रहेगी।

दिलीप टिर्की ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के शुरू होने की पूर्व संध्या पर कहा, मेरे लिए खास तौर पर अपने हॉकी करियर के दौरान यहां से खुशनुमा यादें जुड़ी हैं। मैं यहां 1995 में हॉकी में पहली बार सैफ खेलों के हॉकी टूर्नामेंट में खेला और तब हमारी भारतीय हॉकी टीम ने खिताब जीता। फिर 2007 में दक्षिण कोरिया को यहां एशिया कप के फाइनल में हराकर हमने खिताब जीता। हमारे लिए यहां शुरू हो रही एशियन चैंपियंस ट्रॉफी बेहद अहम है। हमारे लिए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी अगले महीने हांगजू (चीन) में शुरू हो रहे एशियाई खेलों की तैयारी के लिए बहुत बढ़िया अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी भारतीय टीम 16 बरस के बाद एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को जरूर जीतेगी।जहां तक यह सवाल है कि क्या भारतीय टीम पूरी शिद्दत से खेलेगी तो मेरा जवाब है, बेशक। रही बात आगे एशियाई खेलों में चोट की आशंका से कुछ बच कर खेलने की तो मैं यही कहूंगा कि चोट तो कभी भी किसी भी खिलाड़ी को कभी भी लग सकती है। फिर भी एशियाई खेलों में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एक महीना है। बदकिस्मती से यदि किसी खिलाड़ी को चोट लगी भी तो भी खिलाड़ी के पास उससे उबरने का मौका रहेगा।'

दिलीप टिर्की कहते हैं, हमारी भारतीय हॉकी टीम का मकसद बेशक हांगजू में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी भारतीय हॉकी टीम अगले महीने हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने में कामयाब रहेगी। मुझे इस बात की कोई आशंका ही नहीं है कि हमारी टीम हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतेगी। यदि बदकिस्मती से हम स्वर्ण पदक न जीत पाए और हमें ओलंपिक क्वॉलिफायर खेलने स्पेन या पाकिस्तान जाना पड़ा तो जाएंगे क्योंकि हमारे लिए ओलंपिक खेल बहुत अहम है। ड्रैग फ्लिक पर गेंद की 'खतरनाक' रफ्तार से गोलरक्षक व डिफेंडर को बचाने के लिए इसमें नियम के बदलाव का प्रयोक कम से कम यहां चैंपियंस ट्रॉफी में तो कतई नहीं करेंगे।'

वह कहते हैं, चेन्नै में डेढ़ दशक से भी ज्यादा के बाद एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में ओडिशा के बाहर पहला बड़ा टूर्नामेंट अच्छा है। ओडिशा में खासतौर पर बराबर हॉकी इसलिए आयोजित हुई क्योंकि ओडिशा सरकार ने देश में हॉकी के विकास के बराबर रुचि दिखाई। हमारी कोशिश देश में उन जगह भी हॉकी टूर्नामेंट आयोजित करने की है जो कभी हॉकी का गढ़ रहे हैं। तमिलनाडु सरकार के आभारी हैं उसने यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की।'

ठीक से परीक्षण के बाद ही लागू पेनल्टी कॉर्नर में बदलाव की सोचेंगे- तैयब एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, हमने बीते कुछ बरसों में महसूस किया है कि पेनल्टी कॉर्नर लेने के मौजूदा नियम में जब ड्रैग फ्लिकर गेंद फ्लिक करता है तो गेंद इतनी तेज रफ्तार से गोलरक्षक और डिफेंडर की ओर जाती है कि काबू से बाहर हो जाती है। हम इस पर खिलाडियों की सुरक्षा के साथ खासतौर पर गोलरक्षक द्वारा पहने उपकरणों की बाबत सोच रहे हैं। यह फ़िलहाल प्रयोग के दौर में ही है। पहले हम इसका ठीक से परीक्षण कर लें । हम इस यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में तो लागू नहीं करेंगे। इसमें कोई चौंकाने वाली बात नहीं है।



## भारतीय के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मैचों का कार्यक्रम

3 अगस्त : भारत वि. चीन
4 अगस्त : भारत वि. जापान
5 अगस्त : विश्राम का दिन
6 अगस्त : भारत वि. मलयेशिया
7 अगस्त : भारत वि. दक्षिण कोरिया
8 अगस्त : विश्राम का दिन।
9 अगस्त : भारत वि. पाकिस्तान से
10 अगस्त : विश्राम का दिन
11 अगस्त : दोनों सेमीफाइनल व पांचवें-छठे स्थान के मैच
12 अगस्त : फाइनल रात साढ़े 8 बजे से।
तीसरे-चौथे स्थान का मैच : शाम छह बजे से

**भारत के सभी मैच रात साढ़े 8 बजे से**

### बृहस्पतिवार के मैच

द. कोरिया वि. जापान : शाम 4 बजे से
मलयेशिया वि. पाकिस्तान : शाम सवा छह बजे से
भारत वि. चीन : रात साढ़े 8 बजे से

## सार संक्षेप

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के धीमे ओवररेट के लिए अंक कटे, जुर्माना लगा

**दुबई।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के हाल ही में समाप्त हुई पुरुष एशेज 2023 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए बुधवार को महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक काट दिए गए और उन पर जुर्माना लगाया गया। संशोधित नियमों के तहत, उन पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना और प्रत्येक ओवर कम के लिए एक डब्ल्यूटीसी अंक का जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए हाल ही में समाप्त एशेज श्रृंखला से 10 डब्लूटीसी अंक काटे गए हैं, जबकि इंग्लैंड को पांच में से चार टेस्ट में पिछड़ने के कारण संयुक्त रूप से 19 अंक का नुकसान हुआ है। विशेष रूप से, डब्ल्यूटीसी में टीमें टेस्ट जीतने पर 12 अंक, ड्रॉ पर चार अंक और हार पर कोई अंक नहीं कमाती हैं। आमतौर पर, एक टीम को एक दिन में 90 ओवर फेंकने की ज़रूरत होती है। इंग्लैंड ने एजबेस्टन में पहले टेस्ट में दो, लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में नौ, ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में तीन और ओवल में आखिरी और अंतिम टेस्ट में पांच ओवर कम फेंके। टेस्ट में ओवर-रेट प्रतिबंधों में नवीनतम बदलावों की घोषणा 13 जुलाई को डरबन, दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में की गई थी, और इसे वर्तमान डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत से लागू किया गया था।

### मैडिसन ने झेंग को हराया, फ्रांसिस टियाफो ने भी पहले दौर में जीत दर्ज की

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** नंबर 7 वरीयता प्राप्त अमेरिकी मैडिसन कीज ने एक दशक में पहली बार सिटी ओपन में जीत दर्ज की और शुरुआती मुकाबले में चीन की झेंग किनवेन को 7-5, 6-1 से हराया। मंगलवार रात को जीत के साथ कीज ने 20 वर्षीय झेंग की पांच मैचों की जीत का सिलसिला खत्म किया।


**आम सूचना**

इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती स्नेहप्रभा गुप्ता पति श्री रोहणी कुमार गुप्ता निवासी राम वार्ड, करेली तहसील- करेली, जिला नरसिंहपुर के मौजा- जौहरिया, न.बं.-199, प.ह.नं.-13. के ख.नं.-105 / 5 के रकवा - 420 वर्गफुट का प्लाट रजिस्टर्ड बैनामा से विक्रेता- शिवप्रसाद पटेल पिता श्री बलीराम पटेल जाति लोधी निवासी-जौहरिया, पोस्ट- कोदसा, तहसील-करेली, जिला-नरसिहपर से दिनांक 21.5.2009 में क्रय किया था जो उपपंजीयक करेली के कार्यालय में पुस्तक क्र.- ए-1 के जिल्द क्र. 438 पृष्ठ क्र0-34 से 37 दस्तावेज क्र.-87 पर दर्ज है जिसका बैनामा कहीं गुम हो गया जिसकी थाना प्रभारी करेली जिला-नरसिंहपर में दिनांक 5.7. 2023 को स्नेहप्रभा गुप्ता द्वारा की गई है। इस सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्नेहप्रभा गुप्ता के असल बैनामा के माध्यम से उक्त सम्पत्ति को कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को खुर्द-बुर्द क्रय-विक्रय, रहनवय व बक्सीश इत्यादि न करें। यदि करता है तो वह शून्य मानी जावेगी जिसके लिए वह स्वयं जबाबदार होगा। बैनामा प्राप्त होने पर मुझे 7 दिवस के अन्दर सूचित करे इसके बाद कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

नवीन कुमार सोनी
अधिवक्ता, मो.9425170429


# भारत के पास रिकॉर्ड चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब जीत इतिहास रचने का मौका

- भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार, पर किसी टीम को हल्के नहीं ले सकता
- भारत को खासतौर पर मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से चौकस रहना होगा

**चेन्नै।** दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नै 2023 में मेजबान भारतीय हॉकी टीम के पास अपने ही प्रशंसकों के सामने रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीत कर इतिहास रचने का मौका है। भारत बेशक यहां खिताब का सबसे मजबूत दावेदार है फिर भी वह किसी भी टीम को हल्के में लेने की भूल नहीं कर सकता है। भारत अपने अभियान का आगाज चीन के खिलाफ बृहस्पतिवार को मैच से करेगा। भारत को खासतौर पर मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से खासा चौकस रहना होगा। भारतीय टीम की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अग्नि परीक्षा होगी ही क्रेग फुल्टन का भी उसके चीफ कोच के रूप में बड़ा इम्तिहान होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की निगाहें अगले महीने हांगजू (चीन) में होने वाले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक सीधे 2024 में होने पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने पर लगी हैं। भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन के लिए राउंड रॉबिन लीग आधार पर खेली जाने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी इसीलिए एशियाई खेलों से पहले अपने तरकश के सभी तीर और संयोजनों को आजमाने के लिए सबसे बड़ा मंच है। फुल्टन की कोशिश यहां शिरकत करने वाली टीमों के खिलाफ अपनी टीम को आंकने और उसी के मुताबिक एशियाई खेलों के लिए भी अपनी रणनीति बनाने पर रहेगी। नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में भारत अपने किले की मजबूत चौकसी के साथ शुरू से तेज हमलों की रणनीति से खिताब जीतने के संकल्प के साथ उतरेगा। तीन बार के चैंपियन भारत और बूढ़ों की फौज के साथ उतरने वाली जवाबी हमलों पर यकीन करने वाली मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया और अपने किले की चौकसी कर पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने में यकीन करने वाली पिछली उपविजेता जापान एक बार फिर अपने पिछले संस्करण के प्रदर्शन को दोहराने के संकल्प से उतरेंगे। मेजबान भारत, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, जापान, चीन और पाकिस्तान सहित सभी छह टीमें यहां आपस में एक एक बार भिड़ेंगी और शीर्ष चार में रहने वाली टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी।




**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर**
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.0043 / अ- 6 वर्ष/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार न्यायालय की डिक्री अनुसार बंटवारा की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 07/08/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 12 | कंदेली | 50/1 | 2501 वर्गफुट | गजेन्द्र, द्वारकाप्रसाद, गजानंद, गुलाब,कृष्णाबाई पिस.सोनेलाल, लक्ष्मीबाई आ. सोनेलाल गढवाल | गजेन्द्र, द्वारकाप्रसाद, गजानंद गुलाब, कृष्णाबाई, पिस. सोनेलाल, लक्ष्मीबाई आ. सोनेलाल गढवाल |

आज दिनांक- 17/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर


## सुडोकू 6275 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# [ अर्थ जगत ]

## बाजार में तेजी से 29 हजार डॉलर के पार पहुंचा बिटकॉइन

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के दौरान आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल 6 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि तीन आभासी मुद्राएं रेड जोन में बनी हुई हैं। इसके अलावा यूएसडी कॉइन बिना किसी उतार-चढ़ाव के सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा यूएसडी कॉइन बिना किसी उतार-चढ़ाव के सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई ।



## महंगे हवाई किराये और गो फर्स्ट की उड़ानें रद्द से इंडिगो को रिकॉर्ड मुनाफा

**नयी दिल्ली ।** गर्मी की छुट्टी के सीजन में आसमान छूती एयरफेयर और गो फर्स्ट के उड़ानों के रद्द होने का बड़ा फायदा देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइंस को हुआ है. इंडिगो नाम से उड़ान भरने वाली देश की इंटरग्लोब एविएशन ने 2023-24 की पहली तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं.और पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जहां एयरलाइंस को नुकसान हुआ था मौजूदा वित्त वर्ष की अप्रैल से जून की पहली तिमाही में एयरलाइंस को रिकॉर्ड 3090.6 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ हैं । इंडिगो ने जो नतीजे घोषित किए हैं उसके मुताबिक पहली तिमाही को उसे 3090.6 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है जबकि 2022-23 की पहली तिमाही में 1064.2 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था. 2022-23 वित्त वर्ष की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च के बीच एयरलाइंस को 919.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था. यानि पिछलवी तिमाही के मुताबले मौजूदा तिमाही में मुनाफे में 236 फीसदी का उछाल आया है.महंगे हवाई किराये, जबरदस्त टूरिस्ट फ्लो और गो फर्स्ट के बंद होने के बाद कमजोर प्रतिस्पर्धा के चलते अप्रैल से जून तिमाही के दौरान इंडिगो का सेल्स 16,683 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के समान तिमाही के मुकाबले 29.7 फीसदी ज्यादा है.


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 10000-11000, मीडियम बोल्ड 12000-12500, फाइन 13000-14000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14000-1450, चना दाल एवरेज 6000-6200 चना दाल मार्का 6200-6500, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7200-7500, उड़द छिलका 8500-9000, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 10800-11000, मूंग दाल छिलका 9000-9200, मूंग दाल फाइन 9400-9500, मूंगदाल धुली 9800-10000,फाइन 10000-10200।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3100-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3500-3700, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4800 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 4800-5000, फाइन 5300-5500, बासमती कनकी चालू 2800-2900, बासमती कनकी मीडियम 3200-3400, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 6000-6200, तिबार- 7200-7500, बासमती 10000-11500, बेस्ट 11500-12000 पोहा-4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा-5000-5200, फाइन- 6500-7000, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60650 चांदी टंच- 74400
चांदी रिफाइन -75900

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन
भाव-60650 चांदी टंच- 74400
चांदी रिफाइन -75900


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 58 |
| एक यूरो | 90. 44 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104. 89 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 14 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6500, 6 एम एम 6500, 8 एम एम 6100, 10 एम एम 5900,12 एम एम, 5900 एवं 16 एम 5900 रु.। तार- 78 रु. किलो।


# फिच के अमेरिकी झटके से हिला भारतीय शेयर बाजार

## सेंसेक्स 650 अंक फिसलकर 66 हजार के नीचे

***मुंबई ।*** *भारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबार के दौरान जोरदार गिरावट दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स 650 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर बंद हुआ।*



अमेरिका की रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग के अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग घटाने के बाद वैश्विक बाजारों में गिरावट आई और इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा। साथ ही मुनाफा वसूली से भी बाजार पर असर पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज के कारोबार में 1.02 प्रतिशत या 676.53 अंक की गिरावट लेकर 65,782.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,431.68 अंक तक फिसल गया लेकिन बाद में कुछ उबर गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 26 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.05 प्रतिशत या 207.00 अंक की गिरावट लेकर 19,526.55 पर बंद हुआ। इसी के साथ निफ्टी 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर तक पहुंचने से और पीछे फिसल गया।

**टॉप लूजर्स** - सेंसेक्स की कंपनियों में ज्यादातर के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। टाटा स्टील के शेयर में सबसे अधिक 3.25 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके अलावा टाटा मोटर्स का स्टॉक भी 3.12 प्रतिशत फिसलकर बंद हुआ। साथ ही बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एसबीआई, जेएसडब्ल्यू स्टील, एल एंड टी, भारतीय एयरटेल, टाइटन, विप्रो, एचडीएफ़सी बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक के शेयर गिरावट में बंद हुए।

**टॉप गेनर्स** - दूसरी तरफ, नेस्ले इंडिया का शेयर सबसे 1.15 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। साथ ही एशियन पेंट्स, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा के शेयर हरे निशान में रहे। **अन्य बाजार** - इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में भी गिरावट देखी गई और चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की इंडेक्स भी गिरावट में बंद हुआ। वहीं, यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार के दौरान गिरावट दर्ज की गई।

### निवेशकों के 3.56 लाख करोड़ डूबे

भारतीय शेयर बाजार में आई इस सुनामी से निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है. बुधवार को मार्केट बंद होने तक निवेशकों की संपत्ति 3.56 लाख करोड़ रुपये घट गई. दरअसल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के 306.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर 303.24 लाख करोड़ रुपये रह गया.

# अगले सीजन में भी चीनी उत्पादन घटने का अनुमान

## इस्मा का अनुमान, 2023-24 के सत्र में चीनी उत्पादन 3.41 प्रतिशत घटेगा



**नयी दिल्ली ।** *अगले सीजन में भी चीनी उत्पादन घट सकता है। चीनी उद्योग संगठन इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन ने अगले सीजन में चीनी उत्पादन में कमी आने का अनुमान लगाया है।*

**क्या है वजह ?** - इसकी वजह बारिश की कमी और एथेनॉल के लिए गन्ने का अधिक इस्तेमाल होना है। चालू सीजन के दौरान भी चीनी के उत्पादन में कमी दर्ज की गई है।

**अगले सीजन में चीनी उत्पादन घटकर रह सकता है करीब 317 लाख टन** - इस्मा ने अगले सीजन में भी चीनी का उत्पादन घटने का अनुमान लगाया है। इस्मा के मुताबिक अगले चीनी सीजन 2023-24 अक्टूबर-सितंबर अवधि में चीनी का उत्पादन 316.80 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि चालू सीजन में 328 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ। जाहिर है चालू सीजन की तुलना में अगले चीनी सीजन में चीनी उत्पादन में 3.41 फीसदी कमी आ सकती है।

**चालू सीजन में भी चीनी उत्पादन में कमी** - चालू सीजन में भी चीनी उत्पादन में कमी आई है। पिछले सीजन में 359.75 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस तरह चालू सीजन में पिछले सीजन से चीनी उत्पादन में 8.82 फीसदी कमी दर्ज की गई। हालांकि अगले सीजन में चीनी उत्पादन घटने के बावजूद इसकी खपत से ज्यादा रहने वाला है। देश में चीनी की घरेलू खपत 275 लाख टन की है। जाहिर है अगले चीनी सीजन में चीनी का उत्पादन खपत से ज्यादा होगा। जिससे सीजन के अंत में 42 लाख टन चीनी अधिशेष रहेगी।

**एथेनॉल में ज्यादा होगा इस्तेमाल** - इस्मा ने शुरुआती अनुमान में कहा कि सत्र 2023-24 में लगभग 45 लाख टन चीनी उत्पादन को एथनॉल के लिए स्थानांतरित किया जाएगा। चालू सीजन में यह मात्रा 41 लाख टन है। सीजन 2023-24 में गन्ने का क्षेत्रफल 59.81 लाख हेक्टेयर है, जो पिछले सीजन के 59.07 लाख हेक्टेयर से कुछ ज्यादा है।

# आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने बढ़ाया एमसीएलआर

***नई दिल्ली ।*** *पिछले साल मई से रेपो रेट बढ़ने के कारण लोगों की ईएमआई में इजाफा देखने को मिला है। आरबीआई की ओर से ब्याज दर में वृद्धि रोकने के बाद भी कुछ बैंकों की ओर से लेंडिंग रेट्स में बढ़ोतरी की जा रही हैं।*




ताजा बढ़ोतरी आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ इंडिया की ओर से गई है। इन बैंकों द्वारा लोन के एमसीएलआर की दरों को बढ़ा दिया गया है। नई ब्याज दरें एक अगस्त से लागू हो गई हैं।

आईसीआईसीआई बैंक की ओर से एमसीएलआर की दर को 5 आधार अंक बढ़ा दिया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद ओवरनाइट और एक महीने का एमसीएलआर 8.40 प्रतिशत, तीन महीने का एमसीएलआर 8.45 प्रतिशत, छह महीने की 8.80 प्रतिशत और एक साल का एमसीएलआर 8.90 प्रतिशत है।

बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कुछ चुनिंदा अवधि के एमसीएलआर को बढ़ाया गया है। एक साल का एमसीएलआर 8.70 प्रतिशत और तीन साल का एमसीएलआर 8.90 प्रतिशत है। वहीं, ओवरनाइट 7.95 प्रतिशत, एक महीने 8.15 प्रतिशत, तीन महीने 8.30 प्रतिशत, छह महीने 8.50 प्रतिशत है।

एमसीएलआर का पूरा नाम मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट्स है। यह वह दर होती है, जिसके आधार पर बैंक ग्राहकों को लोन देते हैं। इसमें बदलाव का सीधा असर ग्राहकों की ईएमआई पर पड़ता है। आरबीआई की ओर से मई 2022 में ब्याज दरों को बढ़ाना शुरू किया था। तब से लेकर अब तक आरबीआई रेपो में 2.5 प्रतिशत का इजाफा कर चुका है। हालांकि, पिछले दो बार की मौद्रिक कमेटी की बैठक में ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

# टमाटर की कीमतों में फिर उबाल, मदर डेयरी पर एक किलो टमाटर का भाव 250 के पार

***नई दिल्ली ।*** *राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की कीमतें एक बार फिर आसमान छू रही हैं। मदर डेयरी ने अपनी सफल खुदरा दुकानों पर बुधवार को टमाटर 259 रुपये प्रति किलो के भाव पर बेचा। टमाटर के प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने से इसकी कीमतें एक महीने से अधिक समय से बढ़ी हुई हैं। केंद्र सरकार ने स्थिति को देखते हुए 14 जुलाई से रियायती दर पर टमाटर की बिक्री शुरू की।*



**कम आपूर्ति के कारण टमाटर की कीमतों में फिर से उछाल** - राष्ट्रीय राजधानी में खुदरा कीमतें हाल ही में कम होने लगी थीं, लेकिन कम आपूर्ति के कारण इनमें फिर से उछाल आ गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को टमाटर की खुदरा कीमत 203 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि मदर डेयरी की सफल खुदरा दुकानों पर इसकी कीमत 259 रुपये प्रति किलोग्राम रही। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने कहा, '' मौसम के खराब होने के कारण पिछले दो महीने से देशभर में टमाटर की आपूर्ति प्रभावित हुई है। पिछले दो दिन में आजादपुर मंडी में टमाटर की आवक काफी कम हुई है। कम आपूर्ति के कारण थोक कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, जिसका असर खुदरा कीमतों पर भी पड़ा है।''

**आजादपुर मंडी में टमाटर का भाव 170-220 रुपये के बीच** - एशिया की सबसे बड़ी फल और सब्जी थोक मंडी आजादपुर में टमाटर की थोक कीमतें बुधवार को गुणवत्ता के आधार पर 170-220 रुपये प्रति किलोग्राम रहीं। आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक ने कहा, '' पिछले तीन दिन में टमाटर की आवक कम हुई है क्योंकि भारी बारिश के कारण उत्पादक क्षेत्रों में फसल खराब हो गई है।''

उन्होंने बताया कि आजादपुर मंडी में बुधवार को टमाटर की केवल 15 प्रतिशत आपूर्ति हुई। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से केवल छह छोटे ट्रकों में आपूर्ति की गई। इससे भी कीमतें बढ़ीं। कौशिक ने कहा कि आपूर्ति की स्थिति में अगले 10 दिन में सुधार की उम्मीद है।

# आरबीआई के निशाने पर आई 4 सरकारी कंपनियां, एक गलती की मिली कड़ी सजा

***नई दिल्ली ।*** *रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चार सरकारी कंपनियों पर जुर्माना लगाया है. हजारों करोड़ रुपये का ये जुर्माना 4 सरकारी तेल व गैस कंपनियों पर लगा है. रिजर्व बैंक ने जिन कंपनियों पर जुर्माना लगाया है, उनमें ओएनजीसी विदेश लिमिटेड , इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन , गेल इंडिया लिमिटेड और ऑयल इंडिया लिमिटेड शामिल हैं.*

**इस कारण लगी है पेनल्टी** - मिंट की एक खबर में मामले से जुड़े दो लोगों के हवाले से यह जानकारी दी गई है. उनका कहना है कि रिजर्व बैंक ने चारों सरकारी कंपनियों पर 2000 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. यह जुर्माना लेट सबमिशन फीस के तौर पर लगा है. बताया जा रहा है कि चारों सरकारी कंपनियों ने अपने विदेशी निवेश के बारे में जानकारी देने में देरी की, इसी कारण उनके ऊपर कार्रवाई हुई है.

**चारों पर 500-500 करोड़ पेनल्टी** - खबर के अनुसार, रिजर्व बैंक के इस कदम से चारों सरकारी कंपनियों के विदेशी काम प्रभावित हो सकते हैं. अब ये चारों प्रभावित कंपनियां रिजर्व बैंक से एक्सटेंशन पाने का प्रयास कर रही हैं. सभी के ऊपर सेंट्रल बैंक ने 500-500 करोड़ रुपये की पेनल्टी लगाई है.




**एसबीआई से हुई गलती** - चारों कंपनियों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गलती का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. इन सभी सरकारी कंपनियों के विदेशी लेन-देन के लिए एसबीआई ही अथॉराइज्ड डीलर बैंक है. विदेशी निवेश के बारे में समयसीमा के भीतर जानकारी देने का काम अथॉराइज्ड डीलर बैंक का ही होता है. खबर के अनुसार, पेट्रोलियम मंत्रालय का भी यही मानना है कि देरी के लिए कंपनियां नहीं बल्कि एसबीआई जिम्मेदार है.

**इतना है विदेश में निवेश** ञ सरकारी तेल व गैस कंपनियां देश की ऊर्जा जरूरतों की अच्छे से पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विदेश स्थित कई स्ट्रेटजिक एसेट में निवेश करती हैं. अभी के समय में भारत की सरकारी तेल व गैस कंपनियों ने 25 देशों में स्थित करीब 55 एसेट में निवेश किया हुआ है और उनका कुल निवेश करीब 36.55 बिलियन डॉलर है.

**जारी है सुलझाने का प्रयास** - रिजर्व बैंक की इस कार्रवाई के बारे में अभी चारों में से किसी भी सरकारी कंपनी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है. हालांकि मिंट की खबर में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि बातचीत को सुलझाने के प्रयास चल रहे हैं. जल्दी ही इस मामले में प्रोग्रेस होने की उम्मीद है.

# हीरो मोटोकॉर्प ने हार्ले-डेविडसन एक्स440 के दाम 10,500 रुपये बढ़ाए

**नयी दिल्ली ।** हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी गठबंधन साझेदार हार्ले डेविडसन के हाल में पेश मॉडल हार्ले-डेविडसन एक्स440 की कीमतों में 10,500 रुपये की बढ़ोतरी करने की बुधवार को घोषणा की।

हार्ले डेविडसन ने इस मॉडल को पिछले महीने 2.29 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर भारतीय बाजार में पेश किया था। भारतीय बाजार में हार्ले-डेविडसन की हीरो मोटोकॉर्प के साथ साझेदारी है। अब कीमत बढ़ने के बाद हार्ले-डेविडसन एक्स440 मॉडल की कीमत 2,39,500 रुपये से शुरू होगी। कीमत में बढ़ोतरी इस मॉडल के सभी संस्करणों पर लागू होगी। हालांकि, हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि हार्ले-डेविडसन एक्स 440 तीन अगस्त तक 2.29 लाख रुपये के मौजूदा भाव पर ही उपलब्ध रहेगी। ग्राहक वेबसाइट पर जाकर इसकी ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने कहा, एक्स 440 मॉडल को पेश किए जाने के साथ ही बहुत जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

# पदम् भूषण डॉ. अजय चौधरी ने अपने कॉलेज के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को सहयोग देने के लिए स्कॉलरशिप की घोषणा की

**जबलपुर ।** एचसीएल के संस्थापक और हाल ही में प्रकाशित आत्मकथा जस्ट ऐस्पायर के लेखक पदम् भूषण डॉ. अजय चौधरी ने भारत की भावी प्रतिभाओं के निर्माण में योगदान की घोषणा की है। चौधरी के पारिवारिक न्यास 'स्वयम चैरिटेबल ट्रस्ट' ने 'ऐस्पायर स्कॉलरशिप' स्थापित की है। इस पहल का लक्ष्य उन आकांक्षी इंजीनियरों को जरूरी सहयोग प्रदान करना है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वित्तीय अड़चन का सामना कर रहे हैं। इस स्कॉलरशिप के माध्यम से उनको अपनी ध्येय प्राप्ति में मदद मिलेगी और एक उज्जवल भविष्य की राह पर आगे बढ़ सकेंगे।

पहले तीन सालों में 10 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ यह न्यास 84 (की संख्या तक) विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है; उनकी इंजीनियरिंग की पूरी पढ़ाई के दौरान उन्हें संपूर्ण वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल का लक्ष्य उन विद्यार्थियों तक मदद का हाथ पहुंचाना है जो अपने सपनों को हकीकत में बदलने की कोशिशों में लगे हैं। यह स्कॉलरशिप महज ट्यूशन फीस के दायरे तक सीमित नहीं होगी बल्कि इसमें उनके हॉस्टल व मैस का व्यय भी शामिल रहेगा, और उनके पूरे प्रोग्राम के दौरान यह सारा खर्च दिया जाता रहेगा।

ऐपिक फाउंडेशन के संस्थापक, एचसीएल के सह-संस्थापक और स्वयम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी डॉ. अजय चौधरी ने कहा, ''ऐस्पायर केवल एक स्कॉलरशिप मात्र नहीं है बल्कि यह आशा की किरण है जो इन आकांक्षी इंजीनियरों के भीतर महानता की चिंगारी को प्रेरित करेगी, उन्हें सक्षम बनाएगी कि वे अपनी प्रतिभा व निपुणता से इस दुनिया में परिवर्तन ला सकें। इस स्कॉलरशिप का लक्ष्य है आकांक्षी इंजीनियरों की मदद करना, जो भारत की भावी वृद्धि के लिए आवश्यक हैं और उन्हें भारत की प्रगति कथा में हिस्सा लेने व योगदान करने हेतु सहयोग मुहैया कराना।

# मीशो ने छह महीने में 52 लाख नकली, प्रतिबंधित उत्पादों को अपने मंच से हटाया

**नयी दिल्ली ।** सॉफ्टबैंक समर्थित ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने पिछले छह महीने में करीब 42 लाख नकली व नियमों का उल्लंघन करने वाले उत्पाद और 10 लाख प्रतिबंधित उत्पादों को अपने मंच से हटाया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मीशो के एक अधिकारी ने बताया कि हटाए गए उत्पाद मीशो के मंच पर सूचीबद्ध कुल उत्पादों के पांच प्रतिशत से भी कम हैं।

कंपनी के अनुसार, प्रोजेक्ट सुरक्षा प्रणाली ने 12,000 से अधिक नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खातों का पता लगाया है और उनकी मंच तक पहुंच प्रतिबंधित की। मीशो की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस परियोजना के प्रभावशाली परिणाम मिले हैं। पिछले छह महीने में करीब 42 लाख नकली व नियमों का उल्लंघन करने वाले उत्पाद और 10 लाख प्रतिबंधित उत्पाद मंच से हटाए गए हैं। कंपनी के संस्थापक व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी संजीव बर्नवाल ने कहा कि कंपनी ने गुणवत्ता जांच को लगातार बेहतर करने और नकली उत्पादों व नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं की प्रभावी ढंग से पहचान करने के लिए उन्नत प्रोद्यौगिकी का इस्तेमाल किया।


**देशबन्धु**
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 ℅ गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

**नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।**


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# अगले चौबीस घंटे में अच्छी बारिश के संकेत, पारा नीचे लुढ़का, उमस भरी गर्मी से राहत



## चौबीस घंटे में बारिश का आंकड़ा 30 इंच के पास पहुंचा



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ जबलपुर में मानसून सक्रिय है। इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार की शाम से शुरू हुई बारिश बुधवार को भी जारी रही। हालाकि दोपहर बाद बारिश रूक-रूक कर हो रही थी। बारिश का आंकड़ा 30 इंच के करीब पहुंच गया है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि जबलपुर में औसतन 50 से 55 इंच इंच होने वाली आधे से ज्यादा बारिश हो गई है जो सभी के लिये अच्छी खबर मानी जा सकती है। इस बीच पारा दिन और रात का कम हो गया है। इससे उमस भरी गर्मी से लोगों को निजात मिली है। अगले चौबीस घंटे में संभाग के जिलों में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

मानसून के बादल जबलपुर और आस-पास के क्षेत्रों में मेहरबान हैं। जिसके चलते 1 अगस्त की शाम से होने वाली बारिश पूरी रात जारी रही। वहीं सुबह भी यह सिलसिला जारी रहा। दोपहर के बाद बारिश में थोड़े समय के लिये विराम लगा था। बीच-बीच में रिमझिम फुहार गिर रही थी। मौसम सुहाना हो गया है। बारिश होने से लोगों को सावन का एहसास हो रहा है। जबलपुर में दिन का तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस जो सामान्य से 4 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बारिश 726.8 मिमी दर्ज की गई। हवा पश्चिम की ओर से चलने वाली पांच से छः किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही है। इधर लगातार बारिश होने से दमोहनाका से मदनमहल के फ्लाई ओव्हर के नीचे की सड़क कई जगह से उधड़ चुकी है। इससे वाहन चालकों को अच्छी खासी दिक्कत हो रही है। शहर में दूसरे स्थानों पर भी जर्जर सड़कों में पानी भर गया है। जिससे वाहन चालक हादसे को शिकार भी हो रहे हैं। वाहनों में टूट-फूट भी बढ़ी है।

**दूसरे दिन भी जल भराव से परेशानी-** दूसरी तरफ बुधवार को भी बारिश के चलते निचले इलाकों के रिहायशी क्षेत्रों में जल भराव की समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ा। मदन महल महानद्दा, चेरीताल, अमखेरा, बस्ती चालीस और दूसरे क्षेत्रों में बारिश से लोग कई तरह की परेशानियों का सामना करते रहे।

**जाम के संकट ने मुसीबत बढ़ाई-** वहीं बारिश के बीच कई जगह जाम की समस्या ने वाहन चालकों की मुसीबत को बढ़ा दिया था। इसमें रानीताल, बल्देवबाग, कछपुरा ब्रिज, दमोहनाका, मदन महल आदि शामिल हैं। यहां पर शाम को बार-बार दोनो तरफ वाहनों की लाईन लग रही थी। इससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ी।

### बिजली की आंख मिचौली चलती रही

उधर नगर और आस-पास के ग्रामीण अंचलों में बारिश के दौरान बिजली की आंख मिचौली भी जारी रही। कही पर लो वोल्टेज की समस्या भी सामने आई। बुधवार को दिन में भी कई सरकारी कार्यालयों में लाईट के आने जाने का क्रम चलता रहा। इसी के चलते कलेक्ट्रेट में लाइट नहीं होने पर कार्यालयों में लिपिक अपने मोबाईल की टार्च जलाकर जरूरी काम निपटाने में लग रहे।


## मूसलाधार बारिश से उफान पर नदी-नाले, मुख्यालय जाने वाले सभी रास्ते बंद, लबालब हुआ बिलगढ़ा बांध



**डिंडौरी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले में बीते दो दिनों से रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है, जिसके चलते सभी नदी-नाले उफान पर हैं। अमरपुर इलाके में खरमेर नदी से बाढ़ का पानी पुलों के ऊपर से बह रहा है, जिसके कारण अमरपुर जाने वाले सभी रास्तों पर आवागमन बंद हो गया है।

अमरपुर जनपद मुख्यालय के आधे से अधिक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। वहीं, कुछ लापरवाह बाइक सवार बाढ़ से उफना रहे पुल को पार करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। वहीं शहपुरा इलाके में मूसलाधार बारिश के चलते जिले का सबसे बड़ा बिलगढ़ा बांध पानी से लबालब भर गया है, जिसकी वजह से बांध का एक गेट खोलना पड़ा है। गेट खोलने के पहले जल संसाधन विभाग के द्वारा निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर सचेत रहने की हिदायत दी गई है।

## कूनो नेशनल पार्क में एक और मादा चीता धात्री की मौत



**श्योपुर, देशबन्धु।** कूनो नेशनल पार्क में एक और चीता धात्री (टिबलिसी) की मौत हो गई है। इस चीता की लोकेशन पिछले दो दिनों से जंगल में नहीं मिल रही थी। कूनो में अब तक 9 चीता 6 वयस्क और 3 शावक की मौत हो चुकी है। 14 चीता और 1 शावक जीवित हैं, जिसमें से एक चीता नीर्वा जंगल में है, उसकी भी कॉलर आईडी खराब होने से ट्रेकिंग में परेशानी आ रही है।

कूनो प्रबंधन के अनुसार बाहर जंगल में विचरण कर रहे 2 मादा चीतों को नामीबियाई विशेषज्ञ एवं कूनो वन्यप्राणी चिकित्सक एवं प्रबंधन टीम द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्हें स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बोमा में लाए जाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन दोनों में से बुधवार सुबह एक मादा चीता धात्री (टिबलिसी)- मृत पाई गई है। मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्ट मार्टम किया जा रहा है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बोमा में रखे गए समस्त 14 चीते (7 नर एवं 6 मादा एवं 1 मादा शावक) स्वस्थ हैं और उनका लगातार स्वास्थ्य परीक्षण कूनो वन्यप्राणी चिकित्सक टीम एवं नामीबियाई विशेषज्ञ के द्वारा किया जा रहा है।

## भोपाल रेलवे स्टेशन प्रबंधक को 5 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा



**भोपाल, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेलवे स्टेशन मैनेजर राजेश रायकवार को लोकायुक्त ने 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। जिससे स्टेशन पर हड़कम्प मच गया।

बताया जाता है कि स्टेशन मैनेजर (वाणिज्यिक) ने प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर कैंटीन के लिए पेटी कॉन्ट्रैक्टर से हर महीने छह हजार रुपए की मांग की थी, नहीं देने पर अनावश्यक चालान बनाकर परेशान कर रहे थे।

इस पर पेटी कॉन्ट्रैक्टर सुखबीर सिंह भदौरिया ने लोकायुक्त में शिकायत कर दी। जिसके बाद आज दोपहर बाद लोकायुक्त पुलिस एसपी के निर्देश पर एक टीम ने सुनियोजित ढंग से घेराबंदी की और शिकायतकर्ता सुखबीर सिंह भदौरिया को रिश्वत देने के लिए रुपए लेकर भेजा, जैसे ही स्टेशन मैनेजर (वाणिज्य) ने रुपए हाथ में लिए, वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने उसके स्टेशन स्थित कक्ष में प्रवेश कर रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी स्टेशन मैनेजर से पूछताछ की जा रही है। प्रबंधक के पकड़े जाने के बाद पूरे रेल प्रशासन में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बच्चे को मुंह में दबाकर उठा ले गया तेंदुआ



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में बांधवगढ टाइगर रिजर्व के नाम से मशहूर जंगल से लगे धमोखर रेंज के चेचरिया गांव से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां मंगलवार रात घर में अपनी मां के साथ सो रहे मासूम बच्चे को तेंदुआ उठा ले जाने की घटना प्रकाश में आई है, जिसमें मासूम बच्चे को उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं।

गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर रेंज अंतर्गत जंगल से लगे गांव चेचरिया जो कि करकेली जनपद पंचायत के अंतर्गत आता है। यहां घर में अपनी मां के साथ सो रहे चार साल के मासूम बच्चे को सुबह चार बजे के करीब अचानक तेंदुआ उठाकर ले गया। जहां बच्चे के रोने और फिर उसके परिजनों के जागने के उपरांत काफी हो हल्ला मचाने पर तेंदुआ बच्चे को छोड़कर भाग खड़ा हुआ, जिससे मासूम बच्चे की जान बच सकी है। तेंदुआ के हमले से मासूम बच्चे की सिर और शरीर में गंभीर जख्म हो गए। आनन-फानन में गंभीर हालत में मासूम बच्चे को इलाज के लिए पहले करकेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका प्राथमिक उपचार कर उमरिया जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

## तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने ली चार मवेशियों की जान

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के बटुरा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बेजुबान जानवरों को रौंद दिया। जिसमें चार मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई है। दो मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, जैसे ही मामले की जानकारी गौ सेवकों को लगी तो कुछ युवक वहां पहुंचे और विरोध करने लगे। वहीं ट्रक को स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया गया। स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को मामले की शिकायत की गई। ट्रक चालक के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि अमलाई थाना क्षेत्र के बटुरा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक बुढार से अनूपपुर की ओर जा रहा था, तभी हाईवे पर बैठे मवेशियों को ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रौंद दिया। जिसमें सड़क पर बैठे चार मवेशियों की मौके पर मौत हो गई और दो मवेशी गंभीर घायल हो गए।

घायल मवेशियों को स्थानीय लोगों ने पशु अस्पताल पहुंचाया, जहां घायल मवेशियों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ट्रक क्रमांक एमपी 19 एच ए 8789 के चालक के विरुद्ध धारा 279 429 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।शिकायत पर ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर ट्रक को थाने में सुरक्षित खड़ा करा लिया गया है और आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

## हाथियों के झुंड ने ग्रामीण के घर पर किया हमला

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जैतहरी तहसील के ग्राम पंचायत गोबरी में स्थित एक आदिवासी वृद्धा के घर पर हाथियों के समूह ने चार बार हमला किया। हमले से पूरा घर तहस-नहस हो गया। घर में रखा अनाज और अन्य वस्तुओं को हाथियों ने अपना आहार बनाया। वहीं खेत में लगी फसल को बुरी तरह नष्ट कर दिया। वृद्धा के रहने का ठिकाना ना होने पर एसडीएम जैतहरी के निर्देश पर उसे परिवार के 8 सदस्यों के साथ ठेगरहा स्कूल में आश्रय दिया है। वहीं एसडीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव ने उचित मूल्य दुकान से उसके परिवार को खाने के लिए खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया।

### स्कूल में रहने को मजबूर परिवार के 8 सदस्य

पांच हाथियों का समूह विगत कई दिनों से वन परीक्षेत्र एवं जैतहरी तहसील के ग्राम पंचायत गोबरी के जंगलों में डेरा डाले हुए है। इस बीच ग्राम पंचायत गोबरी के भदराटोला निवासी वृद्धा सूरजकली सिंह पति बाबूलाल सिंह (60) जो अपने पति एवं 2 पुत्र, 2 पुत्रवधू एवं दो नाती के साथ मकान रह रही थी। चार बार हाथियों के समूह ने हमला कर घर को पूरी तरह तहस-नहस करते हुए घर के अंदर रखें आटा, चावल, धान और अन्य सामग्रियों को खा लिया एवं फैला दिया। वहीं खेतों में लगी धान की फसल को खा कर नष्ट कर दिया। इसके कारण सूरजकली के पास रहने तक की जगह नहीं होने के कारण जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत गोबरी सरपंच एसडीएम जैतहरी को जानकारी दी। इस पर अंजलि द्विवेदी एसडीएम जैतहरी के निर्देश पर सरपंच, सचिव ने हाथियों के कहर से पीड़ित वृद्धा सूरजकली को शासकीय उचित मूल्य दुकान गोबरी के संचालक अशोक द्विवेदी से निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया।

## रीवा स्टेशन पर नान इंटरलॉकिंग कार्य के लिए मेगा ब्लॉक, कई रेलगाड़ियां निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मण्डल के रीवा स्टेशन पर नई रेललाइन, प्लेटफॉर्म लाइन, पिट लाइन, कोचिंग कॉम्प्लेक्स लाइन एवं साइडिंग जैसे अधोसरंचना कार्यो के चलते 3 अगस्त से 25 अगस्त 2023 तक प्री एनआई/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है, जिसके परिणाम स्वरूप इस स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली कुछ रेलगाड़ियों को निरस्त एवं जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस को हिनौता रामबन रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है।

गाड़ी संख्या 01751 रीवा-पनवेल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 7 अगस्त से 21 अगस्त के मध्य तथा गाड़ी संख्या 01752 पनवेल-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 8 अगस्त से 22 अगस्त के मध्य 03-03 ट्रिप निरस्त।

गाड़ी संख्या 02185/02186 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 5 अगस्त से 19 अगस्त के मध्य 03-03 ट्रिप निरस्त।

गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 3 अगस्त से 24 अगस्त के मध्य तथा गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 4 अगस्त से 25 अगस्त के मध्य 04-04 ट्रिप निरस्त।

गाड़ी संख्या 11703 रीवा-डॉ.अम्बेडर नगर त्रि-साप्ताहिक ट्रेन 3 अगस्त से 24 अगस्त के मध्य तथा गाड़ी संख्या 11704 डॉ.अम्बेडर नगर-रीवा त्रि-साप्ताहिक ट्रेन 4 अगस्त से 25 अगस्त के मध्य 10-10 ट्रिप निरस्त।

गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी त्रि-साप्ताहिक ट्रेन 4 अगस्त से 25 अगस्त के मध्य तथा गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा त्रि-साप्ताहिक ट्रेन 5 अगस्त से 26 अगस्त के मध्य 10-10 ट्रिप निरस्त।

गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस प्रतिदिन 2 अगस्त से 24 अगस्त के मध्य तथा गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस प्रतिदिन 3 अगस्त से 25 अगस्त के मध्य 23-23 ट्रिप निरस्त। इसके अलावा भी कई गाड़ियां निरस्त की गई हैं।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888, 4069889
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER
RS. @ 90/- VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS
MISSION IMPOSSIBLE 01:15 PM
BRO IN TELUGU 08:15 PM
BARBIE IN ENGLISH 10:30 AM 03:45 AM
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI 10:00 AM 11:15 AM 12:45 PM 02:15 PM 03:45 PM 05:15 PM 07:00 PM 08:00 PM 09:15 PM 10:15 PM 10:55 PM
OPPENHEIMER IN ENGLISH 10:00 AM 04:15 PM 10:55 PM IN HINDI 06:00 PM
SATYAPREM KI KATHA 01:00 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 90
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 92
छोटा ब्रॉयलर - रु. 96
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 100
मुर्गा मीडियम - रु. 96
मुर्गा बड़ा - रु. 94
मुर्गा जम्बो - रु. 94
मो.-9039925000, 9425800409

गरबा स्वीट्स
INVITE YOU TO JOIN US AS WE CELEBRATE OUR
GRAND OPENING
3 AUGUST 2023
STADIUM COMPLEX IN FRONT OF BSNL EXCHANGE PARASIA ROAD CHHINDWARA